

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 06 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 16 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## हमास को मिटाने का इरादा, गाजा पर जमीनी हमले को तैयार इजरायली सेना



यरुशलम. इजरायली सेना गाजा पट्टी पर एक बड़े जमीनी हमले के लिए ह्यराजनीतिक निर्णयह्व का इंतजार कर रही है. सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी ऐसे समय में दी है, जबकि नागरिकों ने गाजा के हजारों लोग उत्तरी इलाके को तेजी से खाली करने की कोशिश में हैं. इजरायल की सेना ने 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा को खाली करने का आदेश दिया है. हजारों लोग रविवार को भी सुरक्षा की तलाश के लिए इजरायल द्वारा बताए गए सुरक्षित मार्गों का इस्तेमाल कर रहे थे.

इजरायल को संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों के दबाव का सामना करना पड़ा है कि जब तक नागरिकों को वहां से निकलने का पूरा मौका नहीं दिया जाता तब तक वह गाजा पर किसी भी तरह का हमला ना करे. हालांकि, सेना ने यह नहीं बताया है कि सुरक्षित मार्ग को कब तक बंद किया जाएगा.

इस बार के संघर्ष में 1,300 से अधिक इजरायली मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हमास के सात अक्टूबर के हमले में मारे गए. 1973 में मिस्र और सीरिया के साथ हुए संघर्ष के बाद से यह इजरायल के लिए यह सबसे घातक युद्ध है. सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट रिचर्ड हेचट और डैनियल हागारी ने रविवार को अलग-अलग ब्रीफिंग में बताया कि ह्यएक राजनीतिक निर्णयह्व हमास के खिलाफ कोई भी कार्रवाई शुरू कर देगा.

## प्रत्येक व्यक्ति को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए: सुरेंद्र सिंह नागर

### राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सचिव ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ



नोएडा। रविवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा का शुभारंभ पूजा पाठ के बाद राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सचिव भाजपा सुरेंद्र सिंह नागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा नोएडा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता भी मौजूद रहे। रामलीला पूजन एवं शिवजी द्वारा माता पार्वती को राम कथा सुनने आदि लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह नागर ने रामलीला में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए। और हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महाराजा रावण भी कितना बल साली था, लेकिन वह जैसे ही गलत दिशा में चला उसका गलत परिणाम उसे भुगतना पड़ा।

**उन्होंने कहा कि रविवार से दशहरा तक आयोजित की जाने वाली लीला का पूरा मंचन धर्म व अधर्म के बीच लड़ाई की शुरूआत से होता है।**

इस अवसर पर भाजपा नोएडा महानगर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि दशहरा का पर्व हम सभी सीख देता है ,क्योंकि इसमें अच्छाई और बुराई के क्या परिणाम होते हैं यह दिखाया जाता है।

**उन्होंने कहा कि रामलीला को पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है।**

इस अवसर पर श्री राम लखन धार्मिक लीला समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने अपने कमेटी के सदस्यों के साथ राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने गणेश पूजन एवं शिव जी द्वारा माता पार्वती को राम कथा सुनाना, नारद का आकाश में भ्रमण एवं हिमाचल की गुफा में बैठकर तय करना, साथ ही अप्सराओं एवं कामदेव का आना एवं नृत्य करना अंत में कामदेव का नारद मुनि के चरणों में गिरकर क्षमा मांगना, यह सब सुनने के लिए नारद जी का शिव जी के पास जाना, और शिव के द्वारा अन्य देवों से इस बात की चर्चा न करने का सुझाव रामलीला मंचन में किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विकास बंसल अध्यक्ष अग्रवाल मित्र मंडल, नरेश कुचछल अध्यक्ष व्यापारी प्रतिनिधि मंडल नोएडा, वी के राणा अध्यक्ष सैक्टर 46 आर डब्लू ए नोएडा, योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष फोनरवा, डॉ मनोज अग्रवाल अध्यक्ष लायंस क्लब दिल्ली नोएडा के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिरजा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, संजय गोयल, आलोक गुप्ता ,गौरव कुमार, रामवीर यादव, अशोक गोयल, विकास बंसल, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल , कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, राजीव जैन, राहुल गुप्ता, तेजिंदर मलिक, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश सरकार से "मांगो आम तो मिलते है ईमली"

**समाज जागरण डेस्क नोएडा ।।**




एक बड़ी कहावत है ह्ममांगो आम तो मिलते है ईमलीह्व कुछ ऐसा ही चरितार्थ आजकल नोएडा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश सरकार की है। एक आईजीआरएस के तहत यूपी सरकार से सार्वजनिक जगहों के बारे मे जानकारी मांगी गयी थी तो नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण को रोस्टर के तहत हटाने की बात कही है।

बताते चले कि एक आईजीआरएस संख्या 60000230183062 के तहत जानकारी चाही गयी कि आखिर यूपी सरकार किसे सार्वजनिक स्थल मानती है और किसे नही। नोएडा सोमबाजार के उदाहरण देते हुए प्रार्थी ने लिखा था कि आखिर जिस बाजार मे नित्य हजारों के संख्या मे लोग आते है उसे प्रदेश के योगी सरकारी सार्वजनिक नही मानती है और उसी बाजार मे देशी और विदेशी दोनों ही शराब के ठेके है क्योंकि सरकार को पैसे चाहिए। इसके अलावा नोएडा सेक्टर 43 स्ट्रैलर ग्रीन पार्क के नाम भी दिए गए थे जो दो बड़ी आबादी वाले गाँव के बीच मे एक पार्क होने के कारण बड़ी संख्या मे लोग सुबह शाम योगाभ्यास तथा कसरत करने आते है। लेकिन पार्क के चारों तरफ बीड़ी सिगरेट गुटखा के दुकान अवैध रूप से लगे हुए है। या कहे तो प्राधिकरण और पुलिस के मर्जी से है। क्या इन दोनों जगहों को उत्तर प्रदेश सरकार सार्वजनिक स्थल नही मानती है अगर मानती है तो फिर भट्ठे बाजार मे शराब का ठेका और पार्क के मुख्य गेट से लेकर चारो तरफ पान बीड़ी गुटखा का दुकान का औचित्य क्या है ?

### इसके जबाब मे नोएडा प्राधिकरण ने

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शराब के ठेके की अनुमति जिला प्रशासन स्तर पर दी जाती है एवं उक्त मार्ग पर खड़े अवैध वेंडरों को वर्क सर्किल 3 के रोस्टर के अनुसार प्रत्येक सप्ताह अतिक्रमण उन्मूलन की कार्यवाही के दौरान हटाने की कार्यवाही की जाती रहती है।

### नोएडा प्राधिकरण और उसके रोस्टर

नोएडा प्राधिकरण और रोस्टर से होने वाली कार्यवाही के लिए कोई वेंडर इंतजार तो करेगा नही। दूसरी बात किसी भी कार्यवाही होने से पहले ही नोएडा प्राधिकरण के ही स्टाफ उन्हे सूचित कर देते है बदले मे उनको मेहनताना मिलते है। नोएडा सेक्टर 42 शनि मंदिर के पास बीच सड़क पर 5 बजे के बाद मे फलों के अवैध मंडी लगते है जिसके कारण सड़क जाम रहती है और सेक्टर 46 के तरफ मुड़ने वाली गाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नोएडा थाना सेक्टर 39 की दूरी मात्र दो किलोमीटर है और यही पर प्राधिकरण के ऑफिस भी है। नोएडा सेक्टर 45 की चौकी यहाँ से मात्र 300 मीटर की दूरी पर है, नोएडा सेक्टर 49 की थाना मात्र 500 मीटर की दूरी पर है और नोएडा सेक्टर 43 की पुलिस चौकी मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। अगर प्राधिकरण ऐसे ही रोस्टर के तहत अभियान चलाती रही और पुलिस ऐसे ही अनदेखी करती रही तो वो दिन दूर नही जब नोएडा स्मार्ट सिटी नही बल्कि सबसे अधिक अतिक्रमण वाली शहर के लिस्ट मे टॉप पर होगा। खैर प्रार्थी को अब भी इंतजार है कि उत्तर प्रदेश सरकार यह बताए कि सार्वजनिक जगह के लिए क्या मानक तय किए गए है जहाँ पर शराब या नशे की सामान बेचने की किसी को भी इजाजत नही है।

## लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर झलकेगी काशी की संस्कृति और पहचान



**समाज जागरण वाराणसी**

**वाराणसी** के लाल बहादुर शास्त्री बाबतपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक्सपेंशन डिजाइन का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। यह नया लुक कई बड़े विकसित देशों के एयरपोर्ट की तरह बिलकुल हाईटेक लगा रहा है। बाबतपुर एयरपोर्ट के एरिए को 3 गुना ज्यादा तक बढ़ाकर एक हजार करोड़ की लागत से 2024 तक डेवलप किया जा जाएगा।




एयरपोर्ट की पहली मंजिल पर बस लाउंज और डिपार्चर एरिया, अराइवल कॉरिडोर, यात्रियों के रहने और बेबी केयर एरिया, पुलों से जुड़ी बिल्डिंगें, 5 एयरोब्रिज, पुराने टर्मिनल से जोड़ने के लिए फ्लाईओवर, छत का स्ट्रक्चर तरंगों और कैनोपी की तरह से हैं। लाउंज एरिया में काशी का अक्स दिखेगा।

गंगा घाट, पंडों की छतरियां, मंदिरों के घंटे-घड़ियाल, बेल पत्र के पेड़ और उसपे लिखे श्लोक, सीलिंग्स पर बनारसी साड़ी की डिजाइन आदि भी दिखाई गई है। वहीं, एयरपोर्ट की दीवारों का ऊपरी हिस्सा (आर्क) सारनाथ के प्रतीक की डिजाइन का है।

वाराणसी के बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर न्यू इंटीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे और एयर स्ट्रीट वाइडेनिंग एक्सपेंशन के लिए अगले 2 महीने में 350 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। जिसके लिए 1 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

### क्रिएटिव ग्रुप ने एयरपोर्ट का डिजाइन बनाया है

एयरपोर्ट का विस्तार 50 हजार 600 स्कॉयर मीटर में होगा। अगले साल तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। क्रिएटिव ग्रुप नाम की कंपनी को ये एयरपोर्ट डेवलप करने का काम दिया गया है और क्रिएटिव ग्रुप ने ही ये तस्वीरें जारी की हैं। इस डिजाइन को मुख्य रूप से आर्किटेक्ट प्रो. चरणजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह ने तैयार किया है।

### वेंटिलेशन ऐसा कि आर्टफिशियल लाइट नहीं बनेगी बोझ

बिल्डिंग में वेंटिलेशन के लिए पॉलीकाबोर्नेट शीट्स और ऋक्कअ-रेटेड हाई परफॉर्मेंस डबल ग्लेज्ड ग्लास लगाए जाएंगे। इससे यह फायदा होगा कि नेचुरल लाइट ज्यादा से ज्यादा आए और आर्टफिशियल लाइट की जरूरतों को कम किया गया है। यह यात्रियों की जरूरत के अनुसार ही उपलब्ध होगी।

### 3P डिजाइन की होगी बिल्डिंग

वाराणसी हवाई अड्डे के डिजाइन को 3ढ नाम यानी कि पब्लिक, परपज और प्लेस दिया गया है। काशी की संस्कृति की पूरी झलक यहां पर देखने को मिलेगी। यात्रियों के लिए रास्ता ढूंढने में आसानी के लिए ग्रेनाइट फर्श को खास रंग से तैयार किया जाएगा। टर्मिनल बिल्डिंग के हर कर्व पर नई मूर्तियां लगाई जाएंगी। ग्रीनरी भी रहेगी। दीवारों पर कल्चरल डायवर्सिटी को दिखाया जाएगा। छतरियों और मेटल चादरों पर बनारसी साड़ी पैटर्न की डिजाइनिंग होगी।

### हर साल 27 लाख यात्री आते हैं

लाल बहादु शास्त्री एयरपोर्ट पर हर घंटे एक हजार 50 लोग यात्रा के लिए आते हैं जबकि हर साल 27 लाख यात्री इस एयरपोर्ट पर आते हैं। वहीं लगभग 60 फ्लाइट बाबतपुर एयरपोर्ट पर आती जाती

## गाजा पर आक्रमण किया तो...

## ईरान की इजरायल को चेतावनी, पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में फैल सकती है जंग



तेहरान. ईरान ने चेतावनी दी कि अगर इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा अपेक्षित जमीनी कार्रवाई से पहले इजरायल ने गाजा पर हमला किया तो हालात बेकाबू हो जाएंगे और स्थिति पर नियंत्रण की "कोई गारंटी नहीं दे सकता". ईरान के विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री हुसैन अमीरबदोल्लाहियान के हवाले से कहा, "अगर गाजा के आम नागरिकों के खिलाफ जायोनी शासन (इजरायल) के हमले जारी रहते हैं, तो कोई भी स्थिति पर नियंत्रण और संघर्षों के विस्तार की गारंटी नहीं दे सकता है." कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ रविवार को मंत्रिस्तर की बैठक के दौरान ये टिप्पणियां की गईं.

यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से इजरायल को एक निजी संदेश भेजा है कि अगर इजरायल गाजा में अपना सैन्य अभियान जारी रखता है तो वह हस्तक्षेप कर सकता है. तेहरान ने गाजा पर इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की बमबारी नहीं रोकने पर "दूरगामी परिणाम" की चेतावनी दी.

ईरान के विदेश मंत्री ने शनिवार को भी इजरायल से गाजा पर अपने हमले रोकने का आह्वान किया था और चेतावनी दी थी कि अगर हिजबुल्लाह लड़ाई में शामिल हुआ तो युद्ध पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में फैल सकता है और इससे 'इजरायल को बड़े भूकंप का सामना करना पड़ सकता है.' उन्होंने बेरूत में कहा कि लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने युद्ध के सभी परिदृश्यों को ध्यान में रखा है और इजरायल को जल्द से जल्द गाजा पर अपने हमले बंद करने चाहिए. इजरायल, हिजबुल्लाह को तत्काल में अपना सबसे प्रमुख खतरा मानता है, अनुमान है कि उसके पास लगभग 150,000 रॉकेट और मिसाइलें हैं, जिनमें सटीक-मारक क्षमता वाली मिसाइलें भी शामिल हैं, जो इजरायल में कहीं भी मार कर सकती हैं. हिजबुल्लाह के पास सीरिया के 12 साल के संघर्ष में भाग लेने वाले हजारों प्रशिक्षित लड़ाके और विभिन्न प्रकार के सैन्य ड्रोन भी हैं.

दक्षिणी इजरायल पर 7 अक्टूबर को ईरानी प्रॉक्सी समूह हमास के हमले से शुरू हुए युद्ध में अब तक 1,300 से अधिक इजरायली नागरिक और सैनिक मारे गए हैं, जबकि 150 से अधिक को बंधक बना लिया गया. यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली जवाबी हवाई हमलों में गाजा में लगभग 2,300 फिलिस्तीनी मारे गए हैं. आईडीएफ हमास को जड़ से खत्म करने पर जोर दे रहा है.

## अफगानिस्तान ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को चौंकाया

**समाज जागरण**




नई दिल्ली. कहते हैं क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है. आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के 13वें मैच में बहुत बड़ा उलटफेर देखने को मिला. अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हराकर विश्व कप के इतिहास में बड़ा उलटफेर किया. हैरी ब्रुक को छोड़कर अफगानिस्तान के गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बैटर्स आसानी से घुटने टेक दिए. ब्रुक ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सके. अफगानिस्तान की 3 मैचों में यह पहली जीत है जबकि इंग्लैंड की 3 मैचों में यह दूसरी हार है.

जोस बटलर की ओर से पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुआई वाली अफगान टीम ने 49. 5 ओवर में 284 रन बनाए. जवाब में बटलर एंड कंपनी 215 रन पर ढेर हो गई. हैरी ब्रुक ने इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 66 रन बनाए. उन्हें मुजीब उर रहमान ने बोल्ड किया. इंग्लैंड की ओर से डेविड मलान ने 32 रन बनाए जबकि जो रूट 11 रन बनाकर आउट हुए वहीं लियाम लिविंगस्टोन और सैम करेन ने 10-10 रन की पारी खेली. कप्तान जोस बटलर 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे. आदिल राशिद ने 20 रन की पारी खेली. अफगानिस्तान की ओर से युवा स्पिनर मुजीब उर रहमान और राशिद खान ने एक समान 3-3 विकेट चटकाए.

# अच्छी खबरों पर बुरी खबरों का साया

**दैनिक समाज जागरण**

देश में अक्सर अच्छी खबरों को जगह नहीं मिलतीं । बुरी खबरें सुर्खियों में रहतीं हैं। इसीलिए मै हमेशा से कहता हूँ कि अच्छी खबरों को बुरी खबरों की 'बुरी नजर ' से बचाइए। इजराइल-फिलिस्तीन के युद्ध औरभारत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों ने दो अच्छी खबरों को सुर्खी बनने से रोक दिया,हालाँकि अच्छी खबरें अपनी अच्छे की वजह से लोगों के दिलो-दिमाग पर छायी रहतीं हैं। पहली अच्छी खबर थी कि भारत ने क्रिकेट में पकिस्तान को आठवीं बार धुल चटकार विश्वकप हासिल कर लिया। दूसरी अच्छी खबर ये है की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी कविता इस बार पूरे गुजरात में 'गरबो /गीत के रूप में लोगों को नचाएगी।

देश को अक्सर शिकायत रहती है कि प्रधानमंत्री जी ने पहले प्रधानमंत्री की तरह 'डिस्कवरी आफ इंडिया ' जैसी कोई किताब नहीं लिखी। ऐसे लोगों को मै बताना चाहता हूँ कि भारत में किताब लिखना प्रधानमंत्री बनने की कोई अनिवार्य शर्त नहीं है । नेहरू जी को लिखना-पढ़ना आता था,भाता था सो उन्होंने किताब लिख दी। मोदी जी को लिखना-पढ़ना दोनों आता है लेकिन उनकी दिलचस्पी फालतू के कामों में नहीं है सो उन्होंने किताब नहीं लिखी । मोदी जी इतिहास लिखते हैं वो भी कागज पर नहीं बल्कि अपने दे० तुल्य पार्टी कार्यकताओं के दिल पर। ये काम वे भली भांति कर रहे हैं ,और यही सब करते हुए उन्होंने कविता भी लिखी ,जो आज पूरे गुजरात में गूँज रही है। वैसे मोदी जी कविताएं नहीं लिख रहे तो क्या हुआ? वे देश का भाग्य लिखने में व्यस्त हैं

मोदी जी की विशेषताओं के बारे में उन्हें के गोदी मीडिया ने न्याय नहीं किया। उन्हें पढ़ा-लिखा बताने के बजाय विदूषक बताने की कोशिश की गयी। मै इसके बिलकुल खिलाफ हूँ। भारत की क्रिकेट टीम ने जैसे पाकिस्तान को हराकर आठवीं बार विश्वकप जीता है उसी तरह मोदी जी ने दो बार आम चुनाव जीता । जी-20 का कामयाब सम्मेलन कराकर दुनिया का दिल जीता। मोदी जी मेरी नजर में दिल जीतने वाले चीते हैं

।उनका सम्मान किया जाना चाहए। जो उनका सम्मान नहीं करते वे सब राष्ट्रद्रोही है

मोदी जी में देवीय शक्तियां ही नहीं देवीय प्रतिभाएं भी है। जैसे उन्होंने गरबा गीत वर्षों पहले लिखा थ। लेकिन अपनी इस प्रतिभा को वे छिपाये रहे ।ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने वर्षों तक दुनिया से अपने विवाहित होने और बाद में रणछोड़ होने की खबर छिपाई थी । उन्हें छिपाने का बहुत शौक है वे अपनी डिग्रियों को भी वर्षों तक छिपाये रहे । ये तो बात जब अदालत तक पहुंची तब कहीं जाकर देश को पता चला मोदी जी के पास एन्टायर पॉलिटिक्स की डिग्री भी है। मोदी जी जितना छिपाना जानते हैं उतना ही उनका डंका बजाना भी जानते है। पुरे विश्व में आज भारत का डंका बज रहा है । अब आपको सुनाई नहीं देता तो कोई क्या करे ? मोदी जी को डंके के अलावा ताली,थाली,डमरू और शंख बजाना भी खूब आता है। नेहरू जी को किसी ने डंका ,शंख,डमरू,ताली,थाली बजाते या बजवाते देखा है । डंका बजाना मोदी जी की सौम्यता व्यक्तिगत प्रतिभा है लेकिन बजवाना उस्ताद होने का प्रमाण । मोदी जी इस लिहाज से उस्ताद हुए । मान गए उस्ताद !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 14 अक्टूबर को उनके सालों पहले लिखे गए एक गरबा को गायिका ध्वनि भानुशाली और तनिष्क बागची ने आवाज दी है। पीएम ने इसके लिए ध्वनि, तनिष्क और उनकी म्यूजिक की टीम का शुक्रिया अदा किया। साथ ही लिखा कि मैंने पिछले कुछ दिनों में एक नया गरबा लिखा है और इसे नवरात्रि के दौरान शेयर करूंगा।मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में लिखा, वर्षों पहले मेरे लिखे एक गरबा की इस प्यारी संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम आपको धन्यवाद। इसने मेरी यादों को ताजा कर दिया।

मोदी जी के नाम में भी जादू है । उनके नाम पार बने स्टेडियम में भारत ने पाकिस्तान को हराकर क्रिकेट का विश्वकप जीता। यही मैच यदि फिरोज शाह कोटला मैदान में हुआ होता तो शायद ये जीत हासिल न होती। इस स्टेडियम में जैसे नारे लगे वैसे आपको कहीं सुनने को नहीं मिल सकते। मेरे ख्याल से जिस तरह से मोदी जी और उनकी सरकार ने नारियों की शक्ति की वंदना कानों बनाने के लिए संसद का विशेष सत्र आहूत किया था उसी तरह क्रिकेटरों की शक्ति का सम्मान करने के लिए संसद का विशेष सत्र आहूत किया जाये,भले ही कानून न बनाया जाये। क्योंकि पाकिस्तान को रोंदना ,विश्वकप जीतना भारतीय क्रिकेट टीम की कम भारत की और भारत के प्रधानमंत्री जी की निजी जीत है । हमारे प्रधानमंत्री जी यदि प्रधानमंत्री न बने होते तो आप तय मानिये कि वे देश के लिए खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर या गरबा राइटर होते।देश उनके ऊपर नाज करता ही। कर ही रहा है।

भारत के अनेक प्रधानमंत्री कलाप्रेमी रहे है। वीपी सिंह तस्वीरें बनाते थे, कविताएं लिखते थे, अटल बिहारी बाजपेयी जी को भी कविताएं लिखने का शौक था । उन्होंने अपना तखल्लुस ' कैदी कविराय ' रखा था। उनकी कविताएं भी मोदी जी के गरबे की तरह गायीं और सराही गयीं। कैदी कविराय जी के साथ मंच साझा करने का नसीब तो अपने राम को भी मिला था। डॉ मन मोहन सिंह में ये प्रकृति प्रदत्त प्रतिभा नहीं थी। पीवहि नरसिम्हा राव अनेक भाषाओँ के ज्ञाता थे किन्तु कविताएं उन्होंने भी नहीं लिखीं। ' कविता लिखना उतना आसान भी नहीं जितना की सुबह-सुबह सूरज का उगना ।'मोदी जी कविता लिखने का कठिन काम करते थे। मुमकिन है की जब उन्हें 18 घंटे काम करने की चौकीदारी से फुरसत मिले तो वे स्वयं कविताएं लिखने बैठ जाएँ। अब ये देश की जनता के ऊपर है की वो मोदी जी को अवकाश देती है या नहीं ?

मुझे कभी -कभी लगता है कि मोदी जी को इजराइल जाना चाहए था। वे अब तक इजराइल क्यों नहीं गए जबकि इजराइल के पंत प्रधान मोदी जी के निजी मित्र हैं। वे संकट में है। उन्हें दुनिया के समर्थन की जरूरत है मोदी जी जब अपने मित्र डोनाल्ड ट्रैम्प के लिए मदद करने अमेरिका जा सकते हैं तो क्या इजराइल नहीं जा सकते ? जा सकते हैं। उन्हें जाना चाहिए ? इजराइल न जाकर उनका यश बढ़ेगा ही ,कम तो बिलकुल नहीं मोदी जी की उदारता है जो वे भारत में इजराइल के खिलाफ जुलूस निकालने दे रहे है। वे लोकतंत्र में यकीन रखते हैं लेकिन उनका यकीन मैदानों में ही फलता-फूलता नजर आ रहा है। मोदी जी को लोकतंत्र विरोधी कहने वाले नादान हैं।

ये है मोदी का लिखा गरबा

**ङ्क**ङ्क**

गाय तेनो गरबो ने झीले तेनो गारबो, गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे।

घूमे तेनो गरबो तो झूमे तेनो गरबो, गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे। सूर्य चंद्र गरबो ने ट्रैक्टुओ पैन गरबो, गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे। तंदु डोलावे ने, मनादु जुमावतो सवने रे गमतो गरबो रेडियारी रातो मैं लगाय रेडियमनो रामतो ने भामतो गरबो... के घुमतो.. हे हया हा, हे हया हा. ओहू हू हू हू हू

दिवस पान गरबो ने रात पान गरबो गरबो गुजरात नी गरवी मिरात छे। संस्कृति गरबो ने प्रकृति गरबो वंसदि छे गरबो, मोरपींच गरबो गरबो मति छे, गरबो सहमती वीरनो ए गरबो, अमीरनो ए गरबो। काया पान गरबो ने जीव पान गरबो, गरबो जीवन नि हलवी निरात छे।

गरबो सती छे ने गरबो गति छे गरबो नारी नी फूल नी बिछात छे। तंदु डोलावे ने, मनादु जुमावतो सवने रे गमतो गरबो रेडियारी रातो मैं लगाय रेडियमनो रामतो ने भामतो गरबो... के घुमतो.. गरबो तो सत छे ने गरबो अक्षत छे गरबो माताजिनु कंकु रदियात छ।

अव्व मा गरबो, स्वभाव मा गरबो भक्ति चे गरबो, हां शक्ति चे गरबो।

बॉलिवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने इस गरबा गीत के लिए ढट मोदी की तारीफ करते हुए पर लिखा- कितना सुंदर है, चाहे अटल जी की कविताएं हों या नरेंद्र मोदी जी के गाने और कहानियां कहने की बात हो। हमारे इन महान नायकों को कला में डूबे हुए देखकर खुशी होती है। नवरात्रि 2023 गरबा। सभी कलाकारों के लिए प्रेरणादायक।

**@ राकेश अचल**

## साहित्यकार व मीडिया विमर्श

साहित्य व कविता लेखन कार्य
ना तो महफि ल सजाना होता है,
और न कोई कवि सम्मेलन का
आयोजन करना मात्र होता है।

साहित्यकार का स्तर मनोरंजन
का सामान जुटाना नहीं होता है,
वोटों की राजनीति का ना तो वह
ग्राहक है, न आगे- पीछे चलता है।

सच्चाई यह है कि वह स्वयं एक ऐसी
मशाल है जो इनको मार्ग दिखाती है,
उसका विमर्श तटस्थता आधारित है,
स्वार्थहीन, सामाजिक व देश हित है।

मीडिया विमर्श आज के जैसा
साहित्यकार का नहीं होता है,
जो है जैसा है उसकी मयार्दा,
हर साहित्यकार, कवि रखता है।

दिनप्रति की खुदरा महँगाई अब
जनता को आसमान दिखलाती है,
और हमारी मुद्रा की गरिमा देखो,
पाताल लोक को जाती दिखती है।

भारत मना रहा अब अमृतकाल है,
भारत की जनता बदहाल त्रस्त है,
पर हिम्मत नहीं मीडिया वालों की,
कि कह दें जनता का बुरा हाल है।

करोड़ों की संख्या में जिसका
प्रसारण हर दिन हो जाता है,
प्रशासनतंत्र से मात्र उसे ही,
सारा विज्ञापन मिल जाता है।

आदित्य चाटुकारिता भी हद तक
समाचार पत्र शासन की करते हैं,
सही को सही, गलत को गलत कहने
की भी वह कोई न क्षमता रखते हैं।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य
लखनऊ

# खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर होता भारत

**दैनिक समाज जागरण**

एक समय था जब भारत अपनी खाद्यान्न आपूर्ति के लिये दूसरे देशों की दया पर निर्भर था। हमारे पास न उस समय कृषि के साधन थे, और न ही उन्नत तकनीक थी। फलतः आज का वही कृषक पहले अपनी कृषि से वैसा उपज नहीं प्राप्त कर पाता था, जैसा कि आज वह प्राप्त कर रहा है। आज कई मायनों में भारत खाद्यान्नों के मामले में अब आत्म निर्भर हो चुका है। इस संबंध में समाजशास्त्रियों का भिन्न-भिन्न मत है। कुछ कहते हैं कि ये ठीक है कि आज हम खाद्यान्न उपज के मामले में पूर्व से बहुत बेहतर हैं, पर आज हमारी जनसंख्या भी तो बहुत बढ़ गई है, जिससे हमारी खाद्यान्न उत्पादन की बढ़ी हुई क्षमता तो जैसी की तैसी ही रह गई अर्थात हम जहाँ पहले वे आज भी वहीं है कोई परिवर्तन नहीं है। जबकि दूसरे मत के समाजशास्त्री कहते हैं कि भारत में जनसंख्या की वृद्धि हुई है, यह सही बात है। पर इस तथ्य को भी हमें नहीं भूलना चाहिये कि यहाँ अब श्रम करने वाले हाथ भी तो उतने ही बढ़ गये हैं जो खाद्यान्न उत्पादन के लिये आवश्यक है। अर्थात जहाँ कम क्षेत्रफल में कम हाथों (श्रमजीवी किसान) द्वारा जो कार्य किया जा रहा था बहुत सीमित एरिया सीमित मात्रा में था, वह अब असीमित होकर हमारी क्षमता को बेहतर और वृहत्तर बना रहा है।

वैसे दूसरा मत वास्तविकता के नजदीक जान पड़ता है, ऐसा मुझे लगता है। एक दिन मैं एक पुरानी पत्रिका "नवनीत" जो मई 1973 को प्रकाशित हुई थी, उसके पृष्ठ को पढ़ रहा था तो उसमें एक जगह सरकारी विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें लिखा था,...." कम अनाज खाइये "खाद्यान्नों के मूल्य कम करना आपके हाथ में है, गेहूँ चावल कम खाईये, सप्ताह में कम से कम एक बार बिना अनाज का "भोजन लीजिये।" उक्त विज्ञापन से साफ जाहिर होता है कि आज से कुछ वर्षों पूर्व हम खाद्यान्न के मामले में बहुत पीछे थे, हमारे यहाँ खाद्यान्नों जैसे गेंहू, चावल की

बहुत कमी थी ,तभी तो सरकार ने मजबूर होकर ऐसा विज्ञापन दिया रहा होगा। पर क्या आपने आजकल गत वर्षों में ऐसा कुछ विज्ञापन देखा है..? इसका जवाब होगा बिलकुल नहीं। इसका मतलब यही हुआ न कि अब हमारे यहाँ वैसी स्थिति नहीं है। जैसी पहले हुआ करती थी। अब तो यह स्थिति है कि अब हम चायपत्ती उत्पादन में विश्व में प्रथम चावल में द्वितीय, गेहूँ में, तीसरे एवं चीनी उत्पादन में द्वितीय ,कपास में द्वितीय स्थान पर है। देश में चावल का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य प. बंगाल एवं दूसरा आंध्र प्रदेश है, किंतु चावल की प्रति हेक्टेयर उपज पंजाब में सर्वाधिक है, मध्यप्रदेश आज देश में सोयाबीन का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा राज्य है। देश में मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम, तुअर में तथा अन्य दालों में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय और धान (चावल) में छठवाँ स्थान रखता है। किंतु प्रतिव्यक्ति औसत उत्पादन में पंजाब और हरियाणा के पश्चात तृतीय है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ की फसलें लगभग 83 प्रतिशत क्षेत्र में और रबी की फसलें मात्र लगभग 17 प्रतिशत क्षेत्र में बोई जाती हैं। विभिन्न खाद्यान्नों में कुछ क्षेत्र लगभग 82 लाख हेक्टेयर है, जिससे खाद्यान्न लगभग 71 लाख हेक्टेयर में और अन्य फसले लगभग 22 लाख हेक्टेयर में है। छत्तीसगढ़ में धान लगभग 37 लाख हेक्टेयर (कुल क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत), गेहूँ 16 लाख हेक्टेयर, ज्वार लगभग 9 लाख हेक्टेयर और दालें 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है, तिलहनें लगभग 14 लाख हेक्टेयर में तथा अन्य क्षेत्र में गन्ना, कपास आदि एसले बोई जाती है। उत्पादन की दृष्टि से सन 1988-89 में धान (चावल) 18.81, दाले 26.81, सोयाबीन सहित तिलहन 22.12 कपास 3.3, गन्ना 225 लाख मेट्रिक टन की पैदावार प्रदेश में प्राप्त की गई थी। सारे देश में उत्पादित चावल, गेहूँ, दालें, दलहन, कपास एवं गन्ने में सामान्यतःअविभाजित मध्यप्रदेश का योगदान 9, 11, 11, 8, 4, 7 प्रतिशत है। देश में अविभाजित मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम तुअर में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय चावल में छठवाँ स्थान रखता है ।

खाद्यान्न व्यवस्था में पशुधन भी एक महत्वपूर्ण सहयोग स्त्रोत है। पशु मूल्यवान प्रोटीन उपलब्ध कराने के अतिरक्त कृषि के कार्य और ग्रामीण परिवहन के लिये चलशक्ति प्रदान करते हैं। सन 1987 की पशु संगठनों के अनुसार अविभाजित मध्यप्रदेश में 4.63 करोड़ पंशु और 92 लाख कुक्कुट थे। सन 1988-89 में 47.64 लाख लीटर दुग्ध संकलन एवं 58.65 लाख लीटर का वितरण सिर्फ डेयरी विकास निगम के द्वारा प्रदेश में किया गया। इसी प्रकार बढ़ती हुई जनसंख्या, सीमित कृषि क्षेत्र तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार की दृष्टि से मछली उत्पादन का कार्य भी सहयोगी खाद्यान्न उत्पादन कार्य के लिये किया गया।

सरसरी तौर पर देखा जाये तो यह निश्चित है कि खाद्यान्न उत्पादन के मामले में हमारा देश एक सीमा तक आत्मनिर्भर हो चुका है। आज स्थिति यह है कि गेहूँ, चीनी हमारे यहाँ गोदामों में ठसाठस भरे पड़े हैं, उनके सुरक्षित रखने की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। पिछले वर्षों में गन्ना का रिकार्ड उत्पादन होने के कारण कृषकों को औने पौने दाम पर अपनी उपज बेचने पर मजबूर होना पड़ा था। यही कारण था कि चालू वर्ष में अधिकतर कृषकों ने गन्ने की उपज के बजाय दूसरे खाद्यान्नों की फसले ली। रिकार्ड उत्पादन के कारण हमारे यहाँ अभी भरपूर मात्रा में चीनी का स्टाक है (परंतु फिर भी न जाने किस नीति के तहत चीनी का बाहरी देशों जैसे बांग्लादेश आदि से आयात किया गया) पर .उसका उचित समय पर उपयोग नहीं होने से कृषक जगत में गलत संदेश जाता है। इसकी व्यवस्था को खासा ध्यान देना चाहिये।

प्रदेश में उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिये उनकी आर्थिक उन्नति हेतु विश्व खाद्य कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत श्रमिकों के पारिश्रमिक से निश्चित राशि काटकर उन्हें अनाज, दाल और खाद्य तेल वितरित किया जाता है। काटी गई राशि कल्याण निधि में जमा की जाती है। एशिया महाद्वीप में अपनी तरह की विशालतम वह योजना का बारहवां चरण आरंभ हो चुका है। इसके अंतर्गत चार वर्षों की अवधि में 150 करोड़ रुपये मूल्य के खाद्यान्न तेल तथा दाल का वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व विश्व खाद्य कार्यक्रम की योजना मजदूरों के कल्याण के लिये विश्व खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचित कल्याण निधि से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम में जनहित के कार्यों के अंतर्गत प्रदेश में अभी तक लगभग 813 डेम 193 शाला भवन 108 श्रमिक विश्राम स्थल तथा सामुदायिक भवन, 200 हेण्डपम्प, 335 कुँएँ, 80 झूलाघर, 156 ट्यूबवेल 218 गोबर गैस संयंत्र, लगभग 881 रपटें, लगभग 678 कि.मी. पहुँच मार्ग, 87 उद्वहन सिंचाई योजना, 106 आंगन बाड़ी एवं आदिवासी छात्रावास, 9 स्वास्थ्य केंद्र तथा 76 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण किया गया है। 14 एम्बुलेन्स क्रय की गई है, इसके अलावा 31 पशु शिविरों की भी स्थापना की गई है।

वर्तमान में पूरी दुनिया ये जान चुकी है कि भारत अब खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर एवं काफी तरक्की कर चुका है। पंजाब हरियाणा के कृषक तो अब बहुत आगे निकल चुके हैं। हमारे, गोदाम अब लबालब भरे पड़े रहते हैं। परंतु हमें यह देखकर निश्चित होने की कतई जरूरत नहीं है, हमें नित नए तकनीको को इस्तेमाल करने की जरूरत है जिससे के ऊपज और फसलें बढ़े जमीन की उर्वरा शक्ति भी आप बढ़ती रहें ।साथ ही उत्पादकता भी बढ़े। यह तो तय है कि हर आने वाला वर्ष अपने साथ बढ़ी हुई जनसंख्या को लेकर आएगा। तो इसके लिए हमें निश्चित तौर पर यह तैयारी करनी होगी कि हर पेट को अन्न मिले और खाद्यान्न की किसी भी प्रकार की कमी ना होने पाएं। वह इसके साथ हमें इसके लिए भी चौकन्ना रहना है कि आज के हमारे भारत देश की जनता के लिए हर पेट को भोजन मिल सके और सब की पूर्ति हो सके। इसके लिए इतना अनाज जिसे शीतकेंद्रों, अनाज गोदामों व अनाज केंद्रों में रखने की वैसी ही सुदृढ़ व्यवस्था का होना अत्यंत ही आवश्यक है। इसके लिए भारत के हर राज्य में हर जगह हर स्थान में एक निश्चित योजना के अनुरूप बड़े-बड़े खाद्यान्न गोदामों की श्रृंखला विभिन्न राज्य सरकारें एवं केंद्र सरकार सुंदर योजना बनाकर द्वारा तैयार किया जाना आवश्यक है। तभी तो हम करोड़ों मीट्रिक टन अनाजों को हम सुरक्षित और उपयोगी बनाकर रख सकेंगे। यह उतना ही आवश्यक तथ्य है जितना कि अनाज का उत्पादन और उसकी सुरक्षा ख्याल रखना उतना ही जरूरी है जितना कि उसका उत्पादन करना।



**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# भाजपा में मची टिकटों पर रार

**दैनिक समाज जागरण**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामो की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतार है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्ही सीटों पर मैदान में उतर है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है।

राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक है। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटो से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दिया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी है।

जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतर गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थको ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं।

अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। हालांकि भागीरथ चौधरी 2003 व 2013 में किशनगढ़ से विधायक रह चुके है। 2018 में उनका टिकट काट दिया गया था। फिर 2019 को उनको अजमेर से लोकसभा का टिकट दिया गया था और वह चुनाव जीत गए थे। झुंझुनू के सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार मंडावा से चार चुनाव लड़ चुके है। जिसमें वह दो बार हारे व दो बार जीते थे। 2018 में उन्होंने भाजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। मगर 2019 में उन्होंने सांसद बनने पर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

जालौर से लगातार तीन बार के सांसद देवजी पटेल को सांचौर से वन मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने मैदान में उतारा गया है। सांचौर से भाजपा एक बार 2003 में ही जीत पाई थी। सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने से वंचित टिकट दावेदारों में आक्रोश है। वहां सांसद के काफिले को लोगों ने बीच रास्ते में रोका व काले झंडे दिखाकर उनका विरोध जताया और काफिले के वाहनों पर पथराव किया जिससे दो से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस उग्र प्रदर्शन से घिरे सांसद देवजी पटेल ने जैसे-तैसे अपनी जान बचायी।

राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी हैं। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। किरोड़ीलाल मीणा 5 बार विधायक दो बार लोकसभा सदस्य व एक बार राज्यसभा सदस्य तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके। वह एक बार सवाई माधोपुर से विधायक भी रह चुके हैं। राजस्थान में भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी कि अध्यक्षता में एक कमेटी बनायीं है जो बागी प्रत्याशियों को समझाकर मनायेगी। इस कमेटी ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। भाजपा के कई बड़े नेता अलग-अलग जिलों में जाकर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर उन्हें समझा रहें है।

मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी, प्रहलाद सिंह पटेल को नरसिंहपुरी, फगन सिंह कुलस्ते को निवास विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। वही लोकसभा सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, प्रीति पाठक को सीधी, उदय प्रताप सिंह को गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर क्रमांक -1 से प्रत्याशी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में अब तक घोषित 136 प्रत्याशियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-मोनहता सीट से, सांसद गोमती सांय को पत्थलगांव, सांसद अरुण सांव को लोरमी से प्रत्याशी बनाया गया है। दुर्ग से सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से प्रत्याशी बनाया गया है। विजय बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे। वही आईएएस अधिकारी रहे ओपी चौधरी को रायगढ़ से व नीलकंठ टेकाम को केशकाल से प्रत्याशी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भी टिकट दी गई है। भाजपा अभी छत्तीसगढ़ में कमजोर मानी जा रही है जहां उनके पास मात्र 14 विधायक ही है। हिंदी भाषी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा की लिस्ट जारी होने के बाद कई सीटों पर पार्टी प्रत्याशी को बागियों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान में भाजपा से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे सात सांसदों को टिकट मिलते ही कांग्रेस या अन्य दलों के प्रत्याशी से पहले अपनी ही पार्टी के लोगों में उभर रहे विरोध से पार पाना होगा।। इनमें बड़ा नाम तिजारा से बाबा बालकनाथ, किशनगढ़ से भागीरथ चौधरी, सांचौर से देवजी पटेल है जो अपनों से ही घिर रहे हैं। बीजेपी मुख्यालय पर राज्यवर्धन गो बैक और विजय बैंसला के लिए बाहरी भगाओ देवली-उनियारा बचाओ के नारे लगे है। चुनाव में दीयाकुमारी को छोड़कर अन्य सांसदों का कड़ा इम्तिहान है। श्रीगंगानर, बांदीकुई, झुंझुनू, कोटपूतली, बानसूर, सुजानगढ़ समेत 10 सीटों पर ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्होंने भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ीसिंह बैसला के बेटे विजय बैंसला को देवली-उनियारा से कड़ी चुनौती मिल सकती है। उन्हें बाहरी बताकर विरोध शुरू हो गया है।

भाजपा में कुछ दिनों पूर्व ही घर वापसी करने वाले सुभाष महरिया को सीकर के लक्ष्मणगढ़ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सामने उतारा गया है। सहाड़ा से भाजपा प्रत्याशी लादूलाल पीतलिया के सामने कौन लड़ेगा यह तय नहीं है। हालांकि उपचुनाव में उन्होंने जो विरोध किया वह याद दिलाया जा रहा है। उन्होंने अमित शाह के नाम से धमकाने का आरोप लगाया था और कांग्रेस सरकार ने तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई थी। ये बातें अब पार्टी के अंदर और विधानसभा क्षेत्र में मुद्दा बन रही हैं।

**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । देश मे शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था तालीमी बेदारी के तत्वाधान में जनता के प्रेसिडेंट डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम साहब की जयंती 15 अक्टूबर को "नई शिक्षा नीति :एक आलोचनात्मक मूल्यांकन "विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व वाईस चांसलर प्रो डॉ तारिक मंसूर रहे। मुख्य अतिथि ने कलाम साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलाम साहब के सपनो को पूरा करने के लिए हम सब को जाति, धर्म से ऊपर उठकर समाज के हर तबके को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना होगा।कलाम साहब एक महान,निर्विवाद ,स्टेट्स मेन थे।वो हमेशा देश व समाज की बेहतरी को लेकर फिक्र मन्द रहते थे। नई शिक्षा नीति से देश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रन्तिकारी बदलाव होगा. देश प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक में बदलाव किये गए हैं. आर टी ई के दायरे को बढ़ाया गया हैं. दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी को भारत में यूनिवर्सिटी खोलने के मार्ग को आसान बना दिया गया हैं जिससे उच्च शिक्षा में व्यापक बदलाव के साथ विदेशों में शिक्षार्जन के लिए जाने वाले छात्रों में कमी आएगी।

उन्होंने अपने संबोधन में लड़के और लड़कियां दोनों की एक बराबर शिक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी मील का पत्थर साबित होगा। मातृभाषा में प्राइमरी शिक्षा बेहतर होती है। इससे भाषा की विविधता भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर पॉलिसी को लागू करना थोड़ा मुश्किल काम है, लेकिन नामुमकिन नहीं। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर शाहिद अख़्तर ने कहा कि न्यू एजूकेशन पॉलिसी आने वाले समय में देश को शैक्षिक, सामाजिक ओर तकनीकी रूप से मजबूत करेगा।

विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर साबरा हबीब ने कहा कि न्यू एजूकेशन पॉलिसी से बच्चों पर पढ़ाई का गैर जरूरी दबाव समाप्त हो जायेगा। प्रोफेसर रिहान खान सूरी ने उच्च शिक्षा में ड्रॉप आउट रेट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक गंभीर समस्या है. खासकर लड़कियां की ड्राप आउट समस्या ज्यादा है. घर से स्कूल की दूरी,माता पिता में जागरूकता का अभाव, समाजिक सुरक्षा आदि ड्राप आउट के प्रमुख कारण हैं ।

इसके अलावा प्रो राज कुमार, जावेद मलिक, काजी इमरान लतीफ, मंणीन्द्र मिश्रा, इरशाद अहमद अलीग, प्रो सऊदल हसन, डॉ मसीह आदि सेमिनार को सम्बोधित किया.

सेमिनार की अध्यक्षता प्रो राज कुमार ने व प्रभावी संचालन सगीर ए खाकसार ने किया।

सेमिनार में शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाले देश के प्रमुख विभूतियों व प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया गया.डा. मो. सादिर खां (गोंडा),डा. शाहिद (प्रयागराज),मलिक इशरत (हरदोई), अशफाक शाह (गोंडा), मतलूब खां (गोंडा), अकरम सिद्दीकी (लखनऊ), अहमद फरीद अब्बासी (सिद्धार्थनगर), डा. ए.के. मोगा (लखनऊ), डा. आसिम (उन्नाव), डा. एहसान खान (उतरौला), डा. शाहिद मलिक (प्रयागराज), गुलजार अहमद (मुरादाबाद), श्रीमती उजमा राशिद (चेयरमैन गोंडा), फरीजा मंसूरी (बाल चित्रकार, बस्ती),आदि को अपने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

तलीमी बेदारी के अध्यक्ष डॉ वसीम अख्तर, निहाल अहमद, हेसामुद्दीन अंसारी, मारूफ अहमद, मारूफ हुसैन, डॉ. आरिज कादरी, डॉ. इम्तियाज, रिजवान अंसारी, अंसार अहमद, कमरूल हसन, शारिब खां, शोएब अख्तर, शाहआलम बागी, नौसाबा मुमताज, कनीज फातिमा, सीमाब जफर, मारूफ अहमद, नवाज अख़्तर, खालिद चौधरी, नाहिद अकील आदि ने आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर, बुके देकर व साल ओढ़ाकर सम्मान किया। डॉ वसीम अख्तर ने आये हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और अकादमिक जगत के लोग मौजूद रहे।

# सत्य *अहिंसा एवं क्षमता के साथही विश्व शांति कायम रह सकती है उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

## धूमधाम से मनाया गया छमवादी पर आचार्य विशद सागर जी महाराज एवं सर्व समाज के साथ

**संवाददाता समझ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । सीएमएस ऑडिटोरियम गोमती नगर में सभा का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दीप प्रज्वलन एवं चित्र अनावरण के साथ किया और अपने वक्तव्य ने कहा कि जैन समाज सबसे प्राचीन एवं सबसे उत्कृष्ट समाज एवं धर्म है इनके द्वारा अहिंसा एवं सत्य का प्रचार प्रसार किया जाता है एवं कार्यक्रम में शहर की मेयर साहिब माननीया सुषमा खर्कवाल नेवी क्षमा वाणी की उपयोगिता एवं महत्वता पर प्रकाश डाला एवं उनका सम्मान महिला समाज द्वारा किया गया ।



एडवोकेट हरिशंकर एवं एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि जैन हिंदू सिख इसाई सभी मजहब एक हैं और उन्होंने बताया कि जो कुतुब मीनार के बाहर यह लिखा है कि 27 जैन मंदिरों को तोड़कर कुतुब मीनार बना है उसके लिए भी उन्होंने कोर्ट मे मुकदमा कर रखा है ।

उन्होंने आगे यह कहा कि सभी स्कूलों में जैन धर्म की भी पढ़ाई एवं उनके मूल सिद्धांतों के बारे में बच्चों को पढ़ना चाहिए ताकि लोग अहिंसक बने और अहिंसा से ही किसी को भी जीता जा सकता है जैन धर्म में अहिंसा एवं क्षमा भाव को बहुत ही महत्व दिया गया है जिसका सभी लोगों को पालन करना चाहिए।

संदीप बंसल ने अपने वक्तव्य में कहा कि जैन धर्म में सूर्यास्त पूर्व भोजन करने की विधि बहुत ही उपयोगी एवं वैज्ञानिक विधि है और इसको जैन धर्म के लोग बखूबी निभाते हैं एवं इसे बहुत सी बीमारियां नहीं होती हैं आज इस सिद्धांत को बड़े से बड़े डॉक्टर भी सभी को बताते हैं ।एवं अन्य धर्म के मुख्य लोगों ने जैन धर्म में क्षमा वाणी का यह विशेष महत्व बताते हुए कहा कि क्षमा वीरों की निशानी है और क्षमा करना एवं क्षमता मांगना दोनों ही वीर ही कर सकता है कोई कार्य व्यक्ति इसको नहीं कर सकता है अगर हर कोई इसको धारण कर ले तो बहुत से घर की अशांति ऐसे ही मिट जाए ।

कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी बहन राधा दीदी, डॉक्टर अभय कुमार जैन जैन समाज से, नानक चंद लखमणि उत्तर प्रदेश सिंह अकैडमी लखनऊ से एवं अन्य धर्म के लोगों ने भी क्षमा भाव को महत्व देते हुए कहा कि क्षमा वीरस्य भूषणमं क्षमा वीरों का आभूषण है एवं जिसने क्षमा भाव की अहमियत समझ ली व जीवन में कभी भी असफल नहीं हो सकता और हमेशा सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव जैन मोती नगर, कमल कुमार जैन, आदीश कुमार जैन, विनय कुमार जैन, रितेश जैन बंटी जैन, शुभचंद जैन, राकेश जैन, नितिन जैन, चंद्र प्रकाश जैन, निकांत जैन, बच्चू जैन, आदि लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मध्य जैन लेडीज क्लब द्वारा भक्ति नृत्य मंगलाचरण जैन महिला मंडल द्वारा किया गया

सभा का संबोधन आचार्य विशद सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन के द्वारा किया और कहा कि आज क्षमा की बहुत ही जरूरत है और जैन धर्म के सिद्धांत जियो और जीने दो के माध्यम से ही विश्व में शांति बनी राख हो सकती है जिस तरह आज एक दूसरे से लोग युद्ध कर रहे हैं वह चीज अच्छी नहीं है और यह विश्व की खत्म करने की तरफ बढ़ रही है ।

अंत में अध्यक्ष आशीष कुमार जैन ने धनबाद ज्ञापन देते हुए सभा का समापन किया।

### नगर आयुक्त महोदय के आदेशों के क्रम में आज अवकाश के दिन आठों जोनों में चला वृहद अभियान

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । रविवार (अवकाश के दिन) नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशों के क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में नगर में गृहकर का भुगतान नही करने वाले बड़े/छोटे गृहकर के बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की/सीजर की कार्यवाही हेतु जोनवार वृहद रूप से अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त जोनल अधिकारिओ द्वारा शहर में वृहद रूप से साफ सफाई, फॉगिंग एवं एन्टी लार्वा इत्यादि कार्य भी कराये गए।

**समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र मे नवरात्र विशेष शुभकामना संदेश देने के लिए संपर्क करे।**

# यूपी में पैनिक बटन से सुरक्षित होगा बेटियों का सफर

## योगी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को देगी पैनिक बटन की ताकत

**- सेफ सिटी परियोजना के तहत सिटी बसों, ओला, ऊबर में लगाए जा रहे सीसीटीवी और पैनिक बटन**

**- यूपी-112 से सभी सीसीटीवी और पैनिक बटन को किया जा रहा इंटीग्रेट**

लखनऊ, 15 अक्टूबरः सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में योगी सरकार की ओर से महिलाओं, बेटियों और बुजुर्गों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों, ओला-ऊबर में सीसीटीवी कैमरे संग पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट किया जा रहा है। इससे यात्रा के दौरान कोई अनहोनी होने पर यात्री पैनिक बटन दबाकर यूपी-112 से मदद मांग सकता है। वहीं सिगनल मिलने पर यूपी-112 की टीम एक्टिव हो जाएगी और तत्काल मदद पहुंचाएगी। इतना ही नहीं सीसीटीवी के जरिये यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का सुखद अहसास होगा।

### ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए शासन को भेजा बजट का प्रस्ताव



परिवहन विभाग की ओर से सिटी बसों के सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन को लगाने के साथ यूपी-112 से इंटीग्रेट करने के लिए क्रिसिल कंपनी द्वारा टेस्टिंग का काम किया जा रहा है। जल्द ही सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट कर दिया जाएगा। वहीं परिवहन विभाग की ओर से ऊबर के साथ इंटीग्रेशन के टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है। परिवहन विभाग और ऊबर की ओर से सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाने को लेकर एक एमओयू तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए 9.912 लाख की धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन लगाने के साथ इंटीग्रेशन की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

उधर, ओला के साथ इंटीग्रेशन को लेकर एक कंपनी से दोबारा संशोधित फेसियल रिकॉग्नाइजेशन साफ्टवेयर (एफआरएस) एवं टेक्नो कामर्शियल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। इतना ही नहीं सेफ सिटी परियोजना के तहत यूपी-112 की ओर से प्रदेश में बेटियों से छेड़छाड़ एवं संवेदनशील 1861 हॉट स्पॉट को चिन्हित किया गया है। इनमें से 656 अति संवेदनशील स्थानों की पीआरवी द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

### डेढ़ लाख से अधिक बुजुर्गों को किया गया चिन्हित

सेफ सिटी परियोजना के तहत बुजुर्गों की मदद के लिए यूपी-112 की ओर से 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में विशेष अभियान (सवेरा स्कीम) चलाया गया। अभियान के माध्यम से 1,52,139 अकेले रह रहे बुजुर्गों और बुजुर्ग दंपत्ति को चिन्हित करते हुए सत्यापन किया गया। इनमें सबसे अधिक गाजियाबाद में 1,24,972 बुजुर्गों को चिन्हित करते हुए सत्यापित किया गया। वहीं दूसरे नंबर पर 5245 बुजुर्ग कानुपर, तीसरे नंबर पर 3864 बुजुर्ग आगरा के चिन्हित किये गये। अभियान के दौरान बीट आरक्षियों ने करीब 1,48,933 बुजुर्गों से मुलाकात की और उनकी समस्या का समाधान भी किया। सबसे अधिक गाजियाबाद के 1,23,862 बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी मदद की गयी। इसी तरह मुरादाबाद के 2340, मथुरा के 2544 और कानपुर के 2362 बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्या का समाधान किया गया।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर विद्यालयों को अपग्रेड करेगी योगी सरकार

**अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों एवं बहुउद्देशीय हब के करीब अवस्थित विद्यालयों को किया जाएगा अपग्रेड**

**ऐसे कुल 16 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने के प्रस्ताव को सीएम योगी ने दी है मंजूरी**

**प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए करीब 8.5 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार**

लखनऊ, 15 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों एवं बहुउद्देशीय हब के करीब अवस्थित विद्यालयों को अपग्रेड करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत बहुउद्देशीय हब के करीब स्थित विद्यालयों के साथ ही इंडो-नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्गों पर स्थित विद्यालयों को भी अपग्रेड किया जाएगा। इस तरह के कुल 16 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है, जिसे सीएम योगी की मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के कई प्रस्तावों के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को देखने के बाद अपनी सहमति दी है। इस प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से करीब 8.5 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव है। इसी बैठक में सीएम योगी ने 57 जनपदों में अत्याधुनिक सुविधायुक्त मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की शुरूआत करने के निर्देश दिए थे।

**छात्रों को मिलेंगी स्मार्ट फैसिलिटीज**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए इस प्रस्ताव के तहत अंतर्राज्यीय मार्ग पर कुल 9 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने की योजना है। इस पर 3.71 करोड़ रुपए के खर्च की संभावना जताई गई है। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मार्ग (इंडो-नेपाल बॉर्डर) पर स्थित 7 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इस पर सरकार 4.73 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इन विद्यालयों को इस तरह अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें छात्रों को स्मार्ट तरीके से शैक्षिक सामग्री प्राप्त हो सके। इन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, मॉड्यूलर साइंस लैब, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग लैब्स, वाईफाई इनेबल्ड कैंपस जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी तैनात किया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के आवर्तक बजट से इसकी व्यवस्था की जाएगी।

### डीएम की देखरेख में होगा निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत प्रस्तावों में कार्ययोजना का भी ब्यौरा है जिसमे क्रियान्वयन प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया गया है की इस पूरे प्रोजेक्ट में जिलाधिकारी की प्रमुख भूमिका होगी। प्रस्ताव के अनुसार, जिन जनपदों में ऐसे विद्यालयों को अपग्रेड किया जाएगा, वहां जिलाधिकारी की अध्यक्षता में इस योजना का क्रियान्वयन संपन्न होगा एवं जिलाधिकारी इसकी निगरानी भी करेंगे। निर्माण कार्यों के लिए जिलाधिकारी द्वारा शासकीय संस्थाओं का चयन और निगरानी की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता की कमेटी द्वारा जेम पोर्टल से कंप्यूटर, फर्नीचर आदि उपकरणों की खरीद की जाएगी।

# 21 अक्टूबर को जीरो पॉइंट पर होगा आंदोलन, कहा- झूठे मुकदमे का जवाब हम देंगे

गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने बीते 12 अक्टूबर को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना समेत 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इन लोगों पर धोखाधड़ी और घोटाले के आरोप है। इस मामले के बाद अब सभी किसान संगठनों में पुलिस के खिलाफ भयंकर रोष व्याप्त हो गया है। किसानों का आरोप है कि गरीबों की लड़ाई लड़ने वाले पवन खटाना को फर्जी मुकदमे में फंसाया गया है। इसके खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने हुंकार भारी है।

**राकेश टिकैत ने भरी हुंकार**

राकेश टिकैत ने कहा, "हम गौतमबुद्ध नगर में किसान के ऊपर दर्ज हुए मुकदमे की बात कर रहे हैं, जहां पर पुलिस ने फर्जी मुकदमे दर्ज किए है। कमेटी ने अब फैसला लिया है कि 21 अक्टूबर को जीरो पॉइंट पर एक बड़ी पंचायत करेंगे। अगर हम सरकार और पुलिस को झूठे मुकदमे का जवाब नहीं देंगे तो यह कल किसी दूसरे के खिलाफ फर्जी मुकदमा लिखेंगे। आने वाले कुछ साल में यह लोग सिस्टम को खत्म कर देंगे। इसलिए 21 तारीख को सभी किसान दोपहर 2:00 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के नीचे स्थित जीरो पॉइंट पर पहुंचे। सभी किसान अपनी कार, बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे। जाने का समय पता है, लेकिन वापस आने का कोई समय नहीं है।"

### किन लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज

आपको बता दें कि रविंद्र कुमार नामक एक व्यक्ति ने सेक्टर-49 पुलिस स्टेशन में कमल सिंह, कमल सिंह की पत्नी, मोहित, संदीप बैसोया, रेशा बैसोया, सुभाष चौधरी, पवन खटाना, भूरा गुर्जर, अभय सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा संख्या 420, 406, 467, 468, 471, 504, 506 और 120बी तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### पवन खटाना पर क्या है आरोप?

रविंद्र कुमार का कहना है कि इन सभी लोगों ने मिलकर उनके साथ बड़ा घोटाला किया है। बरौला गांव के पास 170 गज जमीन का सौदा 1.30 करोड़ रुपए में हुआ था। इसके एवज में इन लोगों ने उनसे करीब एक करोड़ रुपए ले लिए और प्लॉट पर कब्जा नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि जब वह मौके पर निर्माण करवा रहे थे तो पवन खटाना और सुभाष चौधरी आ गए। इन्होंने दबंगई दिखाते हुए प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य बंद करवा दिया। पीड़ित का आरोप है कि इन लोगों ने दोबारा से निर्माण शुरू करने की एवज ने 1.40 करोड़ रुपए मांगे। इसी वजह से मुकदमा दर्ज करवाया।

# मुख्यमंत्री की अंत्योदय योजनाओं से लाखों परिवारों को मिल रहा सीधा लाभ,

## अक्टूबर महीने में बने प्रदेश में 263451 नए बीपीएल कार्ड : डॉ.सतीश खोला

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अंत्योदय योजनाएं से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है पीपीपी के माध्यम से सैकड़ो योजनाओं का भी डीबीटी से सीधा लाभ मिलता है अक्टूबर महीने में पीपीपी के माध्यम से प्रदेश में 263451 नए बीपीएल कार्ड बने ।जो बिना पर्ची, बिना खर्ची ,बिना सिफारिश के बने हैं ।पीपीपी कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला को मेयर गौतम सरदाना के कार्यालय पर सैंकड़ों लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सतीश खोला के माध्यम से आभार पत्र भेजा।



पीपीपी कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने बताया कि अक्टूबर महीने में पूरे प्रदेश में 263451 नए बीपीएल कार्ड बने हैं जिसमें अंबाला में 9755 , भिवानी में 11412,चरखी दादरी में 4362,फरीदाबाद में 50321फतेहाबाद में 8528 गुरुग्राम में 22643 हिसार में 17056 झज्जर में 11444 जींद में 11373 कैथल में 8142 करनाल में 10899 कुरुक्षेत्र में 8113 महेंद्रगढ़ में 8210 मेवात में 7026 पलवल में 8334 पंचकूला में 6062 पानीपत में 9546 रेवाड़ी में 8677 रोहतक में 8899सिरसा में 9648 सोनीपत में 12305 यमुनानगर में 10146 कुल 263451 कार्ड कार्ड बने।

खोला ने कहा की दो महीने में दो लाख से ज्यादा परिवारों को लाभ मिला ये तो एक योजना है, चिरायु कार्ड योजना से भी इन्ही दो महीने में हजारों परिवार लाभांवित हुए है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हो मनोहर सरकार का लक्ष्य है आने वाले समय में दर्जनों और योजनाएं भी आ रही है जिससे सभी वर्ग लाभांवित होंगे।

उन्होने आज हिसार के मेयर गौतम सरदाना के आवास पर पीपीपी का कष्ट निवारण कैंप भी लगाया जिसमे 200 परिवारों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस अवसर पर मेयर गौतम सरदाना ने मुख्यमंत्री जी का 17056 नए बीपीएल कार्ड बनाने पर धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र, मेयर गौतम सरदाना,पार्षद अनिल जैन, उमेद खन्ना,भूप सिंह रोहिल्ला, जय प्रकाश,प्रीतम सैनी,प्रवीण केडिया समेत दर्जनों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 50 फीसदी की आयी कमी

समाज जागरण वाराणसी`` वाराणसी। खराब सड़कों से 14 फीसदी हादसे होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), पुलिस उपायुक्त यातायात, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, पशु चिकित्साधिकारी, नगर निगम एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जबाब-तलब किया गया। तदसंबंध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में पंजीकृत ऐसे वाहनों, जिनका फिटनेस/पंजीयन समाप्त है, ऐसे कुल वाहनों की संख्या 10473 है जिनमें 8696 वाहन स्वामियों को नोटिस निर्गत की गयी है तथा 272 पंजीयन निलम्बित किये गये है एवं 436 पंजीयन निरस्त है। निजी वाहनों द्वारा एक बारीय कर जमा किया जाता है, जिसके कारण टोटल लॉस वाले वाहनों को छोड़कर सामान्य तौर पर वाहन स्वामी द्वारा पंजीयन निरस्त नहीं कराया जाता तथा पंजीयन नवीनीकरण कराकर वाहन संचालित की जाती है। एनसीआर एवं टीटीजेड क्षेत्र को छोड़कर वाहनों की अधिकतम आयु सीमा निर्धारित न होने के कारण नोटिस/विज्ञप्ति के माध्यम से पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की जाती। इन वाहनों में फिटनेस की आवश्यकता नहीं होती है। उल्लेखनीय है कि बिना फिटनेस/पंजीयन के संचालित वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 1493 वाहनों का चालान एवं 160 वाहनों को निरूद्ध किया गया, जिसके फलस्वरूप रू0 74.65 लाख जुमार्ना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद वाराणसी में परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा बिना सीटबेल्ट, बिना हेलमेट, गलत दिशा में संचालन, ओवर स्पीड, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग एवं नशे की हालत में वाहन संचालन किये जाने के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन/जॉच की कार्यवाही की जा रही है। अप्रैल, 2023 से अब तक विभिन्न अभियोग में (यथा-बिना सीटबेल्ट-3511, बिना हेलमेट-7496, गलत दिशा में संचालन- 669, ओवर स्पीड-817, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग- 1406 एवं नशे की हालत में वाहन संचालन-24) कुल-13923 वाहनों का चालान करते हुये कुल रू0 130.21 लाख जुमार्ना आरोपित किया गया है तथा सड़क सुरक्षा की अवहेलना के विरूद्ध अनवरत प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। जनपद में संचालित 52 प्रदूषण जाँच केन्द्रों द्वारा 01 अप्रैल, 2023 से अब तक कुल 1, 16,468 वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किया गया है तथा 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र वाहन संचालन किये जाने के अभियोग में कुल 223 वाहनों का चालान करते हुए कुल रू० 22.30 लाख जुमार्ना वसूल किया गया है।

# रामनगरी अयोध्या में फिल्मी सितारों ने की रामलीला की रिहर्सल

## *वेदमति के रोल में दिखीं भाग्य श्री, गिरिजा शंकर रावण की भूमिका में नजर आये*

**समाज जागरण अयोध्या।**

रामनगरी अयोध्या में सितारों से सजी रामलीला का आगाज हो गया है। बॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियां अयोध्या पहुंचीं। फिल्मी हस्तियों से सजी अयोध्या की रामलीला का शनिवार 14 अक्टूबर को रिहर्सल हुआ। जहां सबसे पहले गणेश वंदना और मां शबरी के पात्र पर मंचन प्रस्तुत किया गया। आपको बता दें कि अयोध्या की रामलीला का यह चौथा साला है।



रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से आरंभ होगा। विश्व की सबसे बड़ी रामलीला में फिल्म अभिनेत्री भाग्य श्री वेदमति के किरदार में नजर आईं। रामलीला का यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण होगा। 11 दिवसीय इस रामलीला में कई प्रदेशों की राजनीतिक और बॉलीवुड हस्तियां आएंगी। बॉलीवुड कलाकार बोनी कपूर भी इस बार रामलीला देखने आ रहे हैं। वहीं रिहर्सल के दौरान हनुमानगढ़ी से जुड़े महंत पुजारी राजू दास, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

# पशुशाला में लगी भीषण आग, एक भैंस की जलकर मौत, एक झुलसी

**समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद की बीकापुर ब्लाक के हैदरगंज थाना अंतर्गत मऊ (बिछिया) गांव में देर रात कृष्णराम, निन्हकन के पशु बाड़ा में अचानक आग लगने से एक भैंस की जलकर मृत्यु हो गई। वहीं एक अन्य भैंस जलकर गंभीर रूप से झुलस गई। आग की लपटें देख ग्रामीणों ने उसे बुझाने का प्रयास किया, पर तब तक आग ने पशु बाड़े को जलाकर राख कर दिया।



# धूमधाम के साथ निकली भगवान राम की बरात

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात को धूमधाम के साथ निकाला गया। राम बारात का शुभारंभ फीता काटकर एवं आरती उतार कर रामलीला कमेटी के संरक्षक एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने किया।



जसराना की तहसील परिसर से शुरू हुई भगवान श्री राम की बारात कस्बा के मां कामाख्या धाम, मोहल्ला अरेलपुरा, मोहल्ला गाड़ीवान, मुख्य चौराहा, मोहल्ला बनियत, मोहल्ला कूंचा, पाचवा रोड, मोहल्ला महुआ घिरोर रोड एवं फरिया रोड होते हुए जनकपुरी पहुंची। जनकपुरी में मिथिला वासियों द्वारा भगवान श्री राम के साथ लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न राजा दशरथ एवं अन्य बारातियों का जोरदार स्वागत और सम्मान किया गया। इससे पूर्व राम बारात का आरती उतार कर और पुष्प वर्ष कर जगह-जगह स्वागत किया गया। राम बारात में शामिल झांकियां के साथ भगवान राम एवं उनके अनुजों की नैना विराम छवि को निहारने के लिए कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की भीड़ लगी रही। राम बारात के दौरान पुलिस की भी कर चाक चौबंद व्यवस्था रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

फिरोजाबाद। थाना टूंडला क्षेत्र के उसायनी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह टूंडला जा रहा था। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जरोली कला निवासी 25 वर्षीय दुष्यंत पुत्र शैलेंद्र कुमार सिंह शनिवार की शाम बाइक पर सवार होकर टूंडला जा रहा था। उसायनी के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसे अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पता चलते ही उसके परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंचे। शव को देख उनमें परिवार में कोहराम मच गया। उसकी शादी के लिए परिवार के लोग सोमवार को जाने वाले थे।
पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# *अस्सी घाट पर अश्विनी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि में आशीर्वाद संगीतलय के बाल कलाकारों ने देवी स्तुति और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया*

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी काशी रस के अंतर्गत काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि में आशीर्वाद संगीतलय के बाल कलाकारों ने देवी स्तुति और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार सुश्री आदित्य शर्मा, सिद्धि, कस्तूरे ,मनस्वी रावत, अक्षता दीक्षित, कृष्णा मुखर्जी ने मनभावन नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शक गण के हृदय को आनंदित किया।पुलिस आयुक्त श्री अशोक मुथा जैन जी की परिकल्पना को काशी रस कार्यक्रम में साकार करने का अद्भुत प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केशरी ने सारगर्भित संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। समस्त कलाकारों को आशीर्वचन श्री गौरव सौरव मिश्रा ने दिया इस अवसर पर उद्धव केशरी , डॉ जया राय सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# 52 औषधि विक्रेता फर्मो की हुई जांच, पाई गई कमियों पर कार्यवाही हेतु रिपोर्ट औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी को भेजा गया

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि माह सितम्बर एवं अक्टूबर में कुल 52 औषधि विक्रेता फर्मों का क्रय विक्रय एवं अन्य प्रपत्रों की जांच काफी गहनता से किया गया है तथा जांच के दौरान कुल 31 औषधि नमूने संकलित कर परीक्षण हेतु औषधि लैब प्रेषित किये गये थे। जिसमें से कुल 16 औषधि नमूनों की रिपोर्ट स्टैण्डर्ड स्तर की प्राप्त हुई एवं निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के परिप्रेक्ष्य में रिपोर्ट आवश्यक कार्यवाही हेतु औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) वाराणसी मण्डल को भेजा गया है।

# भगवान राम की कुलदेवी के मंदिर में आस्था का उमड़ा जनसैलाब शुरू

**समाज जागरण अयोध्या।**

शारदीय नवरात्र के पहले दिन भगवान राम की रामनगरी स्थित देवी मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शाक्त परम्परा के देवी मंदिरों के अलावा वैष्णव परम्परा के मंदिरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान का श्रीगणेश हो गया। देवी मंदिरों में जहां दुर्गा सप्तशती का पारायण शुरू हुआ। वहीं श्री राम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी सहित सभी वैष्णव मंदिरों में श्रीरामचरितमानस का नवाह्न पारायण भी शुरू हो गया है।

नवरात्र को लेकर भगवान श्रीराम की कुलदेवी कहलाने वाली मां बड़ी देवकाली के अलावा अयोध्या नगर के छोटी देवकाली सहित विभिन्न देवी मंदिरों रविवार भोर से ही आज तक का जनसैलाब देखने को मिला। मां दुर्गा के पूजन महोत्सव के लिए पंडाल भी सजने लगे हैं।



भक्त नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा कर रहे है। पंडित राहुल शास्त्री ने बताया कि पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या थीं, तब इनका नाम सती था। इनका विवाह भगवान शंकर से हुआ था। प्रजापति दक्ष के यज्ञ में सती ने अपने शरीर को भस्म कर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया ।पार्वती और हैमवती भी उन्हीं के नाम हैं। उपनिषद की एक कथा के अनुसार, इन्हीं ने हैमवती स्वरूप से देवताओं का गर्व- भंजन किया था। नवदुगाओं में प्रथम शैलपुत्री का महत्व और शक्तियां अनन्त हैं। नवरात्र पूजन में प्रथम दिन इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है।

# 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का अधिग्रहण शुरू, बजट जारी

**समाज जागरण गोंडा।**

भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा पथ (राष्ट्रीय राजमार्ग 227बी) के निर्माण के लिए बस्ती, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बाराबंकी तथा गोंडा में परिक्रमा पथ के निर्माण की प्रक्रिया का कार्य जारी है। वहीं गोंडा जिले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की ओर से भूमि अधिग्रहण का बजट जारी कर दिया गया है। इससे जिले में 64 किलोमीटर लंबी और 45 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। जिले के ढाई हजार से ज्यादा किसान इस अधिग्रहण से लाभान्वित होंगे। अवार्ड के बाद उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही इससे जुड़े धार्मिक प्रतीकों को विकसित करने की कार्ययोजना सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार की ओर से नौ अक्तूबर को जारी अधिसूचना में कहा गया कि गोंडा जिले में एनएच 227बी के किमी. 160.200 बहुवन मदार मांझा से किमी. 224.040 जगरनाथपुर तक सड़क बनेगी। अधिसूचना में कहा गया कि कोई भी व्यक्ति जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, वह अधिसूचना प्रकाशन के 21 दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगा। अधिग्रहण की अधिसूचना के साथ ही इसकी प्रक्रिया सरकार की ओर से शुरू कर दी गई है। गोंडा जिले में 84 कोसी परिक्रमा पथ में कुल 2806 भूखंड शामिल किए जाने हैं। जिसमें अधिकांश भूखंड की प्रकृति कृषि भूमि की है। वहीं सरकारी, नवीन परती, नजूल, चकमार्ग व हाईवे आदि भी इस परिक्रमा मार्ग में कवर हो रहे हैं। ऐसे में सभी भूखंड स्वामियों को गजट के अनुसार अपनी आपत्ति देने का समय दिया गया है। ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम अधिकारी अथवा विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी गोंडा को लिखित रूप से देनी होगी। जिसमें आपत्ति का आधार भी बताना होगा। सक्षम प्राधिकारी आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप या किसी विधिक पेशेवर के माध्यम से सुने जाने का अवसर देगा। ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात सक्षम अधिकारी की ओर से दिया गया आदेश अंतिम होगा। विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा पथ (राष्ट्रीय राजमार्ग-227बी) के संबंध में शासन से निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है। आपत्ति मिलने के बाद संज्ञान लेते हुए निस्तारण किया जाएगा। अभी धारा 3-ए के तहत अधिग्रहण की प्रक्रिया चलन में है।



# जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंट कर जिले में विकास कार्य करने की मांग की

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री से से उनके आवास पर पहुंचकर भेंट की और जनपद में और भी विकास कार्य करने की मांग रखी साथ ही संगठनात्मा विषय पर चर्चा की गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महन्त उत्तर प्रदेश के यशस्वी व लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने लखनऊ आवास पर ( पांच कालीदास मार्ग लखनऊ ) भेंट की व भेंट कर जनपद फिरोजाबाद के विकास व विभिन्न मुद्दे पर वार्ता हुई साथ में महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार भी रहे , फिरोजाबाद जिला के विकास की भी चर्चा की जिसमें एटा से टूण्डला तक फोरलेन , नगलाबीच हाथरस नहर में पानी आना , सम्पूर्ण जिला की सडकों को गड्ढा मुक्त करना , जिला के समस्त अवैध बूचडखानों को बन्द कराना ,टूण्डला और नारखी ब्लॉक में पीने के पानी की समस्या का समाधान , आदि आदि विषयों के सम्बंध में मुख्यमंत्री को सुझाव भी दिये भाजपा के जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की और फिरोजाबाद मैं विभिन्न विकास कार्य करने की और मांग की।



# मेले में आल्हा गायन ने दिनभर बांधी समां, रात्रि में देवी जागरण हुआ आयोजित

## *मेले में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया*

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल बाजपेई**

खागा तहसील क्षेत्र के लाडलेपुर गांव के नवरात्रि मेले में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे मेले में आए हुए लोगों को भंडारे का प्रसाद छकाया गया मेला कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान श्याम बाबू पंडा द्वारा आल्हा गायकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं आल्हा गायक रामदास यादव द्वारा बावन गढ़ की लड़ाइयों में से माड़ोगढ़ की लड़ाई का जबरजस्त प्रस्तुतिकरण किया गया जिसको सुनकर मेले में आए हुए लोग मुग्ध हो गए



आल्हा गायन समाप्त होने के बाद कानपुर से आई अर्पिता दुबे जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकी और देवी जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।
आयोजक ग्राम प्रधान श्याम बाबू पंडा ने बताया कि मेला और कार्यक्रम का आयोजन नवरात्रि के प्रथम दिन वृहत स्तर से पिछले 3 वर्षो से किया जा रहा है इस अवसर पर सुरेश कोटेदार, रामबाबू यादव, धरम मौर्य,, नरेश पासवान, राजकुमार सोनी, राधे गुप्ता, कुलदीप प्रजापति,सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# कमीशनखोरी का शिकार हो गया ग्राम पंचायत परसिया का विकास कार्य

*विकास खण्ड खुनियांव के ग्राम पंचायत परसिया में ग्राम प्रधान की मनमानी से भ्रष्टाचार चरम पर*

*कागजों में पूरा मौके पर अधूरा ग्राम पंचायत परसिया का विकास कार्य*

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जनपद के खुनियांव विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसिया उर्फ माधवपुर चंदनजोत में ग्राम प्रधान की मनमानी से विकास कार्य कमीशनखोरी का शिकार होकर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता को बयां कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत परसिया उर्फ माधवपुर चंदनजोत में ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी बजट से ग्रामीणों की सुविधा के लिए जो शौचालय बनवाया गया है वह निहायत ही कमीशन खोरी का शिकार हो गया उनमें अधिकांश शौचालय ऐसे हैं जिनमें पानी की सप्लाई तक नहीं है। और तो और सबसे मजे की बात यह है कि इस ग्राम सभा के अधिकांश शौचालय में बकरी बांधी जाती है। ऐसे में शायद यह कहना गलत ना होगा कि ग्राम प्रधान की मनमानी से सरकार की योजना को पलीता लग रहा है। पोखरा सुंदरीकरण में काफी अनियमितता दिख रही है। ग्राम प्रधान इश्तिहाक खांन की दहशत से कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि भ्रष्टाचार से ग्राम प्रधान का पुराना नाता है। इससे पूर्व ग्राम प्रधान इश्तिहाक खांन की माता शफूरा खातून प्रधान थी उनके समय में भी विकास कार्यों में खूब कमीशन का खेल हुआ था। पूर्व ग्राम प्रधान सफूरा खातून के प्रधानी कार्यकाल से लेकर अब तक के विकास कार्यों की जांच किया जाए तो बहुत बड़े भ्रष्टाचार का पदार्फाश हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अभी हाल ही में महाराष्ट्र पुलिस ने एक कंपनी से करोड़ों के माल की चोरी के आरोप में ग्राम प्रधान को हिरासत में लेकर उसके भाई इम्तियाज खान को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र ले गई थी। इसी वजह से ग्राम प्रधान आए दिन धमकी देता रहता है कि मेरा पकड़ उत्तर प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक है जो भी ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का जांच करवाइए उसको खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार उच्च स्तरीय जांच टीम द्वारा ग्राम सभा के विकास कार्यों का निष्पक्षता से जांच किया जाए तो कई ऐसे जिम्मेदार चेहरे बेनकाब हो जाएंगे जो कि ग्राम प्रधान को संरक्षण देते हैं।

# रेल इंजन की चपेट में आने से युवक की मौत

## *▪ बाइक खड़ी कर ट्रेन से सामने खुद पहुंचा था युवक*

**समाज जागरण अयोध्या।**

जिला के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज रेलखंड के जलालपुर रेलवे क्रासिंग के समीप रेल इंजन की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। रेल ट्रैक के बाहर खड़ी बाइक से उसकी पहचान सराय भनौली निवासी विनय यादव उर्फ बिन्नू पुत्र दूधनाथ यादव के रूप में की गई। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते मृतक युवक विनय यादव जब रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा, तो रेल ट्रैक से कुछ पहले अपनी बाइक खड़ी कर दिया। और रेल ट्रैक के पास चला गया। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से सुल्तानपुर की तरफ जा रहे रेल इंजन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अनुसार परिजनों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक विनय यादव कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार और अवसाद में चल रहा था। दवा उपचार कराया जा रहा था। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान विजय गौड़ ने बताया कि मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। अभी विवाह नहीं हुआ था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया की मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया खुदकुशी का मामला प्रतीत हो रहा है, जांच पड़ताल की जा रही है।



# देवी कथा में निकली भव्य कलश यात्रा

*रात्रि कार्यक्रम भी रहेंगे, 18 अक्टूबर को जवाबी कीर्तन,*
*20 को रात्रि में देवी जागरण*
*21 को रामलीला*
*22 को ब्रज की होली एवं सुदामा चरित्र*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। एका के गांव रामपुर में रविवार को सनातन संस्कारशाला के तत्वाधान में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन हुआ। देवी भागवत कथा रविवार से प्रारंभ होकर 23अक्टूबर सोमवार तक रहेगी। प्रथम दिन मां दुर्गा देवी प्रतिमा स्थापना के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यजाचार्य रामकिशन शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई।सभी एक सौ इकसठ कन्या एवं सुहागन नारियों ने कलश धारण कर गांव की परिक्रमा की। कलश यात्रा कथा पंडाल से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से कुशवाहा मोहल्ला सविता मोहल्ला जाटव मोहल्ला बघेल मोहल्ला होते हुए सभी मंदिरों की पूजा अर्चना कर कथा पंडाल पर विश्राम की गई। हवन होने के बाद कथा व्यास आचार्य रामेश्वर गिरी जी महाराज ने कथा के पहले दिन देवी कथा महत्तम के बाद प्रथम माता शैलपुत्री का आह्वान कर आराधना की कथा विस्तार किया। सभी ग्राम वासियों के साथ कथा संयोजक याकेंद्र जैन ने बताया कि नवदुर्गा के समय में श्रीमद् देवी भागवत कथा के बाद रात्रि कार्यक्रम भी रहेंगे। 18 अक्टूबर को जवाबी कीर्तन में टिल्लू बेअकल के साथ बसंत पतझड़ से टक्कर होगी। 20 अक्टूबर को रात्रि में देवी जागरण का आयोजन होगा वही 21 अक्टूबर को रामलीला की जाएगी 22 अक्टूबर को ब्रज की होली एवं सुदामा चरित्र का सभी भक्तगण आनंद उठाएंगे। देवी भागवत कथा में सभी समाज के ग्रामीण युवाओं का भरपूर सहयोग रहा।



# चरागाह की जमीन पर कब्जा करना पड़ा भारी, फसल को कराया नष्ट

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद । चरागाह की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत पर थाना जसराना पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान प्रशासन ने ट्रैक्टर चलाकर खड़ी फसल को नष्ट करा दिया। लेखपाल ने कब्जा करने वालों के खिलाफ तहरीर दी है।

तहसील के गांव थना में चरागाह की पांच बीघा जमीन पर अवैध रुप से कब्जा कर उस पर धान की फसल करने की शिकायत एसडीएम को मिली। शिकायत के बाद लेखपाल द्वारा जांच में शिकायत सही मिलने पर एसडीएम आदेश सिंह सागर ने नायब तहसीलदार ब्रजराज सिंह, लेखपाल मनोज यादव और फरिहा पुलिस को जमीन को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया। निर्देश मिलने पर टीम गांव में पहुंची। टीम को देख कब्जा करने वालों ने विरोध करना शुरू किया तो पुलिस की सख्ती देख खुद ही फसल को काटना शुरू कर दिया। वहीं प्रशासन ने ट्रैक्टर चलाकर खड़ी धान की फसल को नष्ट करा दिया। लेखपाल राहुल उपाध्याय ने अवैध रूप से कब्जा करने के सात आरोपियों के खिलाफ थाना फरिहा में तहरीर दी है। वहीं थाना जसराना के गांव नगला मानसिंह में चल रहे रास्ते के विवाद को पुलिस की मौजूदगी में राजस्व टीम ने निपटाया।



# मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, घर-घर पूजी गई शैलपुत्री

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शारदीय नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना श्रद्धा के साथ की गई। देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक मंदिरों में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। वहीं घर-घर में भी घट स्थापना के साथ भक्तजनों ने पूजा अर्चना की।

नवरात्र महोत्सव की पहले दिन नगर के प्रमुख राज राजेश्वरी केला देवी मंदिर पर मंगला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंजता रहा। रविवार को भोर होते ही नगर में श्रद्धालुओं के कदम राजराजेश्वरी केला देवी मंदिर की ओर बढ़ चले। देखते ही देखते मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़ जुट गई। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ भवन में प्रवेश कर गई। जहां पर सभी भक्तों ने भक्ति भाव से मंगला दर्शन किए। वहीं घर-घर में घट स्थापना की गई। घर में पूजा अर्चना के बाद में भक्तजन मां के दरबार में पहुंचे। पूजा अर्चना करते हुए । भक्तजनों ने मनौती मांगी। कैला देवी मंदिर के अलावा पटवारी माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर कोटला रोड, चौरासी घंटा मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाओं और लड़कियों ने अग्यारी चढ़ाकर पूजा अर्चना की।



# शिक्षा माफियाओं के भ्रष्ट चंगुल में कैद है बहुचर्चित मदरसा

**इटवा क्षेत्र के ग्राम भावपुर मीरा स्थित मदरसा अरबिया मखदुलुन उलूम अहले सुन्नत कादिरिया रिजबिया में शिक्षा माफियाओं का खेल**

**शिक्षा माफियाओं ने मनमाने ढंग से मदरसे में किया है स्टाफों की नियुक्ति**

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। शिक्षा माफियाओं ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार करते हुए एक मदरसा विद्यालय को अपने शातिराना चाल का निशाना बना लिया है। उस मदरसा विद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की कड़ी इतनी मजबूत है कि कोई अधिकारी कर्मचारी उसके कागजी रिकॉर्ड को जांच करने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहा है। जबकि अधिकारियों को अच्छी तरह से मालूम है कि सीएम के संज्ञान में भ्रष्टाचार का प्रकरण जाते ही भ्रष्टाचारियों पर गाज गिरनी तयं है। प्राप्त समाचार के अनुसार इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भावपुर मीरा स्थित मदरसा अरबिया मखदुलुन उलूम अहले सुन्नत कादिरिया रिजबिया, के सदस्यों ने जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री उ.प्र. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रधानमंत्री, सहित अन्य माननीय को शिकायत पत्र प्रेषित कर मदरसा प्रबंधक व प्रिंसिपल पर भ्रष्टाचार व फर्जी नियुक्ति का आरोप लगाया है। सदस्यों का आरोप है कि प्रबंधक करम हुसैन व प्रिंसिपल दबंग व्यक्ति हैं। । ये अपनी दबंगई की बल पर उक्त विद्यालय में स्टाफों की न्युक्ती व्यवस्था से लेकर, छात्रों की पंजीकरण रजिस्टर तक में मोटी रकम लेकर कई मदरसे के बच्चों का नाम अन्य मदरसा में लिखा है लेकिन उन बच्चों का नाम अपनी मदरसे में भी दर्ज कराया है। इतना ही नहीं छात्र उपस्थित रजिस्टर में 428 छात्रों का नामकरण होना दशार्या गया है जिसमें करीब 100 छात्र ही पढ़ने आते हैं। और 2018 में छात्रों के वजीफे का पैसा, मिड डे मिल का पैसा, ड्रेस का पैसा, जूता, मोजा आदि का पैसा प्रबंधक व प्रिंसिपल द्वारा गमन कर लिया गया हैं । मदरसा के कार्यवाही रजिस्टर में विद्यालय के स्टाफ वालों का फर्जी दस्तखत भी बनाया जाता है। सबसे गंभीर आरोप है कि मदरसा कमेटी के कई सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है उनके नाम का भी लाभ प्रबंधक उठा रहे हैं। और करीब पांच सदस्य मुम्बई रहते हैं। लेकिन प्रबंधक द्वारा आज तक मदरसे के किसी भी मीटिंग में नायब नाजमें आला सहित करीब 10 सदस्यों को नहीं बुलाया गया है। इन सदस्यों से मदरसे के किसी कागजात पर हस्ताक्षर तक नहीं करवाया गया है। प्रबंधक एक बार फिर से मदरसे के रिक्त पदों पर अपने सगे-संबंधियों की न्युक्ती करवाने की फिराक में लगे हुए हैं।

# अग्रसेन जयंती पर आईवीएफ परिवार ने वृद्ध जोड़ों को किया सम्मानित

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन परिवार द्वारा वैश्य वृद्ध जोड़ों को सम्मानित करने का कार्यक्रम किया गया।



रविवार को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की नगर अध्यक्ष तनु गोयल के आवास पर अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल एडवोकेट एवं युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में शादी की सालगिरह को 50 वर्ष पूरे करने वाले राम कुमार अग्रवाल / कुसुम लता अग्रवाल व रामावतार अग्रवाल / विमला अग्रवाल आदि वृद्ध जोड़ों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित करने का कार्य किया गया। समाज के काव्या मित्तल, कर्ण प्रिया अग्रवाल, आराध्या गोयल, प्रकृति अग्रवाल, पूर्वी अग्रवाल, आराधना गोयल आदि बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए गए। बच्चों को भी प्रतीक चिन्ह व उपहार भेंट किए गए। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि जिस घर में बुजुर्गों का सानिध्य होता है वहां हमेशा खुशहाली होती है। नगर अध्यक्ष तनु गोयल ने कहां की बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। डॉक्टर वर्षा विशाल अग्रवाल ने कहा कि वृद्धजन छायादार वटवृक्ष के समान हैं। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, नगर अध्यक्ष तनु गोयल, जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, महिला जिला महामंत्री डॉक्टर वर्षा अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, हिमांशु तायल, आलोक अग्रवाल, चित्रांश अग्रवाल, आयुष बंसल, धीरज अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल आदि रहे।

# 35 वर्षों से किरतपुर जनता दिल्ली ट्रेन से आज भी वंचित

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

किरतपुर बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन से रन थो् होकर निकल जाती है है सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग को लेकर सत्याग्रह संकल्प अभियान संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व में 413 वा साप्ताहिक शांतिपूर्वक लगातार धरना दिया गया।

पवित्र धरना स्थल से संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट ने कहा यह रेल मंत्रालय भारतसरकार की कैसी राजनीति है जहां जनता को मूल भूत ट्रेन की सहूलियत पहुचाने में इतना समय लगाया जा रहा हो जबकि सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन रेलवे स्टेशन बसी किरतपुर से रन थो् होकर निकल जाती है जिसका ठहराव नहीं है तीन लाख क्षेत्रीय जनता का नगर बड़ा व्यापारी गढ है दिल्ली आने व जाने के लिए यहां से प्रति दिन हजारों यात्री आने व जाने के लिए यात्रा करेंगे जिससे जनता को जहां रेलवे की सहूलियत व आराम मिलेगा वहीं रेल मंत्रालय को भारी भरकम राजस्व अर्जित होगा।







आगे मकरानी ने कहा जनहित में बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन को सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शीघ्र ही देना चाहिए जनता को मूल अधिकार से वंचित ना किया जाये

और आगे कहा में तलहा मकरानी तीन लाख क्षेत्रीय जनता की मूल भूत सहूलियत को सत्याग्रह के माध्यम से लम्बे समय से दिल्ली ट्रेन के ट्रायल ठहराव की मांग कर रहा हूँ इससे पहले भी रेल मंत्रालय ने सत्याग्रह की लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की लम्बी मांग के पश्चात ठहराव दिया था जिससे जनता को बडी सहूलियत मिली वही रेल मंत्रालय को भी भारी भरकम राजस्व अर्जित हो रहा है।

धरने के पश्चात केंद्र रेल मंत्री के नाम ज्ञापन स्टेशन क कर्मचारी अनुज को दिया गया आर पीफ बिजनौर के इंचार्ज अशोक कुमार जीआरपीएफ के इंचार्ज धरने की निगरानी में मौजूद रहे। धरने मे आज संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी, नन्हा आनदोलनंकारी सुल्तान यूसुफ, खुर्शीद अहमद भाई जी, इमरान सिददीकी, आदि रहे।



## आवश्यकता है

हिंदी दैनिक समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण जिला बिजनौर की संपूर्ण तहसील एवं क्षेत्र मे संवाददाताओं एवं तहसील प्रभारी की आवश्यकता है पत्रकार बनने हेतु संपर्क करे।



जिला प्रभारी बिजनौर शमीम अहमद सिद्दीकी मो07300987906


# धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की बरात, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत।





अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़ भगवान श्री राम की बरात बैंडबाजे और झाकियों के साथ नगर में धूमधाम के साथ निकली गई। इस दौरान बरात का कई स्थानों पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। और अखाड़े में युवा वर्ग बेरेटी, गतका,तलवार मुंगरी आदि घुमाकर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। जानकारी अनुसार रविवार को देर शाम नगर की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास जैन के नेतृत्व में राम बारात निकाली गई राम बारात बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकल गई राम बारात में अखाड़ा का विशेष तौर से आयोजन किया गया राम बारात बड़ा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पीएनबी रोड, ढली बाजार, होली चौक, बाल्मीकि बस्ती, मोहल्ला चिरंजीलाल होते हुए राम बारात का पुनः बड़ा शिव मंदिर में समापन हुआ। राम बारात में सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे राम बारात में नगर के हिन्दू समाज के गणमान्य व्यक्तियों मैं भाग लिया जिनमें विशेष तौर से इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष विकास जैन, देवराज सिंह चौहान, अतुल कुमार जैन, शरद कर्णवाल, अतुल अग्रवाल पंप वाले, विनय जैन, अनिल कुमार, लव कौशिक, विनीत माहेश्वरी, एडवोकेट प्रमोद बजाज, संदीप माहेश्वरी, संजय लोहिया, मास्टर जे के जैन, लोकेश अग्रवाल, डॉक्टर संजीव गुप्ता, अजय कौशिक, अरुण कुमार जैन, विपुल जैन, राजुल गुप्ता, राजीव महेश्वरी, मयूर कौशिक, शरद कर्णवाल, नरेंद्र गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, प्रमोद विश्नोई, मुकेश शर्मा, भीम सिंह रावत, आकाश महेश्वरी, उमेश अग्रवाल, ध्रुव विश्नोई, रवि कर्णवाल, सुरेश वर्मा,मनोज जैन,संदीप कर्णवाल, राहुल जोशी, मुकेश कौशिक, सम्यक जैन, अरुण लोहिया, मुकेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना आदि मौजूद रहे।

# 25 दिन बाद कब्र से युवती के शव को निकाल कर पीएम को भेजा

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

स्योहारा /सहसपुर 25 दिनों पूर्व कस्बा मिवासी एक युवती की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी जिसके बाद परिजनों द्वारा युवती को दफना भी दिया गया था.लेकिन बाद में युवती के पिता मोहल्ला शेखान निवासी नोशाद पुत्र खलील ने पुलिस को तहरीर में बताया था कि उसकी बेटी का प्रेम प्रसंग मोहल्ले के ही एक युवक से था जिससे युवक के परिजन नाराज थे आरोप है कि 20 सितंबर की शाम को उसकी गेर मौजूदगी में प्रेमी व उसके परिवार ने पीड़ित के घर मे घुसकर उसकी बेटी से मारपीट की व बाद में फांसी के फंदे पर लटक-कर उसकी हत्या कर दी।

मृतका के पिता की शिकायत के आज प्रशासन की मौजूदगी में युवती के शव को कब्र से निकाल कर पीएम को भेजा गया है जिसके बाद ही आगे की जांच व कार्यवाही अमल में लाई जाएगी





# एक शाम शहीदों के नाम सजी गायन की महफिल, जुटे गायक



**दैनिक समाज जागरण**

संभल।गायन प्रतियोगिता मे देश भक्ति गीतों के साथ ही अन्य गीतों की प्रस्तुत देकर गायकों ने समा बांध दिया। हर तरफ पण्डाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज हुआ।

नगर के मौहल्ला महमूद खां सराय मे डायरेक्टर जिम्मी खान के नेतृत्व मे एक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम मे चन्दौसी, सम्भल व मुरादाबाद से आए गायक ओर गायिकाओं ने भाग लिया। जिसमे मुख्य अतिथि वार्ड के सभासद पति वकील अहमद ओर हाजी मुशय्यद हुसैन रहे। इस अवसर पर मौ0 आलम, हसीन ठेकेदार, अकील अहमद, मसरूर, वसीम, सुबहान रहे। वहीं गायकों मे काजल त्यागी, महिमा वर्मा, शीतल गुप्ता, वसुन्दरा, सुहैल, आसिम, डॉ0 बिलाल, मौ0 रियाज, सन्देश कुमार, मौ0 फहीम, रवि कुमार, कुन्दन, बब्लू सागर, प्रिस साकिब, गुफरान रजा आदि रहे।

# खड़ी इनोवा कार मे अचानक आग लगने से मचा हड़कम्प

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।अचानक इनोवा कार मे आग लगने से हड़कम्प मच गया। बमुश्किल तमाम किसी तरह आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक काफी कुछ जलकर रख हो गया। गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। दरअसल मौ0 आरिफ पुत्र विशारत उल्ला निवासी गोविन्दपुर की इनोवा कार गैराज आलम सराय मे खड़ी थी की। रविवार को खड़ी गाड़ी मे अचानक आग लग गई। गाड़ी से निकलता धुंआ देखकर लोग दौड़े तो आग लग रही थी। बमुश्किल तमाम किसी तरह आग पर काबू किया गया। सूचना पाकर दमकल व डायल 112 भी मौके पर जा पहुंचे लेकिन तब गाड़ी बुरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। धू-



धू कर जलती हुई गाड़ी पर काबू किया गया

# सिद्ध पीठ मां कैला देवी धाम पर शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कन्याओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। सिद्ध पीठ मां कैला देवी धाम पर शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसका शुभारम्भ महंत ऋषिराज गिरी महाराज एवं गुजरात से आए संतो द्वारा विधि विधान से किया गया।



इसके पश्चात शतचंडी महायज्ञ को विधि विधान पूर्वक प्रारंभ किया गया सूर्य द्वारा यज्ञ में अग्नि प्रज्वलित की गई आज महायज्ञ के मुख्य यजमान राजेश सिंघल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, अजीत कुमार राजू यादव पूर्व विधायक गन्नौर, कपिल सिंघल वरिष्ठ भाजपा नेता, हिरदेश यादव ब्लॉक प्रमुख पति, गणेश शर्मा मंडल अध्यक्ष हयातनगर, शांति स्वरूप मंडल अध्यक्ष गवां आदि श्रद्धालु भारी संख्या में आए। इसी तरह नवरात्रि के दिनों में यज्ञ प्रतिदिन चलता रहेगा। श्रद्धालु यज्ञ में आए और आहुति देकर धर्म यज्ञ का लाभ प्राप्त करें। यज्ञ कार्यक्रम में गौतम चौधरी लोकसभा विस्तारक, छत्रपाल, युवराज राष्ट्रीय स्वयंसेवक, अधिकारी, जीतपाल यादव सेवादार अरविंद यादव, नेत्रपाल यादव, करनपाल, जुगलकिशोर यादव, अजय पाल यादव मुंशी जी, रोहदास यादव,आराम सिंह यादव, अमर सिंह यादव, खेमकरन यादव, झम्मन सिंह प्रधान, जगन्नाथ राणा, नत्थू सेठ आदि रहे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सभा व अग्रवंशिका जागृति सभा ने जरूरतमंद लोगों को कराया भोजन

बिसौली आई एम खान। महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल धर्मशाला में हवन पूजन किया गया। अग्रवाल सभा व अग्रवंशिका जाग्रति सभा के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां डालीं। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, रविप्रकाश अग्रवाल, संजय गर्ग, सुरेन्द्र अग्रवाल, विपिन कुमार, प्रवीन अग्रवाल, शशांक गोयल, पराग अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, निशांत गोयल, सीमा अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, पुनीत कुमार, शिवानी, विशु गोयल, अखिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# शारदीय नवरात्र का पहला दिन, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

## भीड़ को देखते हुए मंदिरों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात

बिसौली आई एम खान। नगर व क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। भक्त मां दुर्गा के जयकारों के साथ मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए वह पूरे विधि विधान से मंदिरों में पूजा अर्चना और उपासना कर रहे हैं।

नवरात्रि के पहले दिन नगर के प्रमुख मंदिरों में मां के भक्तों ने जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना की। माता के जयकारों और हवन इत्यादि की सुगंध से मंदिरों का वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्राम निजरा में आयोजित विशाल शतचंडी महायज्ञ को लेकर पीतवस्त्रधारी महिलाओं व बालिकाओं ने नगर में कलशयात्रा निकाली। गंवादेवत मंदिर, मनोकामना बैनी महाराज मंदिर, हथौड़ा देवी मंदिर पर तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। पालिका प्रशासन की ओर से सभी मंदिरों के आसपास विशेष तौर से साफ सफाई के अलावा चूना भी डाला गया। चेयरमैन अबरार अहमद के दिशा निर्देश पर जलापूर्ति सुबह चार बजे से चालू कर दी गई।



# अवैध खनन पर खनन विभाग की सख्त कार्यवाही अवैध खनन करते आठ डंपर सीज

अफजलगढ* उत्तराखंड से जनपद में लाए जा रहे अवैध खनन से लदे डंपरो को पुलिस ने पकड़ कर खनन अधिकारी के हवाले किया उन्हें सीज कर चौकी में खड़ा कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर सड़कों पर दौड़ रहे अवैध खनन से भरे ओवरलोड आठ डम्परों को हल्का नंबर तीन इंचार्ज एस आई मुकेश कुमार राजौरा, एस एस आई ऋषिपाल सिंह, हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह, कांस्टेबल मौहम्मद जुनेद ने भूतपुरी पर रोक कर चेकिंग किया तो सभी डंपर के पास रावल्टी प्रेपत्र न होने के और ओवरलोड होने के कारण विवेकानंद कासमपुर गढी. चौकी प्रभारी संदीप सिंह के हवाले कर दिया सूचना पाकर जिला खनन अधिकारी शिव दयाल सिंह ने विवेकानंद पुलिस चौकी पहुंचकर सभी आठ डम्परों को किया सीज दिया। अवैध खनन से लदे सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड डम्परों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन द्वारा संयुक्त रुप से अभियान चलाया जा रहा है। परंतु खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि वह पुलिस और प्रशासन की तमाम सख्ती के बावजूद भी धड़ल्ले से अवैध खनन का व्यापार करते हैं खनन से लदे डंफर पकड़े जाने के बाद खनन माफिया लगातार थाना कोतवाली के इर्द-गिर भारी मात्रा में खनन माफिया घूमते नजर आए परंतु कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह के कड़े रूख के चलते उनकी एक न चाली और पकड़े गए सभी डंपरों को खनन अधिकारी का हवाले कर सीज कर दिया गया




# कई महीनों से नहीं मिला सफाईकर्मियों को वेतन, कूड़े के अंबार से लोग परेशान

नोएडा. ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित देविका गोल्ड होम्ज सोसाइटी में बीते पांच महीनो से सफाई कर्मियों को उनका वेतन नही मिला जिसकी वजह से सभी कर्मी हड़ताल पर है. सोसाइटी के बेसमेंट में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और पूरी सोसायटी में बदबू से लोग बेहद परेशान है. वहीं गुस्साए सोसायटी वासियों ने मेंटेनेंस आफिस के बाहर सोसायटी का कचरा फेंक कर अपने गुस्से का इजहार किया है.

देविका गोल्ड होम्स सोसाइटी के सफाईकर्मी चंदन ने बताया कि बीते एक साल से इस सोसायटी में हम सफाई का काम कर रहे है. किसी महीने समय पर तनख्वाह नही मिली कभी दो महीने की तो कभी तीन महीने की इस बार बीते पांच महीनों से हमारा वेतन नहीं दिया और हमारे भी बच्चे है. उनको क्या खिलाएं, इसलिए हम पिछले शुक्रवार से हड़ताल पर है. वहीं सफाईकर्मियों के सुपरवाइजर राजेश यादव ने बताया कि मुझे मिलाकर कुल 8 सफाईकर्मी इस सोसायटी में साफ सफाई का ध्यान रखते है और जब हम हमारी तनख्वाह नहीं मिलेगी तो हम कैसे घर का गुजारा करेंगे. मेंटेनेंस वाले अपनी आफिस छोड़कर भाग गए हैं. हमारी मजबूरी कोई सुनने को तैयार नहीं है, इसलिए

# नोएडा सेक्टर 62: गणेश वंदना के साथ रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा। श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित श्रीरामलीला का मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा एवं क्षेत्रीय विधायक पंकज सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर प्रथम दिवस की रामलीला का शुभारंभ हुआ। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

श्रीरामलीला मंचन की शुरूआत गणेश वंदना एवं पूजन के साथ हुई। गणेश वंदना में कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रथम दृश्य में भगवान शिव माता पार्वती को श्रीराम कथा का वृतांत वर्णन करते हैं। भगवान शिव बताते हैं कि मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान राम मनुष्य हैं या ब्रह्म हैं वह बताते हैं कि श्रीराम ब्रह्म स्वरूप हैं। अगले दृश्य में दिखाया जाता हैं कि नारद जी को अहंकार हो जाता हैं और भगवान अपने भक्त के अहंकार का समूल नाश करते हैं। भगवान विष्णु अपनी माया से एक माया नगरी बनाते जिसमें विश्वमोहनी नाम की राजकुमारी का स्वयंवर होता हैं। नारद जी उस कन्या पर मोहित होकर उससे विवाह करना चाहते हैं और भगवान से सुन्दर स्वरूप मांगते हैं लेकिन भगवान उनको बंदर का स्वरूप प्रदान करते हैं जब वह सभा में पहुंचते हैं तो शिवगण उनका मजाक उड़ाते हैं और वह कन्या भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल देती है। उपहास से क्रोधित नारद जी भगवान को श्राप दे देते हैं। इधर लंका का राजा रावण रिषी मुनियों पर अत्याचार करता हैं। उसके अत्याचार से परेशान होकर रिषी, मुनि व देवताओं ने भगवान विष्णु की आराधना करते हैं। भगवान ने प्रकट होकर उन सभी को आश्वासन दिया कि वह राम रूप में अवतार लेकर दुष्टों का संहार करेंगे। भगवान की आरती के साथ पहले दिन की रामलीला का समापन होता है।




समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि कल 16 अक्टूबर को श्रीराम जन्म, वशिष्ठ जी द्वारा नामकरण, विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध, मारिच सुबाहु आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, अजीत चाहर, गौरव मेहरोत्रा, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, चंद्रप्रकाश गौड़, शांतनु मित्तल, सुधीर पोरवाल, मोतीराम गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, आर के उप्रेती सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।



# समाचार पत्र के दो साल पूरे होने पर

समाज जागरण आपकी शहर आपकी खबर

# दैनिक समाज जागरण

समाज जागरण आपकी शहर आपकी खबर

## परिवार की ओर से आप सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

मां शारदे न्याय और सत्यता के प्रतिक लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सत्य बोलने और लिखने की शक्ति दे।



**कमला कान्त दूबे,**
दैनिक समाज जागरण,
शाहाबाद प्रक्षेत्र ब्यूरो भोजपुर, रोहतास, बक्सर, कैमूर 9006265092, 9472199528






**मनोज कुमार**
दैनिक समाज जागरण रोहतास जिला ब्यूरो



संजय कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण, कछवां रोहतास मो०.9431855753 एसबीआई लाइफ मित्र, एचडीएफसी बैंक, बीसी नाला रोड,कछवां



लाल बिहारी गुप्ता दैनिक समाज जागरण संवाददाता, प्रखंड तिलौथू रोहतास



अजय कुमार सोनी, दैनिक समाज जागरण संवाददाता, प्रखंड करगहर रोहतास



प्रहलाद तिवारी संवाददाता दैनिक समाज जागरण,प्रखंड बिक्रमगंज रोहतास



विकाश शुक्ला संवाददाता,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड चेनारी रोहतास



अमित कुमार, दैनिक समाज जागरण संवाददाता,प्रखंड का-राकाट रोहतास



राज कुमार (उत्पल)दैनिक समाज जागरण संवाददाता, प्रखंड कोचस रोहतास



अमन गुप्ता दैनिक समाज जागरण, संवाददाता प्रखंड रोहतास

**दैनिक समाज जागरण के 2 साल पूरे होने पर**
समाज जागरण के पूरी टीम एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ सलीम अहमद
शिशु रोग विशेषज्ञ
नवीनगर रोड़ अम्बा ,
औरंगाबाद (बिहार)



**दैनिक समाज जागरण के 2 साल पूरे होने पर**
समाज जागरण के पूरी टीम एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ



डॉ मोहम्मद मोबीन आलम
मेडीकल आफिसर कारा काट रोहतास
वर्तमान नवीनगर रोड़ अम्बा ,
औरंगाबाद (बिहार)

**दैनिक समाज जागरण के 2 साल पूरे होने पर**
समाज जागरण के पूरी टीम एवं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
भरत कुमार सिंह,
स्वच्छता पर्यवेक्षक
ग्रामपंचायत :- कर्मा बसंतपुर
प्रखंड :- कुटुम्बा,
जिला :औरंगाबाद (बिहार )



# जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 50 फीसदी की आयी कमी

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। खराब सड़कों से 14 फीसदी हादसे होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), पुलिस उपायुक्त यातायात, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, पशु चिकित्साधिकारी, नगर निगम एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जबाब-तलब किया गया।

तदसंबंध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में पंजीकृत ऐसे वाहनों, जिनका फिटनेस/पंजीयन समाप्त है, ऐसे कुल वाहनों की संख्या 10473 है जिनमें 8696 वाहन स्वामियों को नोटिस निर्गत की गयी है तथा 272 पंजीयन निलम्बित किये गये है एवं 436 पंजीयन निरस्त है। निजी वाहनों द्वारा एक बारीय कर जमा किया जाता है, जिसके कारण टोटल लॉस वाले वाहनों को छोड़कर सामान्य तौर पर वाहन स्वामी द्वारा पंजीयन निरस्त नहीं कराया जाता तथा पंजीयन नवीनीकरण कराकर वाहन संचालित की जाती है। एनसीआर एवं टीटीजेड क्षेत्र को छोड़कर वाहनों की अधिकतम आयु सीमा निर्धारित न होने के कारण नोटिस/विज्ञप्ति के माध्यम से पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की जाती। इन वाहनों में फिटनेस की आवश्यकता नहीं होती है। उल्लेखनीय है कि बिना फिटनेस/पंजीयन के संचालित वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 1493 वाहनों का चालान एवं 160 वाहनों को निरूद्ध किया गया, जिसके फलस्वरूप रू0 74.65 लाख जुमार्ना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद वाराणसी में परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा बिना सीटबेल्ट, बिना हेलमेट, गलत दिशा में संचालन, ओवर स्पीड, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग एवं नशे की हालत में वाहन संचालन किये जाने के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन/जॉच की कार्यवाही की जा रही है। अप्रैल, 2023 से अब तक विभिन्न अभियोग में (यथा-बिना सीटबेल्ट-3511, बिना हेलमेट- 7496, गलत दिशा में संचालन- 669, ओवर स्पीड-817, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग-1406 एवं नशे की हालत में वाहन संचालन-24) कुल-13923 वाहनों का चालान करते हुये कुल रू0 130.21 लाख जुमार्ना आरोपित किया गया है तथा सड़क सुरक्षा की अवहेलना के विरूद्ध अनवरत प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।




जनपद में संचालित 52 प्रदूषण जाँच केन्द्रों द्वारा 01 अप्रैल, 2023 से अब तक कुल 1, 16,468 वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किया गया है तथा 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र वाहन संचालन किये जाने के अभियोग में कुल 223 वाहनों का चालान करते हुए कुल रू० 22.30 लाख जुमार्ना वसूल किया गया है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि यातायात पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 22 महीनों के दौरान गलत पार्किंग करने वाले कुल 100229 वाहनों व गलत दिशा से संचालित करने वाले कुल 4205 वाहनों तथा प्रदूषण में कुल 3452 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी है। उक्त के अतिरिक्त वाराणसी में नियुक्त समस्त चालान कर्ता अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया है कि अपने- अपने क्षेत्र में ड्यूटी स्थल पर लगातार भ्रमणशील रहकर गलत लेन से संचालित होने वाले व गलत वाहन गलत पार्किंग करने वाले वाहनों के विरूद्ध एम०वी० एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड ने बताया कि जनपद में शहर के समस्त मार्गों को पैचलेस कर दिया गया है। निमार्णाधीन मार्गों को पैचलेस कर मोटरेबल कर दिया गया है। यातायात की सुगमता हेतु रोड साइनेज लगाया गया है। मार्ग की ज्यामितीय/सतह के कारण अभी तक किसी प्रकार की दुर्घटना की शिकायत लो०नि०वि० प्राप्त नही हुई है। भविष्य में यदि मार्गों की ज्यामितीय/सतह के कारण दुर्घटना की सूचना पायी जाती है तो उसे शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर लिया जायेगा। पशु चिकित्साधिकारी, नगर निगम ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन 09 कैटिल कैचर वाहनों के द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही के अन्तर्गत अक्टूबर महीनें में कुल 67 छुट्टा पशुओ को पकड़कर कांजी हाऊस में बन्द किया गया। छुट्टा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जीपीएस फोटोग्राफी भी करायी जाती है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में पशुगणना के अनुसार 12449 निराक्षित गोवंश है। जिसके सापेक्ष 12801 गोवंश संरक्षित किये जा चुके है। माह-जुलाई में 20 गोवंश एवं अगस्त में 157 गोवंश संरक्षित किये गये। संरक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उपर्युक्त विभागों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर किये गये प्रर्वतन कार्यों के फलस्वरूप यातायात निदेशालय, उ०प्र० से प्राप्त वर्ष 2023 के अगस्त माह के सड़क दुर्घटना संबंधी आंक-ड़ों का विश्लेषण किया गया, जिसमें माह अगस्त में जनपद वाराणसी में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने का लक्ष्य पूरा किया गया है।

# करगहर में धूमधाम से किया गया जल यात्रा का कार्यक्रम

## *शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न जगहों पर आयोजित शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा पूजा समिति करगहर की देखरेख में जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रारंभ के साथ 501 कलश लेकर भगवा वस्त्र के साथ मां बहनों ने अपनी श्रद्धा के साथ कलश पूजन एवं शोभायात्रा निकाली। कलश जल यात्रा कार्यक्रम का संचालन प्रखंड के विख्यात प्रवक्ता दीपक रंजन वर्मा ने किया। यात्रा को पंक्तिबद्ध एवं अनुशासन पूर्वक संपन्न कराने में श्री दुर्गा पूजा समिति एवं करगहर के सभी कमीटी के लोगो ने भरपूर सहयोग किया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति की ओर से आए





हुए सभी अतिथियों के साथ शाहाबाद के वरिष्ठ एवं कर्मठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडे उर्फ सोनू पांडेय, सहित कई सम्मानित जनप्रतिनिधि ,समाजसेवियों को दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महावीर सोण्डिक के द्वारा अंग वस्त्र एवं पुष्प माला से शानदार स्वागत किया गया। बक्सर गंगोत्री से जल भरने के बाद कलश की स्थापना करगहर विशाल पूजा पंडाल परिसर में की गई। सर्वत्र मां के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय के साथ गूंज उठा। युवाओं की टोलियों में अजब उत्साह देखा गया। इसके अलावे श्रद्धालुजन ने अपने-अपने घरों में भी नवरात्र पर दुर्गा पाठ प्रारंभ किया। इसमें दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति के प्रतिष्ठापान से घर में सुख-शांति व समृद्धि का आगमन होता है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में युवाओं के द्वारा सामाजिक संगठनों के तहत दुर्गा पंडाल में कलश की स्थापना की गई' वही सिरसिया, पूर्वी ठोरसन, जलालपुर, डिभिया, अररूआ, ठोरसन, डिभिया, सिरिसिया , शिवन , सज्जन डिहरा सहित कई गांव में माता रानी के पंडाल का भव्य रूप दिया जा रहा है। मौके पर उपस्थित दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद सौंणिक,उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी धनंजय पांडे, सत्यम पटेल, पंकज कुमार प्रियांशु, मंत्री पप्पू गुप्ता, पुजारी कृष्ण सिंह, सचिव मिथिलेश सेठ, कोषाध्यक्ष विजय प्रसाद केसरी एवं संचालक राकेश कुमार गुप्ता, पिंटू गुप्ता, निर्मल सेठ, अजय दादा, समाजसेवी विकास गुप्ता, रवि कुमार उर्फ भुवर के साथ गांव के महिलाएं बूढ़े नौजवान युवा साथी तथा सभी सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहें।

# प्रभु श्री राम लक्ष्मण माता जानकी के गंगा पार जाने के मार्मिक मंचन के साथ शुरू हुआ रसड़ा का मेला

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता जिला संवाददाता**

रसड़ा(बलिया)। छोटी काशी के नाम से मशहूर रसड़ा की ऐतिहासिक रामलीला का दूसरा दिन रविवार को प्रभु श्री राम लक्ष्मण माता जानकी के गंगा पार जाने के मार्मिक मंचन के साथ शुरू हुआ। भगवान श्री राम केवट संवाद एवं नदी पार के दृश्य को देखने के लिए गांधी पार्क स्थित रोशा शाह के सरोवर की सीढियो पर हजारों महिला पुरुष एवम बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। भगवान श्री राम लक्ष्मण माता जानकी के गंगा पार दृश्य का सजीव मंचन किया गया। गंगा पार जाने से पूर्व भगवान श्री राम केवट के बीच मार्मिक संवाद सुन उपस्थित नर नारी एवम श्रद्धालुओ



[illegible] सरोवर में गंगा पार जाने के दौरान केवट गान एवं संकीर्तन कार्यक्रम में लोग भाव विभोर हो गए। गंगा पार मंचन पाश्चात नगर के राधा कृष्ण मंदिर से भगवान श्री राम लक्ष्मण माता जानकी को शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं माता जानकी की जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चन एवं नमन किया। इस मौके पर [illegible] राज कुमार गुप्ता, अंजनी तिवारी, आदि ने कार्यक्रम के सहयोग के लगे रहे। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह भारी पुलिस बल संग सुरक्षा में लगे में रहे।

# थाना प्रभारी दिनेश कुरील ने महिलाओं को जागरूक कर निकली रैली

कुठौंद जालौन, सरकार की नीतियों के अनुसार महिलाओं को जागरूक करने हेतु सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील ने थानां क्षेत्र में कई ग्रामो में महिला सशक्तीकरण फेज 4 का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक कर ग्राम में रैली निकाली। बता दे कि आज मिशन शक्ति फेज 4 के तहत आज थानां क्षेत्र के ग्राम। पीएस जहटौली व छानी अहीर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे थानां प्रभारी दिनेश कुरील ने महिलाओ के प्रति उनके अधिकारों व उनके सुरक्षा उनकी सुरक्षा में सहयोगी नंबरों के बारे में बताया। महिला कांस्टेबिल अंजू, मंजू ने महिलाओं को आये दिन हो रहे अपराधों के बारे में जागरूक किया ग्राम प्रधान योगेश कुमार ने सरकार की लाभान्वित योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी



क्रायक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी मोहित सचान, ग्राम विकास अधिकारी बेद प्रकाश व रानी प्रीती गुड्डी कमला रजन रेखा सहित सैकड़ो की भीड़ रही

# मां धर्मा देवी फाउण्डेशन गरीब, असहाय एवं कमजोरों की बनेगी आवाज : अंशु गिरि

## *जौनपुर में केन्द्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन*

**ब्यूरो जौनपुर समाज जागरण**

जौनपुर। गरीब असहाय मजलूमों की आवाज उठाने व उनका सहयोग करने के लिए मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट हमेशा तत्पर रहेगा उक्त बातें अंशु गिरी बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मां धर्म देवी फाउंडेशन ट्रस्ट ने ट्रस्ट के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। बताते चलें कि मां धर्म देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश कुमार शर्मा द्वारा जिले के वाजिदपुर तिराहे के पास चांदमारी कन्हईपुर में केंद्रीय कार्यालय बनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार से आयी हुई महिला



विकास मंच की प्रदेश अध्यक्ष अंशु गिरी ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। संस्था संस्थापक सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि मां धर्मा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट का मात्र एक उद्देश्य है कि समाज में गरीब असहाय मजलूमों की मदद करना। जैसा कि हमारी संस्था के द्वारा वृद्धाश्रम में महीने में एक बार निःशुल्क हेयर कटिंग का कार्य तथा हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग विद्यालय में दिव्यांग बच्चों का महीने में दो बार हेयर कटिंग का कार्य तथा अनेक ऐसे सामाजिक एवं धमार्दा कार्यों में हमारी संस्था बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। इस मौके पर डॉ. जीएन सिंह शाक्य प्रवक्ता, डॉ. अवनीश अस्थाना, राजेश गौतम, अनिरुद्ध यादव, संतोष कुमार प्रजापति, डॉ. प्रमोद माली, स्वदेश कुमार, विनय कुमार, श्रीमती पुष्पा देवी जिला कार्यकारिणी सदस्य बिहार, आसिफ पठान, शिवम सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट इलाहाबाद, अनिल कुमार गौतम, नरेन्द्र गिरी, संतोष शर्मा आदि मौजूद रहे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अपराधी सुधर जाए नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई, कोतवाल समीर सिंह,

**संवाददाता मोनू शर्मा,**

माधौगढ़ जालौन माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार माधौगढ़ की कुशल मार्गदर्शन में तथा माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समीर सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा चलाए जा रहे अभियान लंगड़ा एवं पाताल के तहत अपराधियों की कमर तोड़ कर रखदी इसी अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समीर सिंह के द्वारा लगातार गांजा तस्करी, जुआ के अड्डे, सट्टा, संदिग्ध वाहन, संदिग्ध



व्यक्ति एवं अपराधियों के ठिकाने पर लगातार छापेमारी करने से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है कोतवाल समीर सिंह ने पत्रकार वार्ता में बोलते हुए बताया की सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा जबकि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समीर सिंह को उपनिक्षक अजय कुमार तिवारी एवं एस आई नन्ने लाल सिंह का भरपूर सहयोग मिल रहा है माधौगण पुलिस द्वारा रात में लगातार गस्त करने से अपराधियों में भय प्राप्त है

# रमेश सिंह को टिकट मिलते ही कांग्रेसी कार्यकताओं ने मनाई दिवाली

अनूपपुर / मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है कांग्रेस ने भी नवरात्रि के पहले दिन अपने 144 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है अनूपपुर विधानसभा में भी प्रत्याशी की घोषणा हो चुकी है जिसको लेकर कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। रमेश सिंह का नाम फाइनल होते ही अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के कोंग्रेसी कार्यकताओं के साथ हर वर्ग में खुशी की लहर छा गई और उनके समर्थकों ने जश्न मनाया ढोल-ताशों की थाप पर जमकर नाचे, भारी मात्रा में आतिशबाजी की तथा मिठाई वितरण कर खुशी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने दीपावली से पहले ही दीपावली मना ली । कार्यकताओं ने जगह जगह पटाखे फोड़कर मिठाई बाटी साथ ही जिला कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर मे भी पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया ढोल धमाकों से उनका जगह जगह स्वागत किया गया । कार्यकताओं का कहना है कि पार्टी ने सुयोग्य, सरलता और सहजता के व्यक्ति के धनी रमेश सिंह को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया निश्चाय ही हम विजय श्री प्राप्त करेंगे इस अवसर पर प्रत्याशी रमेश सिंह ने टिकट देने के लिए शीर्ष नेताओं का धन्यवाद देते हुए कहा की मध्य प्रदेश में कांग्रेस की आंधी चल रही है हम पूर्ण बहुमत से कॉंग्रेस की सरकार बनायेगे, मेरी हिम्मत, आँख, कान, नाक कांग्रेस के मेरे कार्यकर्त्ता है, पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है मै खरा उतरने का प्रयास करूंगा इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रभूषण त्रिपाठी ने कहा कि जिस सर्वे के आधार पर कांग्रेस ने रमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है इसका सटीक रिजल्ट आए , एडवोकेट चंद्रकांत पटेल ने भी अपने उद्बोधन में कहां की कांग्रेस ने हमें सशक्त ईमानदार, प्रत्याशी दिया है हम सबको मिलकर इन्हें विजय बनाना है अजय यादव ने भी कांग्रेस के कार्यकताओं से एक जुट होकर रमेश सिंह के लिए जी जान से काम करने के लिए कहां, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वासुदेव चटर्जी ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहां की हम सब रमेश बन करके सभी कार्यकताओं को कांग्रेस के लिए काम करना चाहिए, इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवती प्रसाद शुक्ला, भूरा यादव, आर एल शर्मा, सुनील पटेल, आदि ने अपने विचार व्यक्त किया

**पूरे जिले भर मे जश्न का माहौल**

कांग्रेस पार्टी द्वारा रमेश सिंह को अनूपपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने पर जिले भर के कांग्रेसी कार्यकताओं में जबरदस्त जश्न का माहौल है, कोतमा, विधानसभा से लेकर पुष्पराजगढ़ विधानसभा तक कांग्रेस के कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा देखने को मिल रही है, रमेश सिंह के नाम पर मोहर लगते ही अनूपपुर मे कांग्रेस एक जुट दिखाई पड़ रही है, 15 अक्टूबर रविवार को कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी,`

**खचा खच भरा रहा कांग्रेस कार्यालय**

रविवार को टिकट घोषित होते हैं कांग्रेसी कार्यकर्ता धीरे-धीरे जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन मे पहुंच कर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व प्रत्याशी रमेश सिंह को बधाइयां देने के लिए पहुंचने लगे देखते ही देखते कांग्रेस कार्यालय भरा रहा इस दौरान, वर्ष कांग्रेस नेता भगवती प्रसाद शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता, भूरा यादव, राजन राठौड़, आरएस शर्मा, पार्षद दीपक शुक्ला, पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व पार्षद रामाधार बैगा, ब्लॉक अध्यक्ष वेदक पटेल, कार्यालय मंत्री सत्येंद्र स्वरूप दुबे, चन्दन प्रताप सिंह, खलील मेनन, नीलेश अग्रवाल, जाकिर राठौर, राम सजीवन गौतम, श्रीमती सावित्री त्रिपाठी, डॉक्टर एहसान अली, राजेश द्विवेदी, कमलेश सिंह, गौरी शंकर चौधरी, निरंजन सिंह, मनीष भोजवानी, अजय दास, नजीर खान, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे`

# जमुई में जुआ फड़ संचालित कर रहा रजूस, राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण नहीं होती कार्यवाही

शहडोलः अपराध और अपराधियों पर नकेल कसकर जिला वासियों को अमन चैन की जिंदगी मुहैया कराने के पुलिस प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद अपराधिक गतिविधियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अपराधिक गतिविधियों के हर क्षेत्र में कुछ बदलाव जरूर हुए हैं लेकिन इन गतिविधियों को नियंत्रित कर पाने में पुलिस महकमें को अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। बताया जाता है कि जुआ फड़ का शहर के आसपास व जिले के दूरवर्ती क्षेत्र एवं बॉर्डर के पार से बड़ी संख्या में जुए के फड़ निर्भय होकर चलाए जा रहे हैं। जिनमें से कुछ की जानकारी पुलिस विभाग के मैदानी अमले को है तो कुछ की नहीं भी है। मैदानी अमला अपनी भूख शांत कर अपराधियों का रसूख बढ़ा रहा है जबकि वरिष्ठ और जिम्मेदार अधिकारी इन अवैध गतिविधियों से पूरी तरह वाकिफ भी नहीं हो पाते हैं। जिला मुख्यालय से लगे हुए गांव जमुई का रजूस भी ऐसा ही व्यक्ति है जिसके रसुख पर सोहागपुर थाना पुलिस के सहयोग से चार चांद लगाते नजर आ रहे हैं।सूत्र से मिलने वाली खबरों पर यदियकीन किया जाए तो जमुई में रजूस नामक सरगना का एक छत्र राज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक लंबे अरसे से रजूस नामक व्यक्ति द्वारा जुआ पर संचालित किया जा रहा है जिसमेंसंभाग के विभिन्न स्थानों के लोग अपनी किस्मतआजमाने आते हैं और उनकी किस्मत का जो भी हो रजूस की किस्मत चमकते जा रही है उसी क्रम में बैंक बैलेंस भी बढ़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इस गांव में वामन परी का खेल कोई अभी चल रहा है बल्कि जमुई में जुए के अवैध फड़ संचालित होने की खबरें एक लंबे अरसे से आती रही है जिन पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का ध्यान भी आकृष्ट कराया जाता रहा है लेकिन इन अवैध जुआ फड़ों पर अब तक कार्यवाही की गाज नहीं गिरी है। बीच में एक आध बार अधिक दबाव बनने पर कार्यवाही काउपक्रम जरूर किया गया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी और अब यह कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ रहा है जो जिले की कानून व्यवस्था और पुलिस महकमें की मुस्तैदी के नाम पर एक बड़ी चुनौती बन चुका है।

**राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों का संरक्षण**

जमुई में अवैध रूप से संचालित जुआ फड़ोंसे परेशान स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कथित तौर पर पुलिस के मैदानी अमले द्वारा फड़ संचालकों को अवैध संरक्षण दिए जाने के कारण ग्रामीणों का शांतिपूर्वक जीना दुश्वार हो गया है। यहां आए दिन गांव के किसी न किसी स्थान पर जुआ फड़ संचालित होने के कारण बाहर से आने वाले लोगों और उनकी गलत हरकतों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है, जिससे कभी भी गंभीर स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। अपराध और अवांछित गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में सतत प्रयत्नशील पुलिस अधीक्षक अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि मैदानी अमले को कर्तव्य निर्वहन का पाठ पढ़ने के साथ ही अपराधी व अवांछित तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए ताकि जमुई व आसपास के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग शांतिपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

# अंतर्जनपदीय पशु तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

खेतासराय, जौनपुर। स्थानीय पुलिस ने रविवार को लेदरही गांव स्थित नहर के पास से एक अंतर्जनपदीय पशु तस्कर को गिरफ़्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से करीब 50 ग्राम डायजापाम की पुड़िया बरामद हुई। आरोपित का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर न्यायालय भेज दिया। एसओ चन्दन राय ने बताया कि वह मय हमराह रविवार को क्षेत्र में गश्त पर थे। प्रातः मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लेदरही नहर




पुलिया के पास से एक संदिग्ध को दबोचा गया। पुलिस के अनुसार उसके पास से तलाशी में मादक पदार्थ बरामद हुआ है। पूछताछ में अपना नाम सलमान उर्फ मन्नी पुत्र मोहसिन निवासी मोहियापार थाना अहरौला आजमगढ़ बताया। आरोपित पशु तस्कर पर आजमगढ़ के अहरौला थाना में पशु क्रूरता, गौवध निवारण अधिनियम, गैंगेस्टर समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चंदन राय के साथ उपनिरीक्षक मंहगू यादव, हेड कांस्टेबल अंबिका यादव, संजय पांडेय, संदीप कुमार सिंह, संदीप यादव शामिल रहे।

# कहीं ट्रैक्टर ट्राली तो कहीं बाइक और जीप में सवार होकर पंडाल तक पहुंची मां जगदंबे, देर रात तक हुई दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना



रायसेन। नवरात्र के पहले दिन रविवार को सुबह से ही दुर्गा प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम शुरू हुआ जो की देर रात तक चलता रहा घट स्थापना के साथ श्रद्धालुओं ने दुर्गा प्रतिमाओं को पंडाल में विराजमान किया । शहर में दिनभर दुर्गा उत्सव को लेकर बाजार में चहल पहल देखी गई उत्साह के साथ लोग बाजार से पंडाल स्थल तक दुर्गा प्रतिमाओं को कोई ट्रैक्टर ट्राली तो कोई जीप और बाइक से दुर्गा प्रतिमाओं को ले जाते हुए देखा गया । श्री दुर्गा उत्सव को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है, शहर में 100 से भी ज्यादा स्थानों पर दुर्गा माता की झांकियां लगाई गई हैं। रविवार से मां जगदंबे की कठिन उपासना और पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया है, देवी मंदिरों में भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक जल चढ़ाने वाले भक्तों की काफी भीड़भाड़ देखी गई मंदिर स्थलों पर भी मां जगदंबे की विशेष पूजा उपासना प्रारंभ हो गई है शिवोम दुर्गा मंदिर पर 151 ज्योति कलश जलाए गए हैं वहीं शहर के अन्य देवी दुर्गा मंदिरों पर भी अखंड ज्योति जलाई गई हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर 09 सेक्टर अधिकारियों को जारी किए कारण बताओ सूचना पत्र

**रायसेन, 15 अक्टूबर 2023**

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में शनिवार को जिले की चारों विधानसभाओं के सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 09 सेक्टर अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं राष्ट्रीय महत्व के कार्य को गंभीरता से ना लेकर निदेर्शों की अवहेलना करने पर लोक सेवा प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-32 निर्वाचन संचालन नियम और मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी श्री नरेन्द्र लोधी प्राचार्य शास.उ.मा.वि. साईखेड़ा तहसील सिलवानी, श्री नरेश रघुवंशी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिलवानी, श्री केएल शर्मा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम रायसेन, सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी श्री एसके मालवीय कार्यपालन यंत्री पीएचई रायसेन तथा श्री अशोक ठाकुर उपयंत्री भवन लोक निर्माण विभाग पीआईयू रायसेन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इसी प्रकार भोजपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी डॉ राजीव जैन वरिष्ठ पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ कृत्रिम गभार्धान केन्द्र औबेदुल्लागंज तथा डॉ देवेन्द्र सिंह जादौन वरिष्ठ पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ पशु चिकित्सालय औबेदुल्लागंज और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर अधिकारी श्री आरके कैथल जिला खनिज अधिकारी एवं डॉ सतीश चौरे खण्ड पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी औबेदुल्लागंज को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। इन सभी संबंधित सेक्टर अधिकारियों को तीन दिवस में कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं कि क्यों ना संबंधितों के विरूद्ध निर्वाचन संचालन नियम तथा मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन शीतला चौकियां धाम में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

## *भोर से ही दर्शनार्थियों की लगी रही लम्बी कतारें*

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

चौकियां धाम, जौनपुर। शीतला चौकियां धाम में शारदीय नवरात्र के पहले दिन दर्शन पूजन के लिये भक्तों का जनसैलाब उमड़ा रहा। सुबह चार बजे से ही मंदिर के कपाट खुलने के पश्चात मां शीतला जी का आरती पूजन पुजारी शिव कुमार पंडा ने किया। माता रानी जी के जयकारे से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। आरती पूजन के पश्चात कतार में खड़े दर्शनार्थियों के लिये



कपाट खोल दिये गये। भक्तों की लम्बी कतार माताजी के दर्शन पूजन के लिये लगी हुई थी। दर्शनार्थी लाइन में खड़े होकर बारी बारी से दर्शन पूजन करते हुए नजर आये। पूरा धाम घण्टे घड़ियाल तथा मां के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। कंट्रोल रूम से पुलिस लगातार कतार में लगकर दर्शन पूजन करने की घोषणा करती रही। महिला पुलिस भी सुरक्षा में जगह जगह तैनात रही। मंदिर परिसर में ही मां दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित किया गया है। वहीं मंदिर परिसर के बगल में भगवान सत्य नारायण मन्दिर में भी दर्शनार्थी दर्शन पूजन करते हुए नजर आये। मातारानी जी के दर्शन पूजन करने के बाद दर्शनार्थी कालभैरव नाथ मंदिर व काली माता मन्दिर में दर्शन पूजन करते हुए नजर आए। जिला प्रशासन द्वारा मन्दिर परिषद क्षेत्र में शीतला चौकियां चौकी प्रभारी रोहित मिश्रा सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ अन्य थानों की पुलिस, पीएसी बल सुरक्षा की दृष्टि से मेला क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर तैनात रहे। बैरियर लगाकर चार पहिया वाहनों का प्रवेश धाम क्षेत्र में रोक दिया गया है।

# 16 की शाम सिंहपुर में बहेगी भजनों की गंगा

## *सुप्रसिद्ध भजन गायिका हिना सिंह देंगी प्रस्तुति*

**सिंहपुर**

आदिशक्ति मां जगत जननी कीअसीम अनुकंपा से मां काली एवं राम जानकी सेवा संस्थान के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि के पर्व के अवसर पर ज्योति कलश प्रतिमा स्थापना धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,दुर्गा पूजा के द्वितीय दिवस 16 अक्टूबर दिन सोमवार को शाम 7:00 से विशाल देवी जागरण एवं देवी देवताओं के झांकी की प्रस्तुति की जा रही है,

**सुप्रसिद्ध भजन गायिका बरसाएगी भजनों की गंगा –**

छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका हिना सिंह एवं उनके साथियों के द्वारा देवी जागरण के दौरान भजनों की गंगा बहाई जाएगी गौरतलब है कि पूरे देश में ख्याति प्राप्त भजन गायिका हिना सिंह के भजनों में श्रद्धालु भक्तगण भाव विभोर हो जाते हैं, दुर्गा उत्सव



आयोजन मां काली एवं राम जानकी मंदिर प्रांगण सिंहपुर में हो रहे उपरोक्त धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयोजन समिति ने आम जनता एवं श्रद्धालुओं से अपील की है अधिक से अधिक संख्या में पधार कर भजन अमृत का आनंद लें

# भारतीय तटरक्षक बल ने मुंबई अपतटीय क्षेत्र में पनामा जलपोत से चीनी चालक दल के बीमार सदस्य को आपात स्थिति में बचाया

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मुंबई अपतटीय क्षेत्र में 14 अक्टूबर 2023 को पनामा ध्वज वाले जलपोत एमटी हुआ वेई 8 से चालक दल के चीनी सदस्य को आपात स्थिति में सुरक्षित बचा लिया। देश के पश्चिमी तटीय क्षेत्र स्थित आईसीजी नौवहन बचाव समन्वय केन्द्र, मुंबई को 13 अक्टूबर 2023 को इस जलपोत से एक 49 वर्षीय चीनी चालक दल के सदस्य को बचाव नौका उपलब्ध नहीं होने से उत्पन्न संकटपूर्ण स्थिति से बचाने के लिये अनुरोध प्राप्त हुआ था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक चालक दल का यह सदस्य स्ट्रोक के साथ साथ पक्षाघात से पीड़ित हो गया था। जलपोत न्यू मेंगलोर से बिन कासिम, पाकिस्तान की यात्रा पर मुंबई से 122 नौटिकल माइल पर था और चिकित्सा सहायता के लिये रास्ता बदलकर मुंबई की तरफ बढ़ रहा था।

पीड़ित की गंभीर स्थिति को देखते हुये उसे सुरक्षित निकालने के लिये आईसीजी जलपोत सी-439 को



काम में लगाया गया। बहुत कम दृश्यता के बीच आईसीजी ने 0830 बजे मुंबई लंगर क्षेत्र से मरीज को जलपोत से सफलतापूर्वक बचा लिया और वहां से उसे मुंबई बंदरगाह आश्रयस्थल पहुंचा दिया गया। मरीज को उसके बाद आगे की चिकित्सा सुविधा के लिये मुंबई पत्तन बर्थ में स्थानीय एजेंट के सुपुर्द कर दिया गया। इस आपरेशन से एक बार फिर भारतीय जलक्षेत्र में नौवहन बचाव में आईसीजी की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

# पारिवारिक कलह के चलते ट्रांसपोर्टकर्मी ने जहर खाकर दी जान

**समाज जागरण वाराणसी**

रामनगर / वाराणसी स्थानीय थाना क्षेत्र के गोलाघाट मोहल्ले के रहने वाले ट्रांसपोर्टकर्मी 38 वर्षीय नवाजिश खान ने रविवार की भोर में जहरीला पदार्थ खा कर जान दे दी। बताया जाता है कि बीती रात घर में किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। रोज-रोज की कलह से तंग आकर नवाजिश को ऐसा आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक नवाजिश रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार को भोर में परिजन उठे तो देखा नवाजिश अपने बिस्तर पर बेहोश पड़ा है। उस वक्त उसकी सांसे चल रही थी। यह देखकर पत्नी डाली ने शोर मचाया तो परिजन एकत्रित हो गए। परिजन आनन फानन में नवाजिश को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टर ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन नवाजिश को वाराणसी लेकर गये वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया । मृतक रॉबर्ट्सगंज स्थित एक ट्रांसपोर्ट में कार्य करता था। मृतक के 16 वर्षीय पुत्र युसूफ एवं 14 वर्षीय पुत्री सारा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नवरात्रि के प्रथम दिन विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं टेका मत्था।

**आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया**

रसड़ा(बलिया)। नवरात्रि के प्रथम दिन क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। क्षेत्र के उचेड़ा चंडी माई का मंदिर रसड़ा स्थित काली जी मंदिर नीबू कबीरपुर देवी मंदिर अमहर स्थित दुर्गा मंदिर



काली जी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों पर सुबह से ही महिला पुरुष श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने माँ के दरबार में नाड़ियल चुनरी एवम प्रसाद चढ़ा कर माथा टेककर लोक मंगल की कामना की। इस दौरान देवी मंदिरों में मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र ही भक्तिमय बना रहा। नव रात्रि के प्रथम दिन नगर में गुदरी बाजार , बासुदेव बाबा का चबूतरा, गांधी मार्ग गली के पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन शुरू हो गया।

# नवरात्र : कानपुर के मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़े भक्त

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज यहां रविवार से माता के नवरात्र धूमधाम से शुरू हो गये। आज पहले दिन भक्तों ने माँ शैलपुत्री का पूजन किया। नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने जहां घर पर मंगल कलश की स्थापना कर मां दुर्गा के सभी रूपों की विधि.विधान से पूजा.अर्चना की। इसके लिए शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रातःकाल से ही घरों में विधि.विधान के साथ कलश स्थापना हुई। दरअसल भक्तों में नवरात्र का प्रथम दिन विशेष महत्व रखता है। इसीलिए पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में प्रातः काल से लेकर मंदिरों में भक्तों की लम्बी.लम्बी कतारें लगी रहीं। आज नवरात्र शुरू होने पर बारादेवी, तपेश्वरी, ज्वाला देवी, जंगली देवी, काली मठिया सहित शहर के छोटे.बड़े मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तगणों ने पूजा.अर्चना कर मां के दर पर मत्था टेका।

इस दौरान माता के जयकारों से मंदिर गुंजायमान होता रहा। सिर पर माता



की चुनरी बांधे भक्तगण उनका गुणगान करते हुए चल रहे थे। श्री वैष्णो देवी मंदिर किदवईनगर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी थीं। मंदिर में मां के पिंडी रूप में महालक्ष्मी महासरस्वती व महाकाली विराजमान थीं। दर्शन करने वाले भक्तों को सावक राम गौड़ ने हलवे का प्रसाद दिया। वहीं बारादेवी मंदिर में कानपुर सहित आसपास के जिलों से भी भक्त आये। दामोदरनगर वैष्णो देवी मंदिर में भक्त जयकारे लगाते हुए गुफाओं से मां के दरबार पहुंचे। इसी तरह किदवईनगर दुर्गा मंदिर व जंगली देवी मंदिर में भी भीड़ उमड़ी। इसी तरह से तपेश्वरी देवी मंदिर में भी धूम धाम से पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने नवरात्र की शुरूवात की। इस बीच सभी मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

# ठेका अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी धड़ल्ले से हो रही रेत की अवैध निकासी

**जितेंद्र शर्मा**

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पूर्व में संचालित रेत खदानों की ठेका अवधि खत्म हो जाने के बाद किसी भी नए ठेकेदार के द्वारा अभी तक रेत खदान का ठेका नहीं लिया गया है, बावजूद इसके शह-डोल मुख्यालय की बात करें या फिर गोहपारू, जयसिंहनगर, व्यवहारी देवलोंद या फिर धनपुरी और बुढार क्षेत्र की हर जगह अवैध रेत खदान धड़ल्ले से चल रही है, नए खनिज अधिकारी और स्थानीय थानों से सेटिंग कर खुलेआम रेत की निकासी हो रही है, अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग पुलिस की सेटिंग और स्थानीय नेताओं की सेटिंग के मार्फत अवैध निकासी का काम अब उफान पर है,जिले के दोनों छोर पर इन दोनों रेत की अवैध निकासी चर्चा का केंद्र बिंदु बनी हुई है। एक तरफ देवलोंद थाना क्षेत्र अंतर्गत भाजपा के तथाकथित नेता के पुत्र और कुछ दबंग परिवारों के द्वारा प्रतिदिन 10 से 12 हाईवा रेत की अवैध निकासी की जा रही है, देवलोद थाने से यह पूरा खेल खुलकर हो रहा है। वहीं थाना क्षेत्र की सीमा से लगे सीधी जिले के सोन घड़ियाल क्षेत्र इन दिनों खनिज माफिया का अड्डा बना हुआ है,यहां से बड़े पैमाने पर रेत की अवैध निकासी होकर उसे रीवा होते हुए उत्तर प्रदेश के मंडियों में भेजा जा रहा है। जिले के दूसरे दूसरे छोर में बुढार थाना क्षेत्र के ग्राम जरवाही का बटली घाट इन दोनों चचाओं में है, बीते सप्ताह ही यहां पुलिस अधीक्षक की टीम ने छापा मार कार्यवाही की थी, कई वाहनों को भी पकड़ा गया था, लेकिन एक बार फिर अवैध रेत की निकासी की चचाएं चरम पर है, पूर्व में जहां जहां गांव के ही अंकित और लोली नाम के दो युवक प्रति ट्रैक्टर ₹2000 पत्रकार और ₹5000 पुलिस के नाम पर वसूल कर या तो अपनी जेब में भर रहे थे या फिर तथा कथितों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे, यह तो अलग मामला है लेकिन छापामार कार्यवाही के बाद जो नई तस्वीर उभर कर सामने आई है,उसमें बुढार क्षेत्र के शाहीद नामक भू माफिया ने अवैध रेत निकासी का जिम्मा उठाया है और जरवाही बटली घाट के अलावा कसेड़ घाट का अवैध ठेका होने का दावा कर रहे हैं, शाहिद के गुर्गों का दावा है कि उसके द्वारा पुलिस के साथ स्थानीय कलमकारों व नेताओं को मैनेज कर लिया गया है, इसके लिए शाहीद के गुर्गों ने जरवाही एवम पकरिया और इससे जुड़े बुढार तथा अन्य ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के ट्रैक्टर और डग्गी मालिकों से संपर्क भी किया जा रहा है प्रति डिग्गी एक माह का पैसा तय किया गया है इसी तरह ट्रैक्टर का ₹20000 प्रति माह सेट किया गया है, इसके अलावा लगभग पांच हाईवे और 10 डग्गियां शाहिद के निर्देशन में उसके गुर्गे चलाएंगे। गौरतलब है कि शाहिद के ऊपर पूर्व में भी भू माफिया की छाप पड़ चुकी है और अंचल में तथाकथित भू माफिया ..चाबी चोर के नाम पर नाम कमा चुका है, शाहिद द्वारा जिस तरह कोयलांचल में खुलेआम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घाट से अवैध रेत निकासी के दावे किए जा रहे हैं, वह निश्चित चिंताजनक है, आने वाले दिनों में क्या होता है या तो अलग बात है लेकिन जरवाही का बटली घाट और कसेड़ घाट अवैध खनिज कारोबारी की शरणगाह बन चुकी है अब देखना यह है कि पुलिस अधीक्षक का चाबुक कितना असर कारक होता है जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इस संदर्भ में क्या पहल करते हैं यह तो आने वाला व्यक्ति बताया लेकिन खनिज संपदा का दोहन और नए-नए सूरमाओं का इस मैदान में कूदना अपराधों को तो जन्म देगा ही।

# देवरी खुर्द के सतबहनीया और बूटापारा के मनका देवी मंदिर में पहुँच मस्तूरी भाजपा प्रत्याशी डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने पूजन के साथ किया चुनाव प्रचार का आगाज

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। मस्तुरी से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्वास जताए जाने के बाद मौजूदा विधायक और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने धुआंधार प्रचार अभियान आरंभ कर दिया है। वे लगातार मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं । इसी क्रम में वे शनिवार को शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर देवरी खुर्द, डेवरीडीह और बूटा पारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 और 43 में स्थित विभिन्न शक्ति मंदिरों में पहुंचे , साथ ही उन्होंने यहां सघन जनसंपर्क भी किया। प्रत्याशी घोषणा में भारतीय जनता पार्टी ने बढ़त बनाई और इस बढ़त का भरपूर लाभ डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी प्रचार अभियान में करते दिख रहे हैं । शनिवार शाम को प्रचार अभियान के तहत वे भाजपा कार्यकताओं के साथ देवरीडीह स्थित माँ सतबहनिया दाई मंदिर पहुंचे, जहां देवी के दर्शन और आराधना के बाद उन्होंने क्षेत्र के कार्यकताओं और आम मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगा । अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में लगातार कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का सभी स्थानों पर गर्म जोशी के साथ आत्मीय स्वागत किया जा रहा है। टिकट मिलने के बाद पहली बार देवरीखुर्द क्षेत्र में पहुंचे डॉक्टर कृष्णमूर्ती बांधी के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान उनके विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं और आम नागरिकों ने भी उनका गर्म जोशी से गाजे बाजे के साथ आतिशी स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान के तहत डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने वार्ड क्रमांक 42 और 43 के देवर-ीडीह, देवरी खुर्द , बूटा पारा क्षेत्र में अपने कार्यकताओं से मुलाकात की और उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर एक-एक मतदाताओं से संपर्क करने के निर्देश दिए। डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से वादा किया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में उपेक्षित मस्तूरी क्षेत्र में



3 दिसंबर के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सभी वादों को पूरा करते हुए विकास कार्यों की झड़ी लगा दी जाएगी। रैली के बाद उन्होंने कार्यकताओं और मतदाताओं को संबोधित करते हुए उनसे आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने पूरा विश्वास जताया कि विगत वर्षों की तरह इस बार भी क्षेत्र की जनता उन्हें अपना स्नेह रूपी वोट देकर एक बार फिर मस्तूरी विधानसभा से अपना प्रतिनिधि बनाकर विधानसभा भेजेगी ताकि वे जन आशीर्वाद से क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान कर पाए। डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि ग्राम देवरीडीह, देवरी खुर्द , बूटा पारा और जुड़े क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की भी समस्याएं हैं। उन्होंने इसके निराकरण के लिए रोड मैप तैयार होने की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन किया जाए

**जीत के प्रति है आशवस्त**

अपने विधानसभा क्षेत्र में मिलनसार और सरल स्वभाव, स्वच्छ छवि और निरंतर सक्रिय रहने के कारण डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी की लोकप्रियता सर्व विदित है।

**एक तरफ जहां डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने धुंआधार प्रचार अभियान आरंभ कर दिया है तो वहीं अब तक कांग्रेस के प्रत्याशी का दूर-दूर तक आता-पता भी नहीं है।**

राजनीतिक हलको में माना जा रहा है कि डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के रूप में भाजपा के दमदार प्रत्याशी के कारण ही कांग्रेस मस्तूरी क्षेत्र में प्रत्याशी चयन को लेकर किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही है । स्पष्ट है कि इसका प्रत्यक्ष लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिलेगा। इस दौरान देवरी खुर्द और बूटापारा में भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल के साथ सभी बूथ अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं शमिल रही।

# गैरतगंज के बूढ़ागंज एसएसटी चेक प्वाइंट पर जप्त की गई 1,13,000 रु की नगदी

**रायसेन, 15 अक्टूबर 2023**

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर 09 अक्टूबर से आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार आचार संहिता लागू होते ही स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन



प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सम्पूर्ण जिले में गठित एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गैरतगंज अनुभाग में एसएसटी प्वाइंट बूढ़ागंज में जांच के दौरान एसएसटी टीम द्वारा रू. 1,13,000/- नगदी की जब्ती की गई।

# नाबालिक से बलात्कार के मामले में आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोचीफः-देवव्रत राय**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़) 15अक्टूबर2023:-नाबालिक को बहला फुसलाकर भागसले जाने शादी का झांसा देकर अनाचार करने के मामले में आशीष पाठक अपर सत्र न्यायाधीश फस्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायालय द्वारा फैसला सुनाते हुए आरोपी को विभिन्न भारतीय दंड संहिता एवं पोक्सो एक्ट के धाराओं में आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास सहित अर्थ दंड से दंडित किया है।जानकारी के अनुसार पीड़िता के नाना ने थाना बलरामपुर में मौखिक सूचना दर्ज कराते हुए बताया था,कि पीड़िता लगभग 3 वर्षों से उसके साथ निवास करती थी 10 मार्च 2021 को अभियुक्त विनय हालदार पिता विजय हालदार उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम संतोषी नगर बलरामपुर द्वारा उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले जाया गया, इस सूचना पर थाना बलरामपुर ने आरोपी विनय हालदार के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ किया। इस मामले में निरीक्षक पक्ष सुनने के





पश्चात मामले में फैसला नीलिमा तिर्की द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज किया गया पीड़िता के बयान पर आरोपी विनय हालदार के विरुद्ध प्रथम दृष्टया भारतीय दंड विधान की धारा 363 सह पठित धारा 34 के साथ- 366 सह पठित धारा 34 एवं 376 ( 3 ) एवं बालकों के संरक्षण अधिनियम के तहत धारा 4 ( 2 ) के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । बचाव पक्ष के अधिवक्ता शंभू गुप्ता सुनाते हुए न्यायाधीश आशीष पाठक अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायालय रामानुजगंज के द्वारा हलदर को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत 5 वर्ष का कर-वास एवं 500 का अर्थ दंड लैंगिक अपराध से बालकों के संरक्षण की धारा 4 ( 2 ) के तहत दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के शास्त्रम करवा एवं 15000 रुपए का अर्थ दंड से दंडित किया है ।

# थाना कुसमी परिसर में दुर्गा पूजा समिति का बैठक हुआ संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोचीफः-देवव्रत राय**

बलरामपुर (छत्तीसगढ़ )15 अक्टूबर2023:-कुसमी थाना परिसर में नव पदस्थ एसडीओपी इमानुएल लकड़ा और एसडीएम चेतन साहू की उपस्थिति में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव एवं सभी समाज के प्रमुखों के साथ थाना परिसर कुसमी में दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति समिति का बैठक कि गई सर्वप्रथम अधिकारियों के द्वारा नवरात्रि कि बधाई दी गई साथ ही नवरात्र शांति से मनाने की बात कही गई , विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा कहा गया की पंडाल के समीप उपद्र करने वाले व्यक्तियों की आशंका बनी रहती है . तथा सड़क पर तेज बाइक चलाने वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाने की जरुरत है , साथी कुछ जवानों को आरती के समय जो की 7:00 से 9:30 बजे तक का समय है . उस समय पंडाल स्थल के पास रहने की बात कहा गया साथ ही बड़ी वाहनों को 7 से 10:00 तक नगर में घुसने पर प्रदेश अध्यक्ष एम.डी.शमीम,पत्रकार राकेश भारती,ओझा जी. पत्रकारअंबिकेश गुप्ता , पत्रकार कुंदन गुप्ता ,



प्रतिबंध लगाने की बात कही गई दुर्गा पूजा समिति के शांति सभा की बैठक के अवसर पर एस.डी.एम. चेतन साहू, एस.डी.ओपी. इमानुएल लकड़ा , तहसीलदार शशिकांत दुबे , कुसमी थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ,भारतीय प्रसमांदा मंच छत्तीसगढ़ के पत्रकार फिरदोस आलम ,धीरज गुप्ता , नगर अध्यक्ष अभय , पवन सोनी , आनंद जायसवाल , शादाब खान , और भी नगर के एवं समाज के प्रमुख ग्रामीण कि उपस्थिति में दुर्गा पूजा शांति समिति का बैठक संपन्न हुआ ।

# सज गया मां का दरबार, मनोकामना पूर्ण होने पर भक्तों ने जलाये ज्योति कलश

**समाज जागरूक/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16 अक्टूबर )शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होते ही शहर समेत ग्रामीण अंचलों में भक्तिमय माहौल नजर आने लगा है। सुबह से ही शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचने लगे।पर्व के चलते शहर के देवी मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई है। शहर के सभी देवी मंदिरों में साफ-सफाई व रंग रोगन किया गया है। नवरात्र पर्व के पहले दिन शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया।मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। जिला मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया हैं।नगर के मां काली पाठ मंदिर, हनुमान चौक दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, सुंदरी मंदिर, गायत्री, मंदिर, ज्वाला



मंदिर, लाँजी की लंजकाई मंदिर, वारी की दुर्गा मंदिर, बिरसा की दुर्गा मंदिर सहित सालेटेकरी, बैहर, परसवाडा व वारासिवनी के मंदिरों में कलश स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू हो गयी हैं जहाँ नौ दिन तक माता रानी की भक्तिमय स्तुति की जाएगी।

# ट्रेक्टर की टक्कर से मवेशियों से भरा वाहन पलटा, तीन हुए घायल

**समाज जागरूक/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 16अक्टूबर )मवेशियों को भरकर जा रहें वाहन को ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे वाहन चालक समेत तीन लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। जानकारी अनुसार लामता नगर स्थित पेट्रोल पम्प के करीब नैनपुर बालाघाट मार्ग पर मवेशियों से भरा एक वाहन नैनपुर की ओर से आ रहा था कि अचानक तेज रफ़्तार Soft लापरवाही पूर्वक चला रहा ट्रेक्टर चालक ने मवेशियों से भरे वाहन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वाहन पलट गया जिसमें बैठे दो लोग और वाहन चालक को गंभीर चोटे आयी हैं जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वाहन चालक ने बताया कि वह मवेशियों को ऊगली से बैहर ले जा रहा था कि अचानक यह हादसा हो गया हैं।मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया हैं।

# शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तुरी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी । राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए, "शत प्रतिशत मतदान" के लिये शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। शत-प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभियान सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो, आदि प्रेरक नारो एवं





पोस्टर बनाकर स्वयंसेवको ने मानव श्रृंखला बनाया तथा महाविद्यालय के समीप इंदिरा आवास के गलियों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदान हेतु आम नागरिकों से मतदान के लिये अपील किया गया।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कांति अंचल स्वयंसेवक रामभरोस सोनी, राखी गोयल, भवानी सिंह, प्रिया पटेल, नन्दनी, माहेश्वरी, उर्मिला, चन्दन, सीताराम, अनन्या, राधिका,डाल्टन, नवीन बंजारे, मनुराज सहित 80 से ज्यादा स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# ट्रैक्टर चालक की लापरवाही ने सायकल सवार को मारी ठोकर मौके पर हुई युवक की मौत

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। पचपेड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के जोंधरा निवासी कार्तिक पटेल पिता बड़कू पटेल उम्र 40 वर्ष अपने भतीजे शिवा पटेल पिता तिहारू पटेल उम्र 24 वर्ष के साथ सुबह 10:30 बजे सायकल



से अपने ससुराल गोपालपुर घूमने गए थे, जहाँ से कार्तिक और शिवा 3:30 बजे सायकल से गांव जोंधरा लौट रहे थे तभी ग्राम परसोड़ी मोड़ के पास दोनो रुके थे उसी समय ग्राम परसोड़ी तरफ से तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर क्र.CG 11 BG 5774 के चालक ने सड़क किनारे खड़े शिवा पटेल को जोरदार ठोकर मार दी जिससे शिवा पटेल के सिर और सीने में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वही ट्रैक्टर चालक मौके से भागने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्राली के साथ आगे जाकर पलट गई और ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद शिवा के जिंदा होने की उम्मीद से चाचा कार्तिक और आसपास के लोगो ने तत्काल मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार शाम हो जाने के वजह से मृतक के शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया था पुलिस ने रविवार को पोस्मार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# अयोध्या से श्रीलंका की यात्रा निकले श्रद्धालु

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर/मस्तुरी। मन में श्रद्धा और विश्वास हो तो कामयाबी मनुष्य के पैर छूती है। इस कहावत को सच साबित करने के लिए पश्चिम बंगाल राज्य के एक छोटे से गांव बुर्दा, पुरुलिया के रहने वाले 25 वर्षीय युवक अक्षय भगत निकले हैं। जो पश्चिम बंगाल से अयोध्या पहुंचे और फिर अयोध्या से श्रीलंका



के लिए पदयात्रा यात्रा पर निकले हैं। अयोध्या से श्री लंका तक की पैदल यात्रा कर रहे, अक्षय भगत के मस्तुरी आगमन पर सर्व हिंदू जागरण के सदस्यों ने स्वागत किया इस अवसर पर प्रकाश अवस्थी,रामकुमार मौर्य, बाबा शर्मा, कौशल सारथी, कृष्णा यादव, मंजिस सिंह ठाकुर,अमित गुप्ता, ढालू अग्रवाल, सौमित्र शुक्ला, अमित तिवारी, अरूण देवांगन, लक्ष्मी त्रिपाठी, मनोज साहू,एवं सभी हिन्दू जागरण के सदस्य उपस्थित रहे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने लोधी बाहुल्य ग्राम जमुनिया मेंढकी एवं सांचेत से किया सांची विधानसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद

***अपना स्वागत नहीं कराया बल्कि ग्रामीण बुजुर्गों का पुष्पहारो से केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने किया स्वागत***

***विधानसभा चुनाव में आपका एक-एक वोट भाजपा के लिए जाना जरूरी ,,,, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल***

रायसेन। नवरात्र के पहले दिवस रविवार को केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री भारत सरकार प्रहलाद पटेल द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में लोधी बाहुल्य ग्रामों में पहुंचकर विधानसभा चुनाव प्रचार प्रसार का शंखनाद किया गया। इस दौरान जैसे ही केंद्रीय मंत्री श्री पटेल सर्वप्रथम 4:00 बजे सांची विधानसभा के ग्राम जमुनिया में पहुंचे जहां उन्हें सुनने के लिए ग्रामीणों का सैलाव उमड़ पड़ा, जब इस दौरान ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री श्री पटेल का स्वागत करना चाहा तो उन्होंने अपना स्वागत नहीं करने के लिए कहा और अपने हाथों में पुष्पहार लेकर कार्यक्रम में मौजूद दर्जनों बुजुर्ग व्यक्तियों का स्वागत कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आगामी 17 नवंबर को होने वाला विधान सभा चुनाव अति महत्वपूर्ण है और राष्ट्र निर्माण के लिए भी जरूरी है कि आप लोग अपनी पोलिंग पर एक-एक बोट की कीमत समझते हुए ज्यादा से ज्यादा भाजपा के लिए मतदान करें और करवाए ।उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2024 तक हमारी भारत सरकार पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर जल पहुंचने का काम करेगी और यह सब हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी कर रहे हैं, उन्होंने इस बात की घोषणा दिल्ली के लाल किले से की है, कि 2024 तक हम प्रत्येक घर तक जल पहुंचने का काम करेंगे। उन्होंने अयोध्या में निर्मित श्री राम मंदिर के मामले में बोलते हुए कहा कि अयोध्या का श्री राम मंदिर भाजपा की ही देन है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओ ने अभी तक तो मंदिर टूटने के इतिहास पढ़ा था परंतु अब हमारे युवा पीढ़ी इस भव्य मंदिर निर्माण का इतिहास पड़ेगी। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण कर पूरे देशवासियों की आस्थाओं का ध्यान रखा है। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री पटेल ने कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र से आप लोग डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को ज्यादा से ज्यादा मतों से जितना है, मैं अपने आप को बहुत



सौभाग्यशाली समझता हूं कि मैं सांची विधानसभा क्षेत्र के आपके गांव में आया हूं और आपके दर्शन करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है आगे पता नहीं अब यह अवसर कब प्राप्त होगा, मुझे पूरा विश्वास है कि आप भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे । उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आपकी चिंता भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है, सरकार ने युवाओं के लिए ढेर सारी कार्य योजनाएं बनाई है जिनका लाभ लाखों युवाओं को मिल रहा है, उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शिक्षा ग्रहण करने के साथ अच्छे संस्कार भी ग्रहण करें और अच्छे नागरिक बने उन्होंने कहा कि युवाओं को हमेशा नशा पत्ता से दूर रहना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता के मामले में कहा कि भारत सरकार द्वारा 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया है उन्होंने स्वच्छता की पहल को आगे बढ़ते हुए कहा कि हमें स्वच्छ रहना है तो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होगा। हमारी केंद्र सरकार की कार्य योजनाओं से देश के आमजन भरपूर लाभ ले रहे हैं, इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए जाता है। इसी तरह से लोधी बाहुल्य ग्राम मेंढकी में केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि आगामी होने वाले चुनाव में प्रत्येक मतदाता को वोट डालने जाना है आपका वोट राष्ट्र निर्माण को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि मेरे द्वारा साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में कितने करे है उतने कार्य पहले आपने कभी नहीं देखे होंगे, मेरे द्वारा इस जमुनिया गांव के लिए भी रोड पहुंचने का काम किया है, इसके बाद जमुनिया रोड की स्वीकृति हो चुकी है। चुनाव के बाद जमुनियावासियों के लिए बेहतर सड़क की सुविधा उपलब्ध होगी । उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह करते हुए आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपना मत देकर आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। इसी क्रम में इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल रात्रि में ही ग्राम साचेत पहुंचे और वहां भी बड़ी संख्या में मौजूद लोधी बाहुल्य गांव की आम जनता को संबोधित करते हुए उनसे आह्वान किया कि वह ज्यादा से ज्यादा मतदान कर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाए। श्री पटेल का ग्राम जमुनिया, मेंढकी और साचेत में जोरदार स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने इस दौरान आतिशबाजी चलाते हुए उनकी अगवानी की। साचेत में कार्यक्रम को संबोधित करने के पश्चात श्री पटेल रात में ही राजधानी भोपाल के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय मंत्री श्री पटेल के साथ सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह वर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, दातार सिंह मीणा, वीर सिंह पटेल, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, गंगाराम चौकसे, मीडिया विभाग के प्रमुख सीएल गौर, सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी उनके साथ रहे।

# शिव की नगरी में है मां शैलपुत्री का सबसे प्राचीन मंदिर, नवरात्र के पहले दिन सुहागनों को मिलता है वरदान

*हर साल नवरात्रि के पहले दिन इस मंदिर में पैर रखने की भी जगह नहीं होती. यहां आकर सुहागन महिलाएं अपने पति की उम्र की कामना करती हैं. मान्यता है कि मां शैलपुत्री हर मनोकामना सुनती हैं...*

**समाज जागरण वाराणसी पंकज झा**

नवरात्र के पावन दिन आज से शुरू हो गए हैं. हिंदू मान्यताओं में इन नौ दिनों में देवी मां की पूजा का विशेष महत्व होता है. देवी के नौ रूपों की अराधना का आरंभ 15 अक्टूबर से हो गया है. सभी श्रद्धालु ने कलश स्थापना कर यह पर्व भक्ति भाव से मना रहे हैं. आपको ज्ञात हो, नवरात्रि के पहला दिन मां शैलपुत्री का होता है. लेकिन, बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि हमारे देश में मां शैलपुत्री का मंदिर भी है. यह कहां है और इसका क्या महत्व है, यह हम आपको बताएंगे इस खबर में.



### शिव की नगरी काशी में है मां का मंदिर

उत्तर प्रदेश के वाराणसी को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है और इसी नगरी में है मां दुर्गा के 'शैलपुत्री' रूप वाला पहला मंदिर. वाराणसी के अलईपुर में यह प्राचीन मंदिर है. यह मंदिर सिटी स्टेशन से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर होगा. लोगों का मानना है कि मां शैलपुत्री खुद इस मंदिर में विराजमान हैं. मान्यता यह भी है कि वे वासंती और शारदीय नवरात्र के पहले दिन भक्तों को साक्षात दर्शन देती हैं.

### सुहागनों के लिए होता है सबसे पावन दिन

दरअसल, हर साल नवरात्रि के पहले दिन इस मंदिर में पैर रखने की भी जगह नहीं होती. यहां आकर सुहागन महिलाएं अपने पति की उम्र की कामना करती हैं. मान्यता है कि मां शैलपुत्री हर मनोकामना सुनती हैं. श्रद्धालु मां के लिए लाल चुनरी, लाल फूल और नारियल लेकर आते हैं और सुहाग का सामान भी चढ़ाते हैं. नवरात्र के पहले दिन यहां की महाआरती में शामिल होने से दांपत्य जीवन की सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं. इस दौरान मां शैलपुत्री की कथा भी सुनाई जाती है, जिसे सुनने के लिए लोग यहां दूर-दूर से आते हैं. यहां तीन बार मां की आरती होती है और तीनों बार सुहागन का सामान चढ़ाया जाता है.

### बहुत पुराना है मंदिर

बताया जाता है कि यह मंदिर कब स्थापित हुआ या किसने किया, इसकी कोई जानकारी नहीं है. अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह मंदिर कितना पुराना होगा. इतना ही नहीं, यहां के सेवादार दावा भी करते हैं कि पूरी दुनिया में ऐसा मंदिर कहीं और नहीं होगा. क्योंकि यहां मां शैलपुत्री स्वयं विराजमान हुई थीं और ऐसी जानकारी दुनिया के और किसी मंदिर के बारे में नहीं है.

### कथानुसार ऐसे विराजमाम हुई मां शैलपुत्री

मान्यता है कि माता पार्वती ने हिमवान की पुत्री के रूप में जन्म लिया था. इसलिए उनका नाम मां शैलपुत्री हुआ. माता एक बार महादेव की किसी बात से नाराज थीं और कैलाश छोड़कर काशी आ गईं. लेकिन, भोलेनाथ देवी को नाराज कैसे रहने देते? इसलिए खुद उन्हें मनाने के लिए वाराणसी आए. उस समय माता ने शिव जी को बताया कि उन्हें यह स्थान बहुत भा गया है. अब वह यहीं रहना चाहती हैं. और यह कहकर वह इसी मंदिर के स्थान पर विराजमान हो गईं. यही वजह है कि यहां पर यह आलीशान प्राचीन मंदिर बना और हर नवरात्र यहां भक्तों का तांता लगा रहता है.

### मां शैलपुत्री के हैं कई नाम

हिमालय की गोद में जन्म लेने वाली मां का नाम इसलिए ही शैलपुत्री पड़ा. बता दें, माता का वाहन वृषभ है. यही वजह है कि उन्हें देवी 'वृषारूढ़ा' भी कहा जाता है. मां के दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल होता है. इस रूप को प्रथम दुर्गा भी कहा गया है. बता दें, मां शैलपुत्री को ही सती के नाम से भी जाना जाता है. पार्वती और हेमवती भी इसी देवी रूप के नाम हैं.

# श्री अग्रसेन जयन्ती पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन : तीसरा दिन

- पालकी पर विराजमान महाराज श्री अग्रसेन की निकली भव्य शोभायात्रा।
- श्री महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर अग्रसमाज की संस्थाओं के द्वारा किया गया माल्यापर्ण।
- समाज द्वारा संचालित स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- पूर्व सभापति अरविन्द कुमार अग्रवाल (नन्हे भैया), अशोक जी सर्राफ एवं पूर्व प्रधानमंत्री बृजप्रकाश अग्रवाल (गोपाल जी), अशोक कुमार अग्रवाल (नाटी इमली) को समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। नवरात्र के प्रथम दिन अग्रकुल जनक श्री महाराजा अग्रसेन जी की जयन्ती के अवसर पर रविवार को श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा तीन दिवसीय भव्य आयोजन कर रहा है। जिसके तीसरे व अंतिम कड़ी में महाराज श्री अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यापर्ण, भव्य शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अपराहन में बांसफाटक स्थित शापुरी माल से अग्रकुल जनक श्री महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अन्तिम दिन रविवार को अपरान्ह कोदई चौकी, बांसफाटक स्थित केसीएम (कन्हैया चित्र मंदिर) से भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में अग्रबंधु कुर्ता पैजामा व अग्रवाला पगड़ी एवं महिलाएं गुलाबी साड़ी में शामिल हुई। साथ ही शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के लोगों के साथ श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित सभी स्कूल-कालेजों "श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज, श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय, श्री अग्रसेन शिशु विहारह्ह्ह के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी भी शामिल हुए। जो शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहे थे। इस दौरान मार्ग में कई स्थान-स्थान पर अग्रबंधुओं ने श्री महाराजा अग्रसेन जी की आरती व माल्यार्पण किया।

शोभायात्रा चौक, नीचीबाग, बुलानाला होते हुए श्री अग्रसेन वाटिका मैदागिन पहुंची। जहां श्री महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी एवं समाज द्वारा संचालित सभी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों द्वारा माल्यापर्ण के बाद शोभायात्रा टाउनहाल मैदागिन स्थित श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज पहुंची।

शोभायात्रा में सुसज्जित पालकी पर श्री महाराजा अग्रसेन जी का तैल्य चित्र विराजमान किया गया था। साथ ही घोड़े, झांकी, बैण्ड आदि शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहे थे। वही शोभायात्रा में सबसे आगे अग्रसमाज का ध्वजावाहक घोड़े पर अग्रसर था। जिसके बाद श्री महाराजा अग्रसेन जी रथ पर विराजमान होकर अपने 18 गोत्री वंशजों के पुत्रों के चलें मार्ग दर्शन कर रहे थे। जिसके पीछे श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज, श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय के छात्र छात्राएं विद्यालय के बैण्ड के साथ एवं समाज के महिला समिति की सदस्याएं शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। श्री अग्रसेन शिशु बिहार के नन्हे मुन्हे बच्चें अग्रकुल समाज की कुलदेवी श्री लक्ष्मी जी की झांकी के साथ चल रहे थें। जिसके बाद श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी एवं समाज द्वारा संचालित सभी संस्थाओं एवं अग्रसेन सेवी संस्थाओं के सदस्य महाराजा श्री अग्रसेन जी की सुसज्जित पालकी को लेकर चल रहे थे।

समारोह के अगले व अन्तिम चरण में श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज मैदागिन परिसर में सांस्कृतिक समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरके चौधरी (प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी) द्वारा पूर्व सभापति अरविन्द कुमार अग्रवाल (नन्हे भैया), अशोक जी सर्राफ एवं पूर्व प्रधानमंत्री बृजप्रकाश अग्रवाल (गोपाल जी), अशोक कुमार अग्रवाल (नाटी इमली) को अग्रसमाज के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित सभी स्कूल-कालेजों श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज,श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय, श्री अग्रसेन शिशु बिहार के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इससे पूर्व सांस्कृतिक समारोह एवं गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरके चौधरी (प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी), सभापति संतोष अग्रवाल "हरे कृष्ण", प्रधानमंत्री संतोष अग्रवाल "कर्णघण्टा", हेमन्त अग्रवाल (संयोजक, महाराज अग्रसेन जयन्ती समारोह-2023) एवं उपसभापति अरूण अग्रवाल (रूद्रा), नीरज अग्रवाल (आरके मार्बल), रिषभचंद जैन, बल्लभदास अग्रवाल (चम्पालाल) द्वारा कुलदेवी मॉ महालक्ष्मी एवं अग्रकुल जनक 1008 महाराज अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ।

कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्रवाल "लायन्स" व डा.रितु गर्ग ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंत्री समाज राकेश कुमार जैन, गरिमा टकसाली, पवन अग्रवाल "चैतन्य श, सचिन अग्रवाल "आढ़त वाले", मोहन अग्रवाल, सतीश भूषण अग्रवाल, राजकिशोर चन्द्र अग्रवाल, पवन कुमार मित्तल, रिषिदेव अग्रवाल, मनीष कुमार शाह, हरिश कुमार अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल (डोरी वाले), मदन अग्रवाल "मिन्टू", अरविन्द जैन, गणेश अग्रवाल (सिद्धमाता) अर्चना अग्रवाल, ममता अग्रवाल, गिरधरदास अग्रवाल, मोहन अग्रवाल (छत्ता तले), मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# तीन बजे सुबह से विंध्याचल के लिए मिलेंगी रोडवेज बसें, नवरात्र के दौरान नहीं बंद होता कपाट

**समाज जागरण वाराणसी पंकज झा**

नवरात्र में वाराणसी से विंध्याचल के लिए रोडवेज की 80 बसें चलाई



जाएंगी। इसमें वाराणसी और मिजार्पुर की बसें शामिल हैं। भोर में तीन बजे से ही बसें मिलने लगेंगी। बस में जैसे ही 25 यात्री सवार होंगे, वैसे ही विंध्याचल रवाना हो जाएगी। रात में यात्रियों की भीड़ उमड़ती है। जरूरत के हिसाब से अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए 20 बसें रिजर्व रखी गई हैं। एआरएम ग्रामीण वीके श्रीवास्तव ने बताया कि मिजार्पुर और वाराणसी डिपो की बसें विंध्याचल रूट पर लगाई गई हैं।

# सी.आर.पी.एफ. ऑल इंडियामहिला मोटरसाइकिलअभियान को चंदौली से प्रयागराज के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**समाज जागरण**

ग्रुप केन्द्र चन्दौली के प्रांगण में महिला मोटरसाइकिल दल का विदाई समारोह कार्यक्रम मुख्य अतिथि दर्शना सिंह, सांसद, राज्यसभा, दलजीत सिंह चौधरी, भा.पु.से, विशेष महानिदेशक, सी.आर.पी.एफ एवं सतपाल रावत, पुलिस







महानिरीक्षक, मध्य सेक्टर, लखनऊ के गौरवमयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। फ्लैग ऑफ समारोह के दौरान ग्रुप केन्द्र चन्दौली द्वारा उपस्थित सभी लोगों को सी.आर.पी.एफ में तैनात महिला कर्मियों के शौर्य एवं वीरता से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। जिसके उपरांत श्रीमति दर्शना सिंह, सांसद, राज्यसभा, श्री दलजीत सिंह चौधरी, भा.पु.से, विशेष महानिदेशक, श्री राकेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र चन्दौली ने यशस्विनी अभियान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान के बारे में जनता को अवगत कराया एवं सी.आर.पी.एफ महिला बाईकर्स दल को सफल यात्रा के लिए शुभकामनायें देते हुए ग्रुप केन्द्र चन्दौली से प्रयागराज हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।ग्रुप केन्द्र चन्दौली से रवाना होने के उपरांत सी.आर.पी.एफ की महिला बाईकर्स दल का रॉटरी क्लब द्वारा शहीद उद्यान, वाराणसी में स्वागत समारोह किया गया। जहां सी.आर.पी.एफ की महिला बाईकर्स दल ने इस अभियान का उद्देश्य एवं अपने अनुभव को साझा किया।उक्त कार्यक्रम के अंत में वहां उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा सी.आर.पी.एफ महिला बाईकर्स दल को अगली यात्रा के लिए शुभकामनायें देते हुए प्रोत्साहित कर रॉटरी क्लब, वाराणसी से प्रयागराज हेतु हरी झंड़ी दिखा कर रवाना किया गया।

# अस्सी घाट पर अशिवनी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि में आशीर्वाद संगीतलय के बाल कलाकारों ने देवी स्तुति और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी काशी रस के अंतर्गत काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि में आशीर्वाद संगीतलय के बाल कलाकारों ने देवी स्तुति और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार सुश्री आदित्य शर्मा, सिद्धि, कस्तूरे ,मनस्वी रावत, अक्षता दीक्षित, कृष्णा मुखर्जी ने मनभावन नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शक गण के हृदय को आनंदित किया। पुलिस आयुक्त श्री अशोक मुथा जैन जी की परिकल्पना को काशी रस कार्यक्रम में साकार करने का अद्भुत प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केशरी ने सारगर्भित संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। समस्त कलाकारों को आशीर्वचन श्री गौरव सौरव मिश्रा ने दिया इस अवसर पर उद्भव केशरी , डॉ जया राय सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# प्रधान मंत्री के संसदीय क्षेत्र मे सड़क पर उतर किशोरियों ने माँगा बराबरी का हक

*बालिकाओं ने संवैधानिक मूल्यों पर जागरूकता हेतु रैली निकाल*

*शिक्षा,स्वतंत्रता,समता,न्याय बंधुत्व हेतु लोगों को किया जागरूक*

वाराणसीः आशा विश्वास ट्रस्ट ,किशोरी युवा मंच व मनरेगा मजदूर यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में बालिका महोत्सव का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय आराजी लाइन्स के प्रांगण मे किया गया । कार्यक्रम में आराजी लाइन्स ब्लाक के 60 गाँव से आयी करीब एक हजार सात सौ किशोरी लड़कियों ने राजा तालाब बाजार में कन्या भ्रूण हत्या,यौन उत्पीड़न,दहेज,बाल विवाह,अशिक्षा,गैरबराबरी आदि के खिलाफ जोरदार रैली निकाली। रैली में शामिल लड़कियां *तिलक दहेज छोडो जाती पाती तोड़ो,भीख नही अधिकार चाहिए जीने का सम्मान चाहिए,बाबा मुझको पढ़ने दो ,पढ़ कर आगे बढ़ने दो कन्या भ्रूण हत्या बंद करो आदि नारे लगाये और पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली सिंचाई डाक बंगला राजा तालाब से शुरू होकर तहसील होते हुए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचा ।रैली का नेतृत्व प्रियंका पटेल ने किया जबकी कार्यक्रम का संचालन रेनु व सपना ने किया ।





बालिका महोत्सव में आशा विश्वास ट्रस्ट द्वारा संचालित किशोरी सिलाई केंद्र व किशोरी युवा मंच से जुड़ी हुई लड़कियों ने अपने अपने विचार रखे। उन्होंने गीत संगीत, नाटक,भाषण,व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से महिला और बालिका अधिकार कानून और समाज से होंने वाली चुनौतियों के बारे में बताया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल शामिल हुई,उन्होंने कहा कि लड़कियां आज सुरक्षित नहीं है जिसका खामियाजा लड़कियों को भुगतना पड़ रहा है,गलती कोई कर रहा है पर लड़कियों को घर से निकलने पर पाबन्धी लगा दिया गया है ।हमलोग देख सकते है कि एक तरफ छोटी छोटी लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया जा रहा है दूसरी तरफ इसी नवरात्र के महीने में उनकी पूजा की जा रही है ।समाज का ये दोहरा चरित्र समझ से परे है,आज जिस तरह से लड़कियां अपने हक अधिकार के लिए सडक पर उतरी है मुझे पुरा विश्वास है कि एक दिन इनका सपना जरूर पूरा होगा ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपष्ठित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ महेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाना है तो लड़कियों को आगे बढ़ाना ही होगा ।आज वही परिवार,समाज आगे बढ़ रहा है जिसे परिवार,समाज की लड़कियां पुरुषों के समान घर से बाहर निकलकर काम कर रही है । मनरेगा मजदूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से किशोरियों का आत्म विश्वास बढ़ेगा ।आज की लड़कियां किसी मामले मे लड़को से पीछे नहीं है,

उन्होन्ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों की शादी कम उम्र मे कर दी जाती है जिससे उनको पढ़ाई का पुरा मौका नहीं मिल पाता है,अतः लड़कियों को भी बाहर निकल कर अपने सपने को पुरा करने का मौका देना चाहिए ।

कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से रेनू, श्रद्धा, रीना, पूजा, सपना,साधना, प्रिया, उजाला, आँचल, प्रीतम, लक्ष्मीना, संगम, सोनम, राधा, पूनम, प्रीति, रीता, तारा, पूनम, उर्मिला ,लालती, शीला, संगीता,राधिका,सुनीता,ज्योति, खुशबू,रेशम,लाडो,पुष्पा,गुड्डी,काजल ,मीना,शमीर्ला,करिश्मा,रंजू,मैत्री,राम सिंह ,सोनि,सुशिला,सहित हजारों किशोरिया शामिल हुई ।

# ट्रांसपोर्टकर्मी ने जहर खाकर दी जान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर / वाराणसी स्थानीय थाना क्षेत्र के गोलाघाट मोहल्ले के रहने वाले ट्रांसपोर्टकर्मी 38 वर्षीय नवाजिश खान ने रविवार की भोर में जहरीला पदार्थ खा कर जान दे दी। बताया जाता है कि बीती रात घर में किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। रोज-रोज की कलह से तंग आकर नवाजिश को ऐसा आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक नवाजिश रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार को भोर में परिजन उठे तो देखा नवाजिश अपने बिस्तर पर बेहोश पड़ा है। उस वक्त उसकी सांसे चल रही थी। यह देखकर पत्नी डाली ने शोर मचाया तो परिजन एकत्रित हो गए। परिजन आनन फानन में नवाजिश को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टर ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन नवाजिश को वाराणसी लेकर गये वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया । मृतक रॉबर्ट्सगंज स्थित एक ट्रांसपोर्ट में कार्य करता था। मृतक के 16 वर्षीय पुत्र युसूफ एवं 14 वर्षीय पुत्री सारा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गंगा में नहाने गए डूब रहे युवक को मल्लाहो ने बचाया

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चौबेपुर क्षेत्र के गौरा ऊपरवार स्थित गंगा नदी में रविवार सुबह नहाते वक्त गंगा मे डूबने से एक युवक को मल्लाहो ने सकुशल बचा लिया।घटना रविवार सुबह गौरा ऊपरवार घाट की है। जहां एक युवक गंगा की मुख्य धारा में नहा रहा था। अचानक तेज बहाव की चपेट में आकर वो गंगा में बहने लगा। घाट पर मौजूद मल्लाह लक्ष्मण निषाद व विष्णु निषाद ने तत्परता दिखाते गंगा मे कूदकर बह रहे युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया बचाने वाले मल्लाहो को लोगों ने सराहना किया,घटना की जानकारी पर पहुंचे डायल 112 ने एंबुलेंस बुलाकर युवक को नरपतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर युवक को स्वस्थ बताया गया पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम ओम प्रकाश मोदनवाल (46 वर्ष) पुत्र राम जी मोदनवाल,निवासी चौबेपुर बाजार बताया।डूब रहे युवक ने बताया कि वह नवरात्रि का प्रथम दिन होने के नाते वह गंगा स्नान के लिए आया था।

# यात्रीगण ध्यान दें...45 दिन बाद 50 जोड़ी ट्रेनें कल से कैंट स्टेशन से चलेंगी, यात्रियों को बड़ी राहत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी कैंट स्टेशन से रेल सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। वंदे भारत, लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी शटल, बेगमपुरा और महानगरी समेत 50 जोड़ी ट्रेनें 45 दिन बाद कल से कैंट स्टेशन से आएंगी- जाएंगी। कैंट स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के चौथे चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है।





# बिना इलाज के किसी भी मरीज को एसएसपीजी चिकित्सालय से वापस नही किया जाता-सीएमओ

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन लगभग 1600 नये ओपीडी मरीज देखें जा रहे है तथा प्रतिदिन भर्ती होने वाले नये मरीजों की संख्या 100 से 120 है, जिसमें ज्यादातर मरीज वायरल फीवर से ग्रसित हैं। चिकित्सालय के आकस्मिक विभाग में डेंगू हेतु आरक्षित बेड फुल चल रहे है। किसी भी मरीज को बिना इलाज के चिकित्सालय से वापस नही किया जा रहा है।

उन्होंने अपने कि चिकित्सालय में वर्तमान में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक संख्या में आने वाले बुखार पीड़ित मरीजों की ओ0पी0डी0/आई०पी०डी० में आवश्यकतानुसार इलाज किया जा रहा है। मलेरिया, डेंगू, टायफाइड आदि जांच चिकित्सालय के लैब में की जा रही है। चिकित्सालय में भर्ती डेंगू एनएस-1 पॉजिटिव मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर हो रही है। इलाज के लिए आवश्यक औषधियों एवं लॉजिस्टिक की उपलब्धता चिकित्सालय में प्रचुर मात्रा में हैं। चिकित्सक एवं स्टाफ मरीजों का इलाज एवं देखभाल तत्परता एवं सजगता से कर रहे हैं।अस्पताल में फीवर से पीड़ित भर्ती मरीजों की संख्या अधिक है जिनका समुचित इलाज चिकित्सालय में उपलब्ध मानव संसाधन से ही करने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकों को राउण्ड दि क्लाक (24 घंटे) ड्यूटी सिर्फ भर्ती मरीजों की देखभाल के लिए लगायी गयी है जो इमरजेंसी में ड्यूटीरत चिकित्साधिकारियों से अतिरिक्त हैं। फीवर के मरीजों हेतु ओ०पी०डी० में अलग से फिल्टर क्लीनिक बनाया गया है।

# यूपी : एक दर्जन शहरों में बनेंगी नई टाउनशिप, पांच एक्सप्रेस-वे के किनारे बनेंगे 32 औद्योगिक शहर,अधिग्रहण शुरू

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

पुराने शहरों पर आबादी के बढ़ते बोझ को घटाने के लिए एक दर्जन नई टाउनशिप बसाई जाएंगी। नई टाउनशिप लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर आदि में विकसित की जाएंगी। साथ ही पांच एक्सप्रेसवे के किनारे 32 औद्योगिक शहर भी बसाए जाएंगे। दरअसल, शहरों में आबादी बढ़ने से बुनियादी सुविधाएं गड़बड़ाने लगती हैं, जो बड़ी चुनौती है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक देश के करीब 40 फीसदी लोग शहरों में निवास करेंगे। तब करीब 5000 ऐसे कस्बे होंगे, जिनकी आबादी एक लाख से अधिक होगी। 10 हजार से ज्यादा आबादी वाले कस्बों की संख्या 50 हजार से अधिक होगी।



इसे देखते हुए नए शहर नियोजित तरीके से बसाने की योजना है ताकि पुराने शहरों की बुनियादी सुविधाओं पर दबाव न बढ़े। इसे देखते हुए सरकार एक दर्जन शहरों से सटे क्षेत्रों में नई टाउनशिप विकसित करने की तैयारी की है। इससे जहां पुराने शहरों की बुनियादी सुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा, वहीं नई टाउनशिप पूरी तरह से नियोजित होगी। इससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी पकड़ा गया

**समाज जागरण (जौनपुर)**

जौनपुर। वाराणसी- लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं बदमाशों से पुलिस मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया , दूसरा अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पकड़ा गया बदमाश 25 हजार का इनामी था। उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस चोरी की बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।अपर पुलिस अधीक्षक षैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना बदलापुर व थाना सिंगरामऊ, थाना सुजानगंज की संयुक्त टीम द्वारा अपराध की रोकथाम के सम्बन्ध में बात कर रहे थे कि इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो बादमाश हाईवे पर बड़ी घटना को अजांम देने की फिराक मे है पुलिस ने टीम बनाकर घेरेबन्दी किया थोडी देर बाद तेज रफ्तार में एक बाइक खुटहन की तरफ से आते दिखाई दिया। पुलिस द्वारा बाइक रोकने का प्रयास करने पर बाइक पर सवार बदमाशों द्वारा फायर करते हुए अपनी मोटर सायकिल दुगौली खुर्द जाने वाले मार्ग पर भागने लगे, पुलिस से घिरा देख बदमाश मोटर साईकिल लेकर सड़क से नीचे दाहिने कच्ची सड़क पर उतर कर भागने लगे तभी फिसल कर वहीं गिर गये। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया लेकिन गोली नहीं लगी। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर मे गोली लगी, उक्त बदमाश गिर पड़ा व दूसरा बदमाश अंधेरे, का लाभ लेकर उत्तर दिशा की तरफ भागने मे सफल रहा। मौके पर पड़ा घायल बदमाश लालचन्द्र पुत्र कालीदीन निवासी पूराबलई थाना बदलापुर जनपद कि खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है।

# हरियाणा का पुरातत्व एवं संग्राहलय विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की उत्खनन शाखा मिलकर अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई संयुक्त रूप से करने को हुए तैयार

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

**चण्डीगढ़, 15अक्टूबरः हरियाणा में राखीगढ़ी की तर्ज पर जल्द ही सरकार अब ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा को विकसित करने जा रही है। अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल को महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है।**

इस स्थल के विकसित होने से ना केवल आस्था का यह केंद्र विश्व में अपनी पहचान बनाएगा बल्कि यह स्थल पर्यटन के रूप में भी विख्यात होगा। केंद्र सरकार ने अग्रोहा पुरातात्विक स्थल एवं निकटवर्ती क्षेत्र का समग्र विकास राखीगढ़ी मॉडल के अनुसार एमओयू के माध्यम से करने की मंजूरी दे दी है। इस संबंध में भारत सरकार के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अन्वेषण एवं उत्खनन अनुभाग के निदेशक (अन्वेषण एवं उत्खनन) परवीन कुमार मिश्रा ने पत्र लिखकर जानकारी दी है। उन्होंने हरियाणा सरकार के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के विशेष सचिव एवं निदेशक को लिखे पत्र में बताया कि अग्रोहा पुरातत्व स्थल की खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की उत्खनन शाखा-द्वितीय और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। खुदाई शुरू करने से पहले, संभावित क्षेत्रों में जीपीआर सर्वेक्षण जैसे अन्य सर्वेक्षण किए जाएंगे। हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग जीपीआर सर्वेक्षण के लिए वित्तपोषण करेगा।

हिसार जिले में केंद्रीय संरक्षित स्थल अग्रोहा में उत्खनन के संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी को अगस्त माह में पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने इच्छा जताई थी कि हरियाणा सरकार प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर अग्रोहा, तहसील आदमपुर, जिला हिसार में पुरातात्विक विरासत को उजागर करना चाहती है ताकि राज्य के सांस्कृतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़े।

उन्होंने इस स्थल को हरियाणा में एक भव्य विरासत स्थल में बदलने और पुरातत्व स्थल संग्रहालय और व्याख्या केंद्र की स्थापना के लिए एक परियोजना शुरू करने का भी अनुरोध किया है। खुदाई के दौरान अग्रोहा जनपद (गणराज्य) के सिक्कों की खोज और महाभारत सहित प्राचीन साहित्य में इसका प्राचीन नाम अग्रडोका का आना इसके गणतंत्र का मुख्यालय होने के पर्याप्त प्रमाण हैं। अग्रोहा शहर तक्षशिला और मथुरा के बीच प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित था और इसलिए, यह फिरोज शाह तुगलक (1351-88 ई.) की नई बस्ती हिसार-ए-फिरोजा (हिसार-1354 ई.) के अस्तित्व में आने तक वाणिज्य और राजनीतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रहा। पहले की खुदाई से इस स्थल की क्षमता साबित हुई है और लगभग चौथी शताब्दी से लेकर चौदहवीं शताब्दी ईस्वी तक की पांच अलग-अलग सांस्कृतिक अवधियों का पता चला है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार पुरातत्व स्थलों को विकसित करने का काम कर रही है। सरकार राखीगढ़ी की पुरानी सभ्यता को सुरक्षित रखना व उस स्थल को विकसित करने इत्यादि विषयों को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ मिलकर काम कर रही है। वहीं प्रदेश सरकार ऐतिहासिक धरोहर लोहगढ़ को भी नया स्वरूप देने जा रही है। हालांकि भौगोलिक दृष्टि से हरियाणा छोटा राज्य है, लेकिन यहां पुरातत्व से जुड़ी हुई चीजें सबसे ज्यादा पाई जाती हैं। सरस्वती काल की सभ्यता के अवशेष भी हरियाणा के कई स्थानों पर हैं। इन सबको भी संरक्षित व सुरक्षित रखने के लिए सरकार प्रयासरत है।

# हरियाणा के रेस्टोरेंट्स और क्लबों में फ्लेवर्ड हुक्का पर लगा प्रतिबंध

## आदेशों की उलंघना पर होगी सख्त कार्यवाही

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**




चण्डीगढ़,15अक्टूबरः हरियाणा में रेस्टोरेंट व क्लब में हर्बल की आड़ में पिलाए जाने वाले फ्लेवर्ड हुक्का पर रोक लगा दिया है। हरियाणा के गृह विभाग ने फ्लेवर्ड हुक्के को नुकसानदायक बताते हुए सभी पुलिस कमिश्नर और उपायुक्तों को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है। गृह विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि पारंपरिक और व्यक्तिगत पीने वाले हुक्के पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है।

विदित हो कि गुरुग्राम, फरीदाबाद के अलावा पंचकूला जैसे जिलों में हुक्का बार और नाइट क्लबों का कल्चर चरम पर है। यहां नशीले पदार्थों के साथ हुक्का परोसने की शिकायतें मिलती रही हैं।

दो हफ्ते पहले ही प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक कार्यक्रम में इस प्रकार का हुक्का परोसने पर पूरी तरह से जल्द ही बैन लगाने का एलान किया था। जिसके बाद अब गृह विभाग ने ये नोटिफिकेशन जारी किया है।

जानकारी दी गई है कि हरियाणा में विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों के फैलने और मानव जीवन, स्वास्थ्य और आम जनता की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले हुक्का बारों के संबंध में सरकार ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। सरकार ने आदेश दिए हैं कि होटल, रेस्तरां, सराय, बार, किसी भी अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान जहां लोग इकट्ठा होते हैं, वहां धूम्रपान, कोई हुक्का परोसा न जाए।

सभी जिला आयुक्तों को जारी किए इन निदेशों के मुताबिक सरकार के संज्ञान में आया है कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में हुक्का बार चल रहे हैं, जो हुक्का में निकोटीन युक्त तंबाकू परोसते हैं। इससे हुक्का पीने वालों के स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक है। कभी-कभी इन हुक्का बारों में तम्बाकू के साथ अन्य हानिकारक व प्रतिबंधित नशीले पदार्थ भी मिलाये जाते हैं। ऐसे मामलों में इस संबंध में कोई सूचना या शिकायत प्राप्त होते ही अधिकारियों द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जाती है।

वहीं, यह भी देखने में आया है कि हुक्का बार में विभिन्न स्वादों/जड़ी-बूटियों का भी इस्तेमाल किया जाता है। कई बार तो उक्त हुक्का बारों में फ्लेवर/जड़ी-बूटी परोसने की आड़ में निकोटिन और प्रतिबंधित दवाएं भी परोसी जाती हैं। हुक्का में, इसमें पाइप और स्वादयुक्त शीशा शामिल है, जिसे चारकोल के साथ गर्म किया जाता है। हाल के दिनों में किशोरों और युवा वयस्कों के बीच इन स्वाद वाले हुक्के की लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। कई तरह के स्वादों की उपलब्धता, धुएं की कम तीव्रता, निकोटीन का न होना या कम होना जैसी विभिन्न भ्रांतियों के कारण इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार द्वारा आदेश के मुताबिक उन हुक्का बारों में भी, जहां हुक्के में केवल स्वाद/जड़ी-बूटियां परोसी जा रही हैं, हालांकि निकोटीन अनुपस्थित हो सकता है, हालांकि, ऐसे स्वाद वाले हुक्के के धुएं में भी कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ), पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच) जैसे विभिन्न विषाक्त पदार्थ अस्थिर एल्डिहाइड और भारी धातुएं होती हैं। इन उत्पादों के प्रभावों में हृदय रोग (सीओ), फेफड़ों के रोग (वाष्पशील एल्डिहाइड) और कैंसर (पीएएच और भारी धातु) शामिल हैं। सिगरेट की तरह, हुक्का के धुएं से सिलिअरी क्षति हो सकती है, स्राव की चिपचिपाहट बढ़ सकती है, म्यूको-सिलिअरी क्लीयरेंस कम हो सकता है। इस प्रकार पेरीऑपरेटिव जटिलताओं का खतरा बढ़ सकता है। हुक्का श्वसन को भी बाधित करता है, वायुमार्ग की प्रतिक्रियाशीलता को बढ़ाता है और पेरिऑपरेटिव ब्रोंकोस्पजम या लैरींगोस्पजम को जन्म दे सकता है। उच्च कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन का स्तर मायोकार्डियल इस्किमिया या अतालता के पेरिऑपरेटिव जोखिम को बढ़ाता है। हुक्का बार में पाई जाने वाली हवा की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण स्तर के पार्टिकुलेट मैटर के साथ खतरनाक होती है, जो क्रोनिक ब्रोंकाइटिस या अस्थमा के खतरे को बढ़ा सकती है। अतिरिक्त प्रतिकूल प्रभावों में स्थायी धूम्रपान करने वालों या दोहरे दुरुपयोग (शराब और हुक्का) बनने की संभावना शामिल है। चूंकि हुक्का/नार्घिल का सेवन इसके साथ और इसके बिना भी किया जाता है, उपयोगकताओं द्वारा निकोटीन को एक आम कटोरे, पाइप और मुंह के टुकड़े वाली नली के माध्यम से शामिल किया जाता है।

इन सभी के मद्देनजर रेस्टोरेंट और क्लबों में फेवर्ड हुक्का पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# दो बच्चों की मां सुमन पैरा एशियन गेम्स में दिखाएगी दमखम, बोली- देश के लिए लाऊंगी गोल्ड मेडल

पानीपत.हरियाणा के खिलाड़ियों ने हर बार की तरह हाल ही में चीन में हुए एशियन गेम्स में जीत का परचम लहराते हुए देश को अनेकों पदक दिलाए. अब बारी है पैरा एशियन गेम्स में अपना जौहर दिखाने की.इसमें में हरियाणा के खिलाड़ियों से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है.पानीपत के गांव सिवाह की बहू सुमन का पैरा एशियाई गेम में चयन हो गया है.अब 17अक्टूबर को वह चाइना जाएंगी और वहां अपना दमखम दिखाएंगी.सुमन का वेटलिफ्टिंग में चयन हुआ है. सुमन का पैरा एशियाई गेम में चयन होने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है और घर बधाई देने आने वालों का तांता लगा हुआ है.परिवार को सुमन से पूरी उम्मीद है कि वो देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर ही वापिस लौटेंगी.सुमन हरियाणा से पैरा एशियाई गेम में भाग लेने वाली अकेली महिला खिलाड़ी हैं.

## 2021 में शुरू की वेटलिफ्टिंग

सुमन ने 2021 में ही वेट लिफ्टिंग की तैयारी करनी शुरू कर दी थी. लेकिन उनकी मेहनत और लगन की वजह से वे बहुत कम समय में इस मुकाम पर पहुंच गई. अब 17 अक्टूबर को वे चाइना में जाएंगी और पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी.

## पति का साथ मिलने से मिला हौसला

सुमन शुरूआत में का वालीबॉल खेलती थी. करीब तीन साल तक उन्होंने वालीबॉल का गेम खेल और गोल्ड मेडल भी जीता. एक दिन जब प्रदीप अपनी पत्नी के साथ वालीबॉल कॉम्पिटिशन में गए जब उन्होंने अपनी पत्नी से वेट उठवाकर देखा तो पहली बार में ही उनकी पत्नी ने काफी सारा वेट उठा लिया.तभी प्रदीप को एहसास हुआ कि उनकी पत्नी वेट लिफ्टिंग में नए आयाम स्थापित कर सकती हैं और बहुत आगे तक बढ़ सकती हैं.उसी के बाद पति प्रदीप ने अपनी पत्नी सुमन की गांव की ही जिम में तैयारी करवानी शुरू कर दी और उनकी पत्नी ने अपनी मेहनत के बल पर कई मेडल जीते और अब उनका एशियाई पर गेम में सिलेक्शन हो चुका है.

## दो बच्चों की मां है सुमन

आपको बता दे की सुमन गृहणी हैं और दो बच्चों की माँ हैं.सुमन शुरूआत में अपना सिलाई सेंटर भी चलती थी और दूसरी बच्चियों को भी सिलाई की ट्रेनिंग देती थी. साथ-साथ उन्होंने अपना खेलों में करियर चुना और अब अपनी मेहनत के बल पर इंटरनेशनल लेवल तक पहुंच गई हैं.

# राहुल गाँधी ट्रक ड्राईवरों के साथ मिलकर खाता है खैनी- रामबिलास शर्मा

**ईश्वर भारद्वाज संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

हिसार, अक्टूबरः हरियाणा के हिसार में पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर एक विवादित टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि ये कभी ट्रक ड्राइवरों के साथ अफीम खाने लगता



है। कभी पेचकस लेकर कुछ करने लगता है। जब मीडिया कर्मियों ने पूछा कि आपके कहने का क्या मतलब, ट्रक ड्राइवर अफीम खाते हैं? पूर्व मंत्री तुरंत अपनी बात से पलट गए। उन्होंने कहा कि मैंने यह कब कहा। मैंने तो कहा था कि राहुल गांधी ट्रक ड्राइवरों के साथ मिलकर खैनी खाता है।

## राहुल कभी ट्रक ड्राइवर तो कभी कुली बन जाते हैं

पूर्व मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकताओं से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी में मायके पक्ष के इटालियन गुण अधिक है। जनता की सहानुभूति बटोरने का प्रयास करते हैं। कई बार संसद में मजाक का पात्र बन चुके हैं।

## पत्रकार पर भड़के पूर्व मंत्री बोले आप जुम्मे की नमाज तो में शामिल नहीं थे?

रामबिलास शर्मा ने काफी देर तक इस्त्रायल को लेकर वहां की हिंसा को गलत बताया। मीडिया कर्मी ने पूर्व मंत्री से पूछा कि आप इस्त्रायल की बात कर रहे हैं लेकिन मणिपुर पर क्यों नहीं बोल रहे। इस पर रामबिलास शर्मा बोले मणिपुर संवेदनशील मामला है। इस्त्रायल को लेकर आप नाराज हैं क्या? आपको बड़ी पीड़ा हो रही है? आप कल जुम्मे की नमाज में तो शामिल नहीं थे?

# 11 देशों के फूलों से सजा कुरुक्षेत्र का यह शक्तिपीठ, मां भद्रकाली के दर्शन को जुटे भक्त

कुरुक्षेत्रः हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महोत्सव की करीब सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. नवरात्र को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है. नवरात्रि के पहले दिन मंदिर में




मां भद्रकाली को भव्य विशाल चांदी रजत दरबार अर्पण किया गया है. इस बार नवरात्रि कार्यक्रम ह्लशक्ति महोत्सवह्व के नाम से शुरू हुआ है जो 15 से 28 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है. पंडित सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार नवरात्रि कार्यक्रम में नवरात्रि के पहले दिन मां भद्रकाली को भव्य विशाल चांदी रजत दरबार अर्पण किया गया है.

**वैष्णो देवी की तर्ज पर मिलेगा भक्तों को खजाना**

मां भद्रकाली के नवरात्रि महोत्सव में शनिवार 21 अक्टूबर सप्तमी को मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ धर्मकक्ष लोकार्पण किया जाएगा और इस दिन मां के सभी भक्तों को प्रसाद में मां का विशेष खजाना मिलेगा. 22 अक्टूबर र-विवार को श्री दुर्गाष्टमी जागरण होगा. हर दिन नवरात्रि व्रत भंडारा और अन्नपूर्णा भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा.

# प्रदेश के सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूलों के 7400 क्लॉसरूम में से 4035 बनाए जा चुके हैं स्मार्ट क्लासरूम

## जिस क्षेत्र में है बालक की रुचि उसको निखारने में की जाए मदद ताकि उनका हो सर्वांगीण विकास- मनोहर लाल खट्टर

**विनोद कश्यप दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़, 15अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बताया कि राज्य के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के 7400 क्लासरूम में से 4035 स्मार्ट क्लासरूम बन चुके हैं , बकाया क्लासरूम्स को इस वर्ष स्मार्ट क्लासरूम में बदला जाएगा। वे आज "विशेष चर्चा" कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ से ऑनलाइन माध्यम से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हर विद्यार्थी की सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए इन विद्यालयों में शिक्षण के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन विद्यालयों की दीवारों को ऐसे सजाया गया है, जिससे दीवारों पर शिक्षण सामग्री पेन्ट करवाकर शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ है। इससे विद्यार्थी देखकर, पढ़कर तथा पेन्सिल के माध्यम से सीख सकते हैं। पूरे भवन को ही सहायक सामग्री में बदल दिया गया है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत हम प्रदेश में ऐसे शिक्षण संस्थान तैयार कर रहे हैं, जिनमें नन्हे बच्चे की केजी कक्षा से युवा विद्यार्थी की पीजी कक्षा तक की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस प्रकार एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण शिक्षा मिलेगी। प्रदेश में चार विश्वविद्यालयों भगत फूल सिंह कन्या विश्व विद्यालय, खानपुर कलां, कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय, कुरुक्षेत्र, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय, हिसार और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में केजी से पीजी स्कीम के तहत दाखिले किये गए हैं।

### मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय खोलने की प्रक्रियो 2017 में की थी शुरू

मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चा जिस क्षेत्र में निपुण है, उसी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। आगे चलकर बच्चा क्या बने, इसका निर्णय उसे स्वयं लेने दे। उसका कैरियर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। बच्चों की पसंद व अभिरुचियों को निखारने में मदद करें। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए थ्री-एस यानी कि स्टडी, स्पोर्ट्स व स्कीन के समय में संतुलन बनायें। इसके साथ ही वह खेल के लिए भी समय निकाले ,मोबाइल फोन व



इंटरनेट के आने से बच्चे पर जरूरत से ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं , उनकी इस आदत पर अंकुश लगाएं। उन्होंने बच्चों के माँ -बाप को महाराज शिवाजी जैसे महापुरुषों की प्रेरणादायक कहानी सुनाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस अवसर पर कहा कि हमने गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही उच्चकोटि की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय खोलने की प्रक्रियो 2017 में शुरू की थी। उस समय राज्य के 119 खण्डों में से हर एक खण्ड में एक राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय (बैग फ्री स्कूल) खोला गया था। शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन विद्यालयों की सफलता को देखते हुए स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों, पंचायतों. शिक्षाविदों व जनप्रतिनिधियों द्वारा और मॉडल संस्कृति विद्यालय खोलने की मांग उठने लगी। हमने उनकी मांग पर इन विद्यालयों का विस्तार किया और आज इनकी संख्या बढ़करे 1,419 हो गई है। इन विद्यालयों में 3 लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यह इस बात को साबित करता है कि ये विद्यालय इस समय प्राइवेट विद्यालयों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### मॉडल संस्कृति स्कूलों में शिक्षा है निःशुल्क

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों की वार्षिक आये 1 लाखे 80 हजार रुपये तक है, उनके लिए मॉडल संस्कृति स्कूलों में शिक्षा निःशुल्क है। इन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे 65 प्रतिशत विद्यार्थी गरीब परिवारों के हैं। हमने ऐसे परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भी शिक्षा दिलवाने के लिए चिराग-योजना चलाई है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों का दाखिला कक्षो 2 से 12वीं तक करवाया जाता है। इन बच्चों की फीस सरकार भरती है।

इसके तहत अब तके 2,474 बच्चों का मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में दाखिला करवाया गया है। इन विद्यालयों में पहली से दूसरी कक्षा के बच्चों पर पढ़ाई के दबाव को कम करने के लिए उन्हें कोई होम वर्क नहीं दिया जाता। इन विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी व हिन्दी दोनों ही रखा गया है। जो बच्चे अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए हर कक्षा में कम से कम एक सेक्शन का माध्यम अंग्रेजी है। बच्चों की शिक्षा की बुनियाद प्राथमिक स्तर पर मजबूत की जा सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस पर बल दिया गया है । मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कथन है कि ह्यविद्यालयों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ संस्कार युक्त नैतिक शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का मुख्य आधार है। उनकी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने राज्य में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों की स्थापना की है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे प्रण लें कि वे अपने बच्चों को भरपूर प्यार, देखभाल और वर्तमान समय की जरूरत के अनुसार शिक्षा दिलवाएंगे। इसके लिए सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाले , मौलिक शिक्षा विभाग के निदेशक श्री आरएस ढिल्लों भी उपस्थित थे।

# बरवाला वासियों की पुरानी माँग पूरी करेंगे और सीवरेज व्यवस्था में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर- मनोहर लाल खट्टर

# जलभराव की समस्या से मिलेगा छुटकारा और पानी की होगी समुचित निकासी- मनोहर लाल

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और सामुदायिक केंद्र होगा राजपाल राणा के नाम से विख्यात

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण**

चण्डीगढ़,15अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव बरवाला निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए गांव में जल्द ही सीवरेज की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इससे गांव में जलभराव की समस्या का निदान होगा और पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित होगी। इसके अलावा मनोहर लाल ने सामुदायिक केंद्र बरवाला का नाम शहीद राजपाल राणा के नाम से करने की भी घोषणा की। मनोहर लाल आज सामुदायिक केंद्र बरवाला में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता और नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल भी उपस्थित थे। इससे पूर्व उन्होंने बरवाला में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

मुख्यमंत्री ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए कहा कि 26 अक्तूबर को वर्तमान राज्य सरकार के 9 वर्ष पूरे होने जा रहे है और इस दौरान तहसील, ब्लॉक और जिला स्तर पर भरपूर विकास कार्य हुए है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में सड़को के निर्माण के लिए 25-25 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है और सड़को का निर्माण कार्य भी आरंभ हो चुका है। इसके अलावा इस बार हुई भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल और सड़को के सर्वे का कार्य भी पूरा हो चुका है और इनकी मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में आबादी के सही आंकड़े ना होने की वजह से एक अनुमान के अनुसार ही कार्य करवाए जाते थे परंतु हमने परिवार पहचान पत्र के नाम से एक नई व्यवस्था शुरू की, जिसके माध्यम से किसी भी गांव व शहर की सही आबादी का पता चल जाता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 30 सितंबर तक गांव बरवाला की आबादी 11` हजार 308 थी। उन्होंने कहा कि पीपीपी के माध्यम से ही लोगों के जन्मदिन की भी जानकारी रखी जाती है और इस दिन को यादगार बनाने के लिए एसएमएस के माध्यम से शुभकामना संदेश भी भेजे जाते है। उन्होंने बताया कि आज 15 अक्टूबर को बरवाला के 33 लोगों का जन्मदिन है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उन्हें शुभकामनाए दी और इनमें से उपस्थित कुछ लोगों को उपहार भी भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बुजर्गों को वृद्धा सम्मान पेशन के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे परंतु अब लाभार्थी को किसी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं बल्कि 60 वर्ष पूरा होते ही उसकी पेंशन स्वतः ही बन जाती है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित ऐसे लोग जो 60 वर्ष के हो चुके है और जिनकी पेंशन नहीं बनी है वह मौके पर ही संबंधित विभाग द्वारा लगाए स्टॉल पर जाकर अपनी पेंशन बनवा सकते है।

इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित संबंधित अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों की पेंशन बनाई गई । मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से नरेंद्र पाल, मंजू बाला वर्मा, अनिल कुमार, रजनी देवी, मोहिंद्र और जसवंत कौर को पेंशन सर्टीफिकेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के साथ साथ विधुर और अविवाहित व्यक्ति के लिए वित्तीय सहायता योजना भी शुरू की है। मनोहर लाल ने कहा कि गरीब लोगों को अपना या अपने परिवार के किसी भी सदस्य का अस्पताल में इलाज करवाने के लिए पैसा ना खर्च करना पड़े इसके लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी व निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपये वार्षिक तक की निशुल्क इलाज सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा बरवाला में 3 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बने है और 74 लोग इस सुविधा का लाभ उठा चुके है, जिनके इलाज पर 16 लाख रुपये खर्च हुए है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए चिरायु विस्तार योजना लागू की गई हैं, जिसके तहत 1 लाख 80 हजार से लेकर 3 लाख रुपये सालाना आय वाले परिवार मात्र 1500 रुपये जमा करवाकर 5 लाख रुपये तक का बीमा करवा सकते है। इस योजना से 8 लाख अतिरिक्त परिवारों को लाभ होगा। मनोहर लाल ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में नौकरियों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था और खर्ची और पर्ची के आधार पर नौकरियां दी जाती थी परंतु वर्तमान राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी तरीके से मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरियां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के अब तक के कार्यकाल में पंचकूला जिला में 606 युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के सरकारी नौकरी मिली है, जिसमें से 62 लोग बरवाला के है। उन्होंने बताया कि 1 लाख 80 हजार सालाना से कम आय वाले गरीब परिवारों को स्वरोजगार स्थापित कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले लगाए गए। जिला में इन मेलो में प्राप्त आवेदनों में से 24 लोगों के ऋण स्वीकृत हुए है और अधिकतम को ऋण राशि भी जारी कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बरसात के कारण जिला के जिन लोगों की संपत्ति को नुकसान हुआ है और जिन्होंने पोर्टल पर नुकसान का ब्यौरा अपलोड किया है, उसके लिए राज्य सरकार द्वारा 4.50 करोड रुपये की मुआवजा राशि जारी कर दी गई हैं। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने पोर्टल पर समयावधि में ब्यौरा देने की कोशिश नहीं की उन्हें फिर मौका देने में सरकार पीछे नहीं रही।

